राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, रविवार, 28 अप्रैल 2024

वर्ष 05, अंक 208, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

धनंजय सिंह की जमानत मंजूर। लेकिन नही लड़ पाएंगे लोक सभा का चुनाव...08

भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक....12

सूरत चुनाव- किसी को वोट देने के लिए उसका वोट मांगना भी ज़रूर- पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक

● पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने पर कहा कि एक ऐसी प्रणाली जिसमें प्रतिनिधियों को मतदाताओं के बिना चुन लिया जाता है, पर पुनर्विचार की ज़रूरत है

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- भारत का चुनाव आयोग इन दिनों सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति अपने कथित 'पक्षपातपूर्ण' रवैये को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना कर रहा है. ऐसे में पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने अब गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने पर अपनी राय दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा है कि एक ऐसी प्रणाली जिसमें प्रतिनिधियों को मतदाताओं के बिना चुन लिया जाता है, उस पर पुनर्विचार की ज़रूरत है।

द हिंदू में प्रकाशित एक लेख में अशोक लवासा ने सूरत की लोकसभा सीट का उल्लेख किया है, जहां बीते दिनों बिना मतदान के ही भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया।

मालूम हो कि अशोक लवासा पिछले 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के भाषणों को लेकर क्लीन चिट दिये जाने पर सहमत नहीं थे.

हालिया लेख में लवासा ने सवाल किया है, 'क्या भारत का चुनाव आयोग निर्वाचन क्षेत्र को किसी व्यक्ति को फिर से चुनने के लिए बाध्य कर सकता है जैसा कि तब होता है, जब सरकारी खरीद में कोई बोली ही प्राप्त नहीं होती?' ज्ञात हो कि सूरत संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार को निर्विरोध चुना गया है, यहां कुछ उम्मीदवारों का नामांकन खारिज हो गया था और कुछ ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।

मौजूदा व्यवस्था को लेकर आए कानूनों की गहराई से चर्चा करते हुए लवासा ने जोड़ा कि अब एक व्यक्ति जिसके पास 'एक भी वोट नहीं है, वह पूरे निर्वाचन क्षेत्र की ओर से कानून बनाने के लिए संसद में बैठेगा.' लवासा का कहना है कि वर्तमान चुनावी प्रक्रिया दो भागों में बंटी हुई है और यह पहले से मान लिया गया है कि मतदाता एक ही विकल्प चुनेंगे, भले ही उनके कई और विकल्प मौजूद हों. उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे तो किसी स्थिति में, 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सभी उम्मीदवार (भले ही वे विभिन्न राजनीतिक दलों या निर्दलीयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10,000 हों) सिस्टम के साथ खिलवाड़ कर सकते हैं और प्रक्रिया का अनुपालन करके एक अरब मतदाताओं को उनके वैधानिक अधिकार से वंचित कर सकते हैं लेकिन ये सब लोकतंत्र की भावना को गंभीर रूप से ठेस पहुंचा सकता है.'

लवासा का कहना है कि जब कोई मुकाबला नहीं होता तो मतदाता को ही परेशानी होती है. उनका कहना है कि किसी को आपका वोट पाने के लिए आपसे वोट मांगना होगा. वो कहते है कि सिर्फ प्रक्रिया के लाभ के लिए सिस्टम ऐसी स्थिति में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का पक्ष नहीं ले सकता।

उन्होंने आगे कहा कि लोगों की इच्छा को सिस्टम के फायदे से बदल दिया जाता है. ये पूछते हुए कि उन लोगों का प्रतिनिधित्व कौन करेगा जिन्होंने प्रक्रिया में भाग नहीं लिया, उन्होंने जोड़ा कि यह काफी विरोधाभासी है क्योंकि लोकतंत्र को 'लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए सरकार' के रूप में परिभाषित किया गया है।

लवासा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, नोटा विकल्प और फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली की खूबियों के पक्ष और विपक्ष में तर्क देते हुए कहते हैं कि वॉकओवर की प्रणाली आदर्श नहीं होनी चाहिए और इस पर व्यापक बहस की आवश्यकता है।

कि चुनावों से पहले लेवल प्लेइंग फील्ड (सबको बराबरी का मौक़ा) के उल्लंघन के आरोपों की जांच करने का अख़्तियार चुनाव आयोग को है।

साथ ही लवासा का मानना है कि चुनावों के दौरान जांच एजेंसियों को मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट के दायरे में लाना चाहिए या नहीं, ये एक बड़ा सवाल है. उनके मुताबिक़ बड़ा सवाल ये भी है कि क्या ऐसा करने से चुनाव आयोग अपने मुख्य काम- जो कि कुशल, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाना है, उससे भटक जाएगा?

लोकसभा चुनाव कुछ ही दिन दूर हैं और जहाँ राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने में लगे हैं. वहीं सब निगाहें इलेक्शन कमीशन या चुनाव आयोग पर भी टिकी हैं क्योंकि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने का सारा दारोमदार चुनाव आयोग पर ही है.

इसी बीच पिछले कुछ हफ़्तों में राजनीतिक सरगर्मी तब बढ़ गई, जब पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ़्तार कर लिया।

सुप्रीमकोर्ट में केजरीवाल ने जवाब फाइल किया, ED के आरोपों पर क्या कहा?

● दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में 53 पन्नों का जवाब दाखिल किया है. दाखिल किए गए इस जवाब में उन्होंने ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है और ईडी के दाखिल हलफनामे में लगाए गए सभी आरोपों का विस्तार में जवाब दिया है. उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पार्टी ने खुद सबूत बना कर पेश किया है.

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के लगाए गए आरोपों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब फाइल किया है. इस मामले को लेकर अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं. अरविंद केजरीवाल के अलावा इस मामले में आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हैं.

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर ईडी ने दिल्ली शराब नीति मामले में हुई गड़बड़ी का मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है. केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में 53 पन्नों के अपने जवाब पेश किया है. पेश किए गए इस जवाब में केजरीवाल ईडी के दाखिल किए हलफनामे में लगाए गए सभी आरोपों का जवाब दिया गया है. केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा है कि ईडी ने जो गिरफ्तारी की है वो चार गवाहों के बयान के आधार पर की गई है।

चारों गवाहों के हैं बीजेपी से संबंध

केजरीवाल ने चारों गवाहों के बारे में बात करते हुए कहा कि इन चारों गवाहों का संबंध बीजेपी से है. इन गवाहों का नाम लेते हुए कहा कि मागुंता श्रीनिवास रेड्डी बीजेपी समर्थित लोकसभा प्रत्याशी हैं, दूसरे गवाह सरथ रेड्डी ने बीजेपी को तथाकथित शराब घोटाले में 60 करोड़ का चंदा दिया था, तीसरे गवाह बीजेपी गोवा के एक सीनियर नेता एवं प्रमोद सावंत के करीबी सत्य विजय और चौथा बयान गोवा सीएम की करीबी और सीएम की कैंपेन मैनेजर का था. केजरीवाल ने कहा है कि ईडी को हवाला एजेंट के पास से एक डायरी मिली है, जिसमें गुजराती भाषा में लिखा गया है, आगे उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि पहले बीजेपी ने अपने हिसाब से सबूत बनाए और फिर बाद में उसी को पेश कर दिया है.

ईडी की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल

गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय के हलफनामे पर जेल में बंद अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में जवाब पेश करते हुए ईडी के सभी आरोपों से इनकार किया है. इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पंकज बंसल मामले में 2023 में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है. ईडी के हलफनामे में लगाए गए आरोप का जवाब में कहा गया है कि ईडी ने जो सबूत पेश किया है, उस में ऐसा साबित नहीं होता है कि केजरीवाल कि किसी भी तरह से इस मामले में भूमिका है।ईडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जवाब में कहा गया कि पंकज बंसल मामले के फैसले में अदालत ने ईडी को गैर-नकारात्मक, निष्पक्ष, पारदर्शी, ईमानदारी के मापदंडों के आधार पर काम करना ताकीद किया था. गिरफ्तारी को लेकर ईडी की कार्रवाई को जवाब में अपारदर्शी और तानाशाही रवैया होने का दावा किया गया है. ईडी की ओर से केजरीवाल पर लगाए गए असहयोग के आरोप के जवाब में कहा गया है कि महज असहयोग के आधार पर गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है, जबकि हर एक समन का जवाब दिया गया था।

संक्षिप्त ख़बरें

नाबालिग से छेड़छाड़ का वांछित आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना बडगांव पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल 2024 को वादी ने थाने पर एक लिखित तहरीर बंटी उर्फ भानूप्रताप पुत्र रामधन उर्फ शत्रुधन निवासी ग्राम व थाना बडगांव द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वाद दर्ज कराया था जिसका लेकर थाना बडगांव पुलिस ने एसएसपी के निर्देशन में अभियुक्त की गिरफ्तार हेतु चलाये गये अभियान के अंतर्गत अभियुक्त बंटी को रामपुर तिराहे से आगे दल्हेड़ी रोड से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में अतिरिक्त निरीक्षक मीरपाल तेवतिया व मुख्य आरक्षी आबिद शामिल रहे।

पोक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। सहारनपुर के एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा आज पोक्सो अधिनियम के वांछित अभियुक्त बादल पुत्र बिल्लू निवासी ग्राम बडगाँव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर को छुटमलपुर कट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

सफाई कर्मचारी की लापरवाही के चलते विद्यालय में फैली गन्दगी

● जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय बना कूड़ा घर

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत बेहमा में स्थित प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय बेहमा के परिसर में काफी समय से गन्दगी फैली हुई है। कमरों के आस पास कूड़े के बड़े बड़े ढेर भी लगे हुए है और वहीं विद्यालय परिसर में कूड़ा इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ है जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को समस्या हो रही है और क्योंकि उक्त विद्यालय में छोटे छोटे बच्चें भी पढ़ने आते है। विद्यालय में बिखरे हुए कूड़े में से जहरीले जंतु भी निकलने की आशंका बनी रहती है जिससे वहां के बच्चें परिसर में फैली गन्दगी से सफाई कर्मचारी के प्रति नाराज दिखे और वहीं परिसर में फैली गन्दगी को लेकर प्रधानाध्यपिका स्नेह लता समेत विद्यालय स्टॉप से वहां पर फैली गंदगी के बारे में बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि सफाई कर्मचारी से विद्यालय परिसर की साफ सफाई करने के लिए कई बार मौखिक में कहा गया है मगर सफाई कर्मचारी के द्वारा परिसर में साफ सफाई करने के प्रति बिल्कुल भी ध्यान ही नही दिया जा रहा है। जिससे विद्यालय परिवार को परिसर में इधर उधर फैली गन्दगी से समस्या हो रही है। और वहीं प्राप्त जानकारी के मुताबिक जब दिनांक 26 अप्रैल 2024 को बेहमा ग्राम पंचायत में साफ सफाई करने के लिए रोस्टर के माध्यम से लगभग 8 सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। फिर भी विद्यालय परिसर में क्यों गंदगी फैली रह गई। कहीं न कहीं सफाई कर्मचारी की लापरवाही साफ साफ उजागर हो रही है। यदि ग्राम पंचायत बेहमा में नियुक्ति सफाई कर्मचारी के द्वारा रोस्टर के माध्यम से ही साफ सफाई करा दी गई होती तो विद्यालय में आज गन्दगी न फैली हुई होती। छात्र छात्राओं समेत विद्यालय स्टॉप ने मीडिया के माध्यम से विद्यालय परिसर की साफ सफाई कराएं जाने की मांग सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से कर रहें है।

खबर का असर, तालाब का अवैध निर्माण ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर सीएम योगी अफसरों की हर बैठक में भूमाफियाओं के खिलाफ न सिर्फ नकेल कसने की नसीहत देते हैं, बल्कि उनके खिलाफ कड़े क़दम उठाए जाएं ऐसे निर्देश भी देते हैं। योगी के इन आदेशों का धरातल पर अधिकारी कितना पालन करते हैं। इसकी बेमिसाल नज़ीर शनिवार को महमूदाबाद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र दुबे के 'एक्टिव मोड' में आने से दिखी, इन्होंने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने का काम करके एक मिसाल कायम की । दरअसल हाल ही में नगर के वार्ड सरावगी टोला स्थित सरकारी महिला अस्पताल के पीछे तालाब की भूमि पर ठेकेदार शिवम सिंह के द्वारा कथित तौर पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। निर्माण इतनी तेजी से किया जा रहा था, कि समय रहते अगर शिकायतों का दौर जारी न होता तो निर्माण पूरा हो जाता। %स्वतंत्र प्रभात% अखबार ने तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। एक समाजसेवी की शिकायत पर एसडीएम शिखा शुक्ला ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश अधिशाषी अधिकारी को दिए थे। उस वक्त ईओ का कहना था कि अवैध निर्माण ढहाया जाएगा। हलांकि उस दौरान सीएचएस अधीक्षक पर सपा के एक नेता ने भी निर्माण में मिलीभगत जैसे गंभीर आरोप जड़ते हुए शिकायत आला अफसरों से की थी। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर ईओ शैलेंद्र दुबे ने तालाब की भूमि पर अवैध नवनिर्मित भवन को ढहाये जाने की बात को अमली जामा पहनाते हुए पालिका कर्मियों को आदेशित किया। जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन दो बुलडोजरों के साथ मौके पर पहुंचा और नवनिर्मित अवैध निर्माण को जमींदोज किया। ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि तालाब की भूमि पर बने नवनिर्मित भवन को जमींदोज करने की कार्रवाई की गई है। नगर पालिका प्रशासन अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की मुहिम को जारी रखेगा।

विकास विभाग में भ्रष्टाचार

● 48 लाख 19 हजार 70 रुपये की वित्तीय अनियामिता का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में विकास कार्यों के नाम पर 48 लाख रुपये गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। जिला ग्राम्य विकास संस्थान बस्ती के जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. विजय प्रताप यादव ने बताया कि 2014 से लेकर 2018 तक प्रशिक्षण के मद के लिए आए 48 लाख 19 हजार 70 रुपये की वित्तीय अनियामिता की शिकायत शासन में की गई थी। इसके लिए शासन से बकाएदे उपनिदेशक डीआरडीआई गोरखपुर की अध्यक्षता में जिला प्रशिक्षण अधिकारी प्रयागराज व दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के लेखाधिकारी की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। टीम की जांच में वित्तीय अनियमिता पाए जाने की रिपोर्ट शासन प्रेषित की गई थी। अब शासन के आदेश पर 48.19 लाख के गबन का केस कोतवाली में दर्ज करा दिया गया है। मामले की पुलिस की ओर से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। लेकिन सवाल यह उठता है की जांच के नाम पर खानापूर्ति होती है कभी भी कोई विभाग विकास विभाग में जांच पूरी नहीं हुई जांच के नाम पर वसूली हो जाती है और जांच को ठंडा बस्ती में डाल दिया जाता है।

बीडीओ व बीएलओ ने चुनाव बहिष्कार का ग्रामीणों से हटवाया पोस्टर बैनर

● बीकेटी क्षेत्र मे ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का लगाया था बैनर पोस्टर

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ- बक्शी का तालाब की ग्राम पंचायत कठवारा मजरा मल्लहन खेड़ा में गांव के बाहर और ग्राम वासियों ने अपने दरवाजे पर चुनाव बहिष्कार का पोस्टर नो वोटिंग का जो की 2 महीने से ग्राम वासियों ने लगाया था वहां की बी.एल. ओ सुधा सिंह ने ग्राम वासियों से चुनाव बहिष्कार कर रहे लोगों से बात की तो पता चला ग्राम वासियों विधानसभा चुनाव में भी चुनाव बहिष्कार का पहले भी पोस्टर बैनर लगाकर विरोध जाता चुके हैं तब बीजेपी के विधायक प्रत्याशी योगेश शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर ग्राम वासियों से बात की थी और उनकी मूलभूत समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया था परंतु लोकसभा चुनाव के 10 साल पूरे हो गए आज तक इस गांव में कोई विकास कार्य नहीं किया गया जिस पर नाराज ग्रामीणों ने यह कदम उठाया ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव में ना तो बारात घर है और ना ही शवदाहगृह गरीब ग्रामीण आज भी झोपड़पट्टी में रहने को मजबूर हैं प्रधानमंत्री आवास से अछूतें हैं बरसात के सीजन में गांव में जल भराव की समस्या हो जाती है इन सभी समस्याओं को और जरूरत को पूरा करने का आश्वासन पहले भी प्रशासन और राजनीतिक नेताओं ने दिया था जिस पर आज तक कोई ना निर्णय लिया गया ना ही हमारी कार्यों को पूरा किया गया बी एल ओ, सुधा सिंह ने प्रशासन को ग्राम वासियों के चल रहे इस विषय की जानकारी दी और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया वही मौके पर पहुंची खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे नायब तहसीलदार आकाश पांडे बी एल ओ, सुधा सिंह व प्राथमिक विद्यालय मल्लहन खेड़ा अध्यापिका मोहिनी आभा ने ग्राम वासियों की सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्राम वासियों ने वोट डालने का निर्णय लिया व गांव में लगे पोस्टर और बैनर को हटाने का काम किया बी एल ओ सुधा सिंह ने स्कूली बच्चों के साथ ग्राम वासियों को वोट डालने का शपथ दिलवाया और लोगों को अपने मत को अपने मनचाहे प्रत्याशी को देने को लेकर बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्राम वासियों को जागरूक किया।

संक्षिप्त ख़बरें

आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय आदि के संबंध में कलेक्टेऊट सभागार में होटल मलको के साथ बैठक सम्पन्न

बस्ती लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समस्त होटल, धर्मशाला, मैरिज लान, रेस्टोरेण्ट आदि के मालिको/प्रबन्धको के साथ आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय आदि के संबंध में कलेक्टेऊट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का राजनैतिक गतिविधि आयोजित होती है, तो इसकी सूचना कलेक्टेऊट स्थित कंट्रोल रूम को अवश्य सूचित करें। कंट्रोल रूम का फोन नम्बर-9452456735 है। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की बुकिंग का साक्ष्य अपने पास अवश्य रखें तथा बिना आईडी कार्ड के किसी भी परियोजन हेतु बुकिंग ना किया जाय। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार तथा होटल, धर्मशाला, मैरिज लान, रेस्टोरेण्ट के मालिकगण उपस्थित रहें।

हरैया पुलिस की उदासीनता के चलते लोग हो रहे हैं चोरी के शिकार

बस्ती।बस्ती जनपद मे हरैया पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम हो साबित हो रही है।पीड़ित पत्रकार अवनीश मिश्र ने बताया की मैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया मे 19 अप्रैल 2024 को अपने पत्नी को लेकर अस्पताल में एडमिट था की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे फोन को और कुछ पैसे को चुरा लिया गया जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दिया। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि 112 पर सूचना दिए एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित पत्रकार ने बहुत पता किया लेकिन पता नहीं चला तब जाकर पुलिस अधीक्षक और सर्विलांस सेल से न्याय के लिए गुहार लगाया लेकिन अभी तक कोई नया नहीं मिल पाया। पत्रकार ने बताया की क्षेत्र में नशेड़ियों का आतंक है जिससे इस प्रकार की घटनाएं होती हैं।

बिजली के जर्जर तार दे रहे हादसे को दावत, ग्रामीणों ने की तार बदलवाने की माँग

अंबेडकरनगर। महरुआ निषाद बस्ती के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा महरुआ पावर हाउस पर पहुंचकर जेई को प्रार्थना पत्र देते माँग किया है कि निषाद बस्ती में लगभग दर्जनों लोगों द्वारा चलाऐ जा रहे बिजली कनेक्शन काफी पुराना है। बिजली का केबल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है जो कभी भी बड़े हादसे को दावत दे सकता है। पहले भी कई बार हादसा होते-होते बचाया गया है अगर समय रहते नया केबल नही बदला गया तो कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। जेई द्वारा जल्द ही नई केवल बदलवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि लगभग एक हफ्ते से केवल पूरी तरह जल जाने के कारण लाइट नहीं आ रही है और ग्रामीणों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने जनता से मुलाकात की व उनको संबोधित करते हुए बसपा के पक्ष में वोट डालने की अपील

लखीमपुर खीरी।श्रीनगर विधानसभा के रानीगंज गांव में जनसंपर्क कर बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने जनता से मुलाकात की व उनको संबोधित करते हुए बसपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। अंशय कालरा ने बताया कि महा नेता कु. मायावती जी ने मान्यवर कांसीराम जी के विचारों और विचारधारा को आगे बढ़ाया है, जिससे दलित समाज का उत्थान हुआ है। बसपा की विचारधारा बाबासाहब अंबेडकर के विचारों पर आधारित है, जो समाज में समानता और न्याय के प्रति प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में महंगाई और बेरोजगारी की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि भाजपा सरकार धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांट रही है। इस संघर्ष में, बसपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो दलितों, पिछड़ों, और अन्य समाज के वर्गों को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। अंशय कालरा ने जनता से अपील की है कि वे अपने अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए अपना वोट बसपा के पक्ष में डालें और एक समृद्ध और सामाजिक न्यायमूलक समाज की दिशा में कदम बढ़ाएं।

आदर्श आचार संहिता, विज्ञापन, पेड न्यूज के संबंध में मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता, विज्ञापन, पेड न्यूज के संबंध में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें इस संबंध में आयोग के निर्देशों से प्रेस प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए उनसे सहयोग की अपील की गयी। इस अवसर पर एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने कहा कि जाति, धर्म या भाषा के मतभेदों को बढाने वाले समाचार प्रकाशित ना किये जाये। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि व्यक्तिगत आक्षेप की खबरें प्रकाशित करने से बचें। उन्होने कहा कि जाति या सम्प्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील प्रकाशित नही की जाये। निर्वाचन के दौरान पूजा के स्थलों को प्रचार हेतु प्रयोग नही किया जायेंगा।

उन्होने पेड न्यूज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी विश्लेष्णात्मक खबर जिसमें एक प्रत्याशी को अन्य प्रत्याशियों की तुलना में जीतता या बढत बनाने का समाचार प्रकाशित ना किये जाय। भारतीय प्रेस परिषद द्वारा पेड न्यूज को इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि कोई भी खबर या विश्लेषण जो नकद या अन्य किसी रूप में प्रतिफल के लिए प्रकाशित किया गया हों, उसे पेड न्यूज माना जायेंगा। इस परिभाषा को निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकार करते हुए समाचारों की निरीक्षा करने का निर्देश दिया गया है

उन्होने कहा कि इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोई भी विज्ञापन चैनल पर प्रसारित करने से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति ली जायेंगी। यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर, इंस्ट्राग्राम, बल्क मैसेज, वायस मैसेज एवं अन्य सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के संबंध में भी यह नियम लागू होंगा। उन्होने कहा कि मतदान के दिन मतदेय स्थल के भीतर फोटो लेना या वीडियों बनाने की अनुमति नही होंगी।

मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति ने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस के संबंध में लागू होने वाले निर्देश प्रिन्ट मीडिया पर भी लागू होंगे तथा इसके उल्लघंन पाये जाने पर आर्थिक दण्ड लगाया जायेंगा। उन्होने कहा कि मतदान के दिन तथा मतदान के एक दिन पूर्व अर्थात 25 एवं 24 मई के अंक में प्रकाशित किये जाने वाले विज्ञापन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति अनिवार्य है। विज्ञापन प्रकाशन हेतु प्रत्याशी की अनुमति पत्र लगाना अनिवार्य होंगा। अनुमति के लिए प्रकाशन से 48 घण्टे पूर्व आवेदन करना होंगा। उन्होने कहा कि अन्य दिनों में प्रकाशित विज्ञापन को डीएवीपी के दर से भुगतान प्रत्याशी के व्यय में जोड़ा जायेंगा। कार्यशाला का संचालन सहायक निदेशक, सूचना प्रभाकर तिवारी ने किया। इसमें उप जिला मजिस्टेऊट आर.के. चौधरी, अपर जिला सूचनाधिकारी हितेन्द्र कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सौरभ द्विवेदी एवं मीडिया बन्धुगण उपस्थित रहें।

एंबुलेंस फर्जीवाड़ा- अभी नहीं पूरी हो पाई जांच, साक्ष्य के आधार पर और गहराई तक जांच करेगी जांच टीम

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकरनगर। बीते दिनों सरकारी एम्बुलेंस में कूटरचित ढंग से फर्जी मरीज को अस्पताल पहुचाने का मामला सामने आया था। एंबुलेंस अस्पताल से गांव, गांव से अस्पताल आती थी लेकिन एम्बुलेंस से मरीज गायब रहता था। मात्र कागज में मरीज को अस्पताल पहुंचाने का काम किया जाता था।

कैसे होता है खेल

एम्बुलेंस कर्मी द्वारा अपने जानने वाले किसी भी व्यक्ति के मोबाइल से 108 या 102 पर फोन करवाकर अपने आप को किसी गांव का बताते हुए घर मे किसी के बीमार होने की जानकारी दी जाती थी। इसके बाद एम्बुलेंस अस्पताल से रवाना होकर उस गांव तक जाती थी और उसके बाद कुछ देर रुकने के बाद फिर वापस अस्पताल तक खाली लौट आती थी। यह खेल लंबे समय से चल रहा है। मीडिया के जमीनी पड़ताल में इस बड़े भ्रष्टाचार का उजागर हुआ। जिसमे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार के द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गई थी। वही जब शनिवार को मीडिया कर्मी जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी करने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी से किया तो उनके द्वारा बताया गया कि अभी जांच पूरी नहीं हो पाई है मीडिया कर्मी के द्वारा उनको कुछ एम्बुलेंस के फर्जी मामले से संबंधित और भी साक्ष्य उपलब्ध कराया गया। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की इसके आधार पर और गहराई तक अलग-अलग बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एंबुलेंस द्वारा फर्जी मरीज को अस्पताल पहुचाने के मामले में अगर सही ढंग से जांच हुई तो लंबा फर्जीवाड़ा निकलकर सामने आएगा। यह एक जनपद में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में इस तर्ज पर फर्जीवाडा किया जा रहा है। जिसकी आँच राजधानी तक जा सकती हैं। कई करोड़ो रुपये का फर्जीवाडा निकलकर सामने आएगा। प्रत्येक एंबुलेंस चालक को प्रतिदिन तीस से चालीस मरीज अस्पताल पहुंचाने का टारगेट दिया जाता है। उसको उन्हें किसी तरीके से पूरा करना ही रहता है फिर हाल या जांच कितने प्रभावी ढंग से हो पाएगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। क्योंकि जनपद में लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आते हैं उसमें जांच टीम गठित की जाती है और जांच होती रहती है। जांच कब पूरी होगी इसका कोई पता नहीं रहता है।अभी हाल ही में एक धान के बोरे के भुगतान से संबंधित मामला मीडिया की सुर्खियों में बहुत तेजी से उछला जिसके बाद जांच प्रक्रिया बहुत तेज चल रही थी लेकिन अभी तक वह जांच प्रक्रिया करीब दो माह से ज्यादा का समय बीत गया पूरा नहीं हो पाया है। इससे लोगों का विश्वास जांच टीम से भी उठने लगा है।आखिर मामलो में सच्चाई क्या रहती है लोग टकटकी लगाए बैठे रहते है। धीरे-धीरे मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

श्रृंगी ऋषि आश्रम पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा, साधु संतों को कराया गया जलपान

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले की सीमा पार कर अयोध्या जिले में प्रवेश की पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा शुक्रवार को अपने तीसरे पड़ाव स्थल रामनगरी अयोध्या धाम के प्रथम द्वार में शुमार श्रृंगी ऋषि आश्रम पर पहुंची। यात्रा का स्वागत रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीश दास के नेतृत्व में पुजारी महेंद्र कुमार,बाबा रामप्यारे दास सहित तमाम लोगो ने किया। यात्रा में दो जत्थे चल रहे है, जिनमे एक की अगुवाई धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गयादास व दूसरे जत्थे की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में हनुमान मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कर रहे है। श्रृंगी ऋषि आश्रम पर साधु संतों को जलपान कराया गया।

महंत गयादास ने बताया कि चौरासी कोसी परिक्रमा करने से सभी पापो का नाश हो जाता है। महंत गयादास के नेतृत्व में चल रही यात्रा रात्रि विश्राम कर अगले पड़ाव गोसाईगंज कस्बे के महादेवा घाट के लिए शनिवार को जंहा रवाना होगी। वहीं सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही यात्रा शुक्रवार की शाम अगले पड़ाव स्थल महादेवा घाट के लिए रवाना हो गयी। जहाँ उनके स्वागत,जलपान व भोजन की ब्यवस्था महादेवा जीर्णोद्धार कमेटी द्वारा किया गया।यात्रा में हजारों साधु संत चल रहे है। श्रृंगी ऋषि आश्रम पर विनीत सिंह बिन्नू, उदयभान गुप्ता, ध्रुव गुप्ता,डा दीपक गुप्ता, गजेंद्र पांडे, सुशील सिंह, फूल सिंह तो वंही महादेवा घाट पर हनुमान प्रसाद, जय प्रकाश,ध्रुव बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल

● कार्रवाई के नाम पर होती है वसूली

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। झोलाछाप और अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के नाम वसूली करने का खेल स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से चल रहा है। शायद यही कारण है कि जनपद में निजी अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई की खानापूर्ति करने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इसके बाद निजी अस्पताल संचालक तथा झोलाछाप डाक्टर मरीजों का जमकर शोषण करते हैं। वर्तमान में भ्रष्टाचार को जन्म देने वाले ऐसे कई अधिकारी तथा बाबू विभाग में दीमक का काम कर रहे हैं।सूबे में निजाम बदलने के बाद शासन की सख्ती पर जिला प्रशासन ने अवैध निजी नर्सिंग होम, अस्पताल तथा क्लीनिकों पर कार्रवाई शुरू की। अवैध अस्पतालों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को सख्त निर्देश दिए गए। इसके नोडल अधिकारी द्वारा कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति की गई। कुछ मामलों की शिकायत पहुंचने के पश्चात अस्पताल की जांच की गई। कार्यवाही न होने पर लोगों मे चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों द्वारा कहा जाता है की जांच केवल खानापूर्ति के लिए ही विभाग द्वारा की जाती है और थोड़े दिन बाद ही मामला ठंडे बस्ते में डाल उनसे वसूली शुरू कर दी जाती है। नोडल अधिकारी द्वारा वसूली का क्रम जारी कर दिया गया है। जहां एक तरफ शासन और जिला प्रशासन पूर्ण रुप से अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्रवाई की आड़ में वसूली करने के साथ निर्देश का खुलेआम धज्जी उड़ाने में लगे हुए है। जिले के कई ऐसे निजी अस्पताल और झोलाछाप चिकित्सक जिनके खिलाफ कार्रवाई होने के बावजूद भी उनका रोजगार धड़ल्ले से जारी है।

हीटवेव के विषय में जनमानस को जागरूक करें: सीडीओ

● बैठक में अनुपस्थित ईओ नगर पंचायत बबेरू के वेतन रोकने के आदेश

- सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार बांदा में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी। बैठक में नोडल अधिकारी वी0बी0डी0 ने दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मानीटिरिंग डाटा प्रस्तुत किया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बबेरू बैठक में उपस्थित न होने पर उक्त दिवस का वेतन रोकने के आदेश दिये। साथ ही समस्त को निर्देशित किया कि सभी हीटवेव के विषय में जनमानस को जागरूक करें। शिक्षा विभाग - जिला वेशिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया की समस्त विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों का लू एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु, साफ-सफाई के विषय में जानकारी दी जाये। बाल विकास सेंवा पुष्टाहार विभाग- सी0डी0पी0ओ0 कमासिन एवं जसपुरा को निर्देशित किया गया कि आंगनवाडियों की विजिट में सुधार करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग- समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशि किया गया कि आशाओं की विजिट में सुधार करना सुनिश्चित करें एवं आशाओ, सी0एच0ओ0 एवं ए0एन0एम0 को आदेशित करें कि क्षेत्र में लक्षण युक्त पाये जाने वाले मरीजों का विवरण यू0डी0एस0पी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। के क्रम में अधीक्षक बबेरू को निदेशित किया गया कि समस्त सी0एच0ओ0 ए0एन0एम0 को 12 बीमारियों एवं यू0डी0एस0पी0 पोर्टल के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा डा0 अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अधीक्षिका जिला चिकित्सालय बांदा, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 आर0एन0 प्रसाद, डा0 डी0सी0 दोहरे , नोडल अधिकारी वी0बी0डी0 बांदा डा0 मुकेश पहाडी, जिला मलेरिया अधिकारी, श्रीमती पूजा अहिरवार, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार, श्री प्रदीप कुमार, सहायक मलेरिया अधिकारी विजय बहादुर, एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, रीजनल कोआर्डिनेटर पाथ डा0 रविराज सिंह चौहान, एस0एम0ओ0 डब्ल्यू0 एच0ओ0, डी0एम0सी0 यूनीसेफ, पी0पी0एस0 श्री नरेन्द्र कुमार समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी, समस्त ए0डी0ओ0 पंचायत, समस्त अधीक्षक/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी0पी0एम0, बीसी0पी0एम0 ने प्रतिभाग किया।

वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़, उलाहना देने पहुंचे, परिजनों को पीटा

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। तीन वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है उलाहना देने पहुंचे परिजनों को आरोपियों के परिजनों के द्वारा उनकी लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। मामला महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव का है गांव निवासिनी पीड़ित मां का आरोप है उसकी तीन वर्षीय नाबालिक पुत्री काल्पनिक नाम पूजा घर के बाहर खेल रही थी। तभी गांव के युवक द्वारा उसका मुंह दबाकर गलत काम करने का प्रयास किया जा रहा था तभी बच्ची रोने लगी। उसकी आवाज सुनकर पीड़िता की जेठान बाहर निकली तो देखा आरोपी युवक के द्वारा उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे डांटकर उसके द्वारा भगाया। घटना 10 दिन लगभग पुरानी है। आरोपी युवक के पिता अकबरपुर में रहकर नौकरी करते हैं। आरोपी युवक के पिता जब घर आया तो उलाहना देने के लिए उसके घर परिजन गए तो आरोप है लाठी डंडे से जमकर पिटाई करने लगे। हल्ला गुहार होने पर बीच बचाव हो सका। आरोपी के परिजन द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। वही महरुआ पुलिस लीपापोती करने में जुटी है। आरोपी के परिजन ने भी अपने बचाव में शिकायती पत्र दिया है।

लेखा व निगरानी टीम क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण कर अपने कार्यों को पूर्ण करें: व्यय प्रेक्षक

● - निर्वाचन व्यय से जुड़े अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त किये गये 48-बॉदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती की अध्यक्षता में निर्वाचन व्यय से जुडे नोडल अधिकारियों की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु लगाये गये पुलिस, इनकमटैक्स, आबकारी आदि विभागों से आए जनपद बॉदा एवं चित्रकूट के नोडल अधिकारियों से निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा समय से उन्हें सौपे गए कार्यो को सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये कि लेखा व निगरानी टीम क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण कर अपने कार्यों को पूर्ण करें तथा निर्धारित प्रारूप पर समय से उन्हें सूचनायें भी उपलब्ध करायें।

उन्होंने आज विकास भवन में भी निर्वाचन व्यय के कार्यो के सम्पादन हेतु लगायी गयी एफएसटी/एसएसटी वीडियो अवलोकन तथा वीडियो निगरानी टीम व अन्य निर्वाचन से जुडे कर्मियों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए निर्वाचन व्यय कार्यो को सम्पादित करने की तैयारियों की समीक्षा की तथा सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश दिये कि रियल टाइम सूचनायें तैयार कर निर्धारित प्रारूप में कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित किसी समस्या को उनके मोबाइल नम्बर 9794040809 पर सूचना दी जा सकती है।

इससे पूर्व उन्होंने कलेक्टेऊट में स्थापित किये गये डिस्ट्रिक कन्ट्रोल सेन्टर (डी0सी0सी0)/ सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी(एम0सी0एम0सी0) सेल का निरीक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सी-विजल ऐप के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में भी जानकारी ली तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनीटरिंग कमेटी(एम0सी0एम0 सी0) सेल में किये जा रहे कार्यो के बारे में नोडल अधिकारी एमसीएमसी/अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे से जानकारी प्राप्त की। बैठक एवं निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वि0/रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, कोषाधिकारी/ नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे/नोडल अधिकारी एमसीएमसी मनोज श्रीवास्तव एवं व्यय से सम्बन्धित नोडल अधिकारी तथा सहायक व्यय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

मानसिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

● - सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर मे एक मानसिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य श्रीमती अमिता सिंह द्वारा किया गया।

शिविर में क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट डा. रिजवाना हाशमी ने बताया कि मानसिक रोग बच्चों में अवसाद और एंजाइटी के रूप में बहुत ज्यादा फैल है जिसे लोग साधारण मानते हैं जो आगे चलकर गंभीर हो जाता है । बच्चों में एंजायटी ना हो उसके लिए पारिवारिक सदस्य स्कूल में टीचर एस प्रिंसिपल भी अच्छे काउंसलर हो सकते हैं । आप बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं, तो सबसे पहले आपको उनके उन व्यवहारों का वर्णन तैयार करना चाहिए जिससे आप चिंतित हैं. इससे पहले आप अपने बच्चे के शिक्षक, करीबी दोस्तों, रिश्तेदारों या अन्य देखभाल करने वालों से अपने तरीके से बात करके देखें कि क्या उन्होंने भी आपके बच्चे के व्यवहार में बदलाव देखा है. अगर आपको ये बदलाव वाकई चिंताजनक लग रहे हैं तो इस जानकारी को अपने बच्चे के डॉक्टर के साथ साझा करें। प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने बताया कि बच्चे अपने घर में माता-पिता की बातें स्वीकार करें शिक्षकों का सम्मान करें साथ ही हमारे विद्यालय में जिन बच्चियों ने टॉप किया है उनसे प्रेरणा लें। साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि यदि किसी को मिर्गी या हिस्टीरिया के दौरे आते हैं तो वह जिला चिकित्सालय में दिखा सकता है यदि अवसाद और एंजायटी होती है ऑनलाइन 14416 में या फिर जिला चिकित्सालय के मनकक्ष कमरा नंबर 4 में भी काउंसलिंग कर सकते हैं। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार प्रकृति और परिवेश बदल रहा है लोगों का खान-पान और भाग दौड़ भरी जिंदगी मानसिक रोग की ओर लिए जा रही है उससे बचाव के लिए प्रातः टहलने योग की क्रियाएं करना अच्छे दोस्त बनाना अच्छे कार्यों में व्यस्त रहने से बचाव हो सकता है। सहायक अनुपम त्रिपाठी ने बच्चों से प्रश्न पूछा जिससे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिन बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त किया उनमें संजना, राधा द्विवेदी, चंचल,दीक्षा, स्मृति मिश्रा, वैष्णवी,अन्विता सिंह आदि बच्चियों सम्मिलित हैं। विद्यालय की सभी शिक्षिकाओ ने सहयोग किया।मनोरोग चिकित्सक डा.हरदयाल व सहायक अशोक कुमार द्वारा जेल विजिट भी की गई।

आग लगने से घार का समान हुआ खाक, परिजन हुये परेशान

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। अज्ञात कारणों से किसान के कच्चे मकान में आग लग जाने से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं आग लगने के बाद मकान भी जमीदोज हो गया। बिसंडा थाना के सिकलोढ़ी गांव निवासी किसान राजू सिंह शुक्रवार की दोपहर को अपने पूरे परिवार के साथ खेतों पर फसल काटने के लिए गए हुए थे, तभी उनके कच्चे खपरैलदार मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग का धुआं और लपटे देखकर अगल-बगल के रहने वाले पड़ोसी कुलदीप मिश्रा, सुशील तिवारी, रईस खान, महेश मिश्रा, गामा सिंह सहित आदि लोगों ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। किसान राजू सिंह ने बताया घर पर गृहस्थी का सामान सहित साल भर के लिए रखा हुआ गेहूं जलकर राख हो गया है। गांव के काफी अंदर मकान बने होने से फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी।

संक्षिप्त ख़बरें

अमित शाह आज कानपुर में नेताओं के साथ करेंगे बैठक

कानपुर बुंदेलखंड कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे, चुनाव का लेंगे जायजा।

कानपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आज कानपुर में कार्यक्रम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाह कानपुर में कानपुर बुंदेलखंड कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करेंगे और चुनाव की तैयारियों को परखेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल 28 अप्रैल को पहले इटावा आयेंगे, इटावा में वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद सीधे कानपुर के लिए रवाना होंगे। कानपुर में वह कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की चुनावी तैयारियों को समझेंगे तथा एक बैठक को सम्बोधित करेंगे। कानपुर की दोनों सीटों पर मतदान 13 मई को है। अमित शाह का कानपुर में ही रात्रि विश्राम का भी समाचार है।

हाईवे पर तेज़ रफ़्तार कार पलटने से दो घायल

कानपुर। कानपुर देहात के मुंगीसापुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार पलटने से दो लोग घायल हो गये घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे में तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़कर अनियंत्रित होकर पलट गई कार में सवार दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने हाईवे की एंबुलेंस से उपचार के लिए भिजवाया है। शुक्रवार को शाम करीब पांच बजे एक तेज रफ्तार एक्सयूवी महिंद्रा की कार कानपुर की ओर जा रही थी तभी कस्बे के नहर पुल के पास डिवाइडर को चालक को झपकी आ गई। इसी दौरान चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर तीन बार पलट गई। कार के बैलून खुलने से दोनों लोगों की जान बच गई जो मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल रोड डायवर्जन कर दिया और घायलों को हाईवे की एंबुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि कार सवार तेज रफ्तार में थे जो अचानक डिवाइडर देखकर कार से नियंत्रण खो बैठे हाईवे पर किसी भी प्रकार का यातायात व्यवधान नहीं आया है क्रेन मंगा कर हाईवे से क्षतिग्रस्त वाहन को हटा लिया गया है। पुलिस ने घायलों को भेजा अस्पताल गाड़ी को क्रेन से खींच हाईवे से हटवा यातायात बहाल किया।

मजदूरी करने से मना करने पर की पिटाई

शाहाबाद हरदोई। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां में मजदूरी करने से मना करने पर दबंग ने एक युवक को लाठी से पीट दिया।युवक के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम बिजगवां निवासी गोलू पुत्र लल्लू ने बताया वह अपने दरवाजे पर खड़ा था।तभी गांव के शिव सागर पुत्र कसान आए और उससे मजदूरी करने को कहा उसके पास समय नहीं था उसने समय न होने का हवाला देकर मजदूरी करने से मना कर दिया।इस बात पर विपक्षी ने उसे लाठी से पीटना शुरू कर दिया शोरगुल सुनकर गांव वाले आ गए तो विपक्षी धमकी देता हुआ चला गया।मारपीट में उसे काफी चोटें आई हैं।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी।प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है।पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

मृत बकरी का हर्जाना मांगने पर दी जान माल की धमकी

मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई थी घायल

शाहाबाद हरदोई। क्षेत्र के ग्राम आगमपुर में मीटर साइकिल की टक्कर से मारी गई बकरी का हर्जाना मांगने पर दबंगों ने पीड़िता को गाली गलौज कर जान माल की धमकी दी।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के ग्राम आगमपुर निवासी लखना देवी पत्नी लखपत ने बताया 22 अप्रैल को गांव के संजीव ने तेजी से मोटरसाइकिल चलाते हुए उसके दरवाजे पर बंधी बकरी के टक्कर मार दी थी।गांव वालों के कहने पर विपक्षी ने उसकी दवा पट्टी करवा दी थी।शनिवार को सुबह उसकी दस हजार रूपए की बकरी की मौत हो गई।वह और उसका पति हर्जाने के लिए विपक्षी के पास गई तो संजीव ने अपने भाई और मां के साथ मिलकर उसे धमकाया और मारपीट पर आमादा हो गए।लोगों ने बीच बचाव कर उसे छुड़ाया।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ को 108 फीट का स्मारक ध्वज मिला

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट एएमसी सेंटर एवं कॉलेज और ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट ने एएमसी स्टेडियम, लखनऊ छावनी में 108 फीट के मास्ट पर 30 फीट × 45 फीट का विशाल राष्ट्रीय ध्वज फहराया। महानिदेशालय डीजीएमएस (सेना) और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा एएमसी सेंटर एवं कॉलेज को ध्वज प्रदान किया गया था। समारोह में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल आशिम कोहली (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ अधिकारी, जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ), अन्य रैंक और एएमसी प्राइमरी स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

स्मारकीय ध्वज फहराना युवा प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करने में गर्व महसूस करने और उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। तिरंगा प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का एक सामान्य कारक है, जिसमें वे सभी प्रशिक्षु भी शामिल हैं जिन्होंने इस केंद्र और कॉलेज में अपना सैन्य प्रशिक्षण लिया और पूरा किया। यह वास्तव में हमारी मातृभूमि पर गर्व की सच्ची अभिव्यक्ति है।

पुलिस आयुक्त ने एयरपोर्ट सहित कई जगहों का किया निरीक्षण

● - वीवीआईपी के आगमन से संबंधित मार्गों का भी किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आज दिनांक 27 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में विभिन्न राजनैतिक दलों के विशिष्ट एवं अति विशिष्ट महानुभावों के संभावित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर पुलिस आयुक्त द्वारा एयर फोर्स एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों तथा अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था,पुलिस उपायुक्त पूर्वी, पुलिस उपायुक्त यातायात व अन्य अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही पुलिस आयुक्त ने अतिविशिष्ट महानुभावों के भ्रमण कार्यक्रमों के दृष्टिगत सम्भावित रूट में आने वाले मार्गों तथा प्रमुख चौराहों में जमई पुरवा चौराहा, हरजिंदर नगर चौराहा, लाल बंगला चौकी चौराहा, लाल बंगला बाजार में पैदल भ्रमण किया गया एवं सुरक्षा से सम्बन्धित आवश्यक व्यवस्थाओं को परखा गया तत्पश्चात पुराना एयरपोर्ट का भी निरीक्षण कर वहां लगे कैमरों की क्रिया शीलता को चेक किया गया साथ ही सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तृतीय पुण्यतिथि पर बहुत याद आये विजय, क्षेत्र के विभिन्न विभूतियों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

लम्भुआ,सुलतानपुर। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वित्त एवं लेखा संघ उत्तर प्रदेश स्व .विजय प्रकाश श्रीवास्तव की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के पाँच विभूतियों को माल्यार्पण करके एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने विजय प्रकाश श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला न्यायाधीश आर. पी. शुक्ला ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह विभागीय सेवा में रहते हुए सामाजिक सेवा से भी सरोकार बनाए रखा ।उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता व मिलनसार व्यक्तित्व ही सभी को जोड़े रखा है। विजय प्रकाश स्मारक सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष भारत गांधी श्रीवास्तव ÷लक्ष्न÷ ने बताया कि पिताजी की तृतीय पुण्य स्मरण दिवस के मौके पर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या के नेत्र सर्जन डॉ. पंकज बरनवाल व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नरेंद्रपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार वर्मा को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इन्हीं के साथ उत्कृष्ट काव्य लेखन के क्षेत्र में दीपिका चौरसिया,शिक्षण कार्य में अजय पाण्डेय, समाज सेवा के क्षेत्र में शिव शंकर को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, लक्ष्मण गांधी, नितीश कुमार, नितिन कुमार ,जतिन प्रकाश श्रीवास्तव, अभिज्ञान व विराज प्रकाश , परशुराम यादव, समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नगर निगम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ दिनांक 27 अप्रैल, 2024 लखनऊ नगर निगम, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित के क्रम में लक्ष्य प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में आज दिनांक 27.04.2024 को नगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, जोन-4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड-1, सेंट कोलम्बस विनयखंड-5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, जोन-5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इं.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर, जोन-7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर-23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन-8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी-1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर-के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

कमिश्नर और डीआईजी कानपुर ने चुनाव की तैयारियों को परखा

● - कमियों पर कमिश्नर हुए नाराज डीआईजी कानपुर ने बड़े क्रिमिनल पर नजर रखने के दिए निर्देश शराब माफियाओं पर भी शिकंजा कसने के निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आगामी लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराए जाने को लेकर कमिश्नर अमित गुप्ता एवं पुलिस महानिरीक्षक जोगेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में डीएम व एसपी सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्वाचन गाइडलाइन के संबंध में एआरओ से सवाल जवाब किया तो एआरओ कमिश्नर के प्रश्नों का जवाब नहीं दे पाए। इस पर कमिश्नर में दोबारा प्रशिक्षण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आधी अधूरी जानकारी के साथ चुनाव की तैयारी चुनाव में गड़बड़ी पैदा कर सकती हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर माती के कलेक्ट्रेट सभागार में कमिश्नर अमित गुप्ता अफसरों के संग बैठक करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पूर्ण पालन करने की निर्देश दिये।

लोकसभा चुनाव को लेकर कानून व्यवस्था हेतु पुलिस द्वारा की गई विभिन्न कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए सभी को शत प्रतिशत असलहा जब्त किए जाने, बड़े बदमाशों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध गैंग्स्टर, गुंडा एक्ट एवं हिस्ट्री शीटर की कार्यवाही किये जाने एवं शराब वितरण के साथ ही अन्य प्रलोभन दिए जाने, आदि पर सख्ती से नज़र रखते हुए कहीं से भी सूचना प्राप्त होते ही कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। आयुक्त अमित गुप्ता ने निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन भीड़ को व्यवस्थित किये जाने के दृष्टिगत अभी से फ़ोर्स के तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के साथ ही फ़ोर्स को तैनात स्थल 7 पर मतदान से एक दिन पूर्व रात्रि में एवं मतदान दिवस के दिन समय पर भोजन की व्यवस्था पूर्व से ही व्यवस्थित किये जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाली फ़ोर्स के रुकने, खाने एवं उनको ड्यूटी कार्ड वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने चिन्हित बदमाशों की भौतिक, डिजिटल एवं एलेक्ट्रॉनिक सर्वेलेंस कराये जाने के भी निर्देश दिए। क्रिटिकल बूथ पर विशेष फोकस कर करें करवाई कमिश्नर ने जनपद स्तर पर की जा रही समीक्षा बैठक में क्रिटिकल क्षेत्र में विशेष रूप से ध्यान देकर निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी,कानपुर देहात प्रशिक्षण के बाद मतदान कार्मिकों का ले टेस्ट, फेल होने पर पुनः कराएं प्रशिक्षण आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए कमिश्नर ने कहा कि मतदान कार्मिकों को पूर्ण प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कराकर प्रशिक्षण के बाद उनका टेस्ट ले। टेस्ट के दौरान फेल होने वाले कार्मिकों को फिर से प्रशिक्षण दें। साथ ही जनपद स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम को सक्रियता से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम आलोक सिंह, सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन, एसपी बीवीजीटीएस मूर्ति, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) केशवनाथ गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। अमित गुप्ता ने क्रिटिकल क्षेत्रों में शत प्रतिशत असलहा न जमा कराने एवं गैंगस्टर, हिस्ट्री शीटर, गुंडा एक्ट की कार्यवाही में कमी मिलने पर नाराजगी ताई। उन्होंने शत प्रतिशत असलहे जमा कराने के के निर्देश दिए। उन्होनें चिन्हित 77 अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों के सभी 97 बूथों पर बड़े कैमेरा के माध्यम से रिकॉर्डिंग कराये जाने व सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से सतत निगरानी कराए जाने एवं जिन केंद्रों पर पहुंच मार्ग सकरा है, उन स्थलों पर फ़ोर्स की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की करने का निर्देश दिया। उन्होंने फोन पर आने वाली शिकायतों को सजगता से लेते हुए पूर्ण जांच कराने के साथ ही शत प्रतिशत निस्तारण कराए जाने के भी निर्देश दिए।

एसडीएम सरोजनी नगर ने किया रहीमाबाद पोलिंग स्टेशन का निरीक्षण

● - अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। लोकसभा निर्वाचन–2024 के पाँचवें चरण में मोहनलालगँज लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सम्पन्न होना है। पोलिंग स्टेशनों की स्थलीय जाँच शनिवार को एसडीएम सरोजनी नगर फाल्गुनी सिहं, आदेश शुक्ला, लेखपाल एँव अरविन्द कुमार राणा, प्रभारी निरीक्षक बिजनौर व तेजबहादुर सिहँ उप निरीक्षक ने भी मतदान स्थल रहीमाबाद का व्यापक निरीक्षण बीएलओ व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका की उपस्थित में किया।प्राथमिक विद्यालय रहीमाबाद की प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय के कमरों में बिजली व प्रांगण में निर्मित इण्डिया मार्क–2, हैण्डपम्प व चुनाव कर्मियों के लिए शौचालय, रात्रि में कार्मिको को ठहरने की व्यवस्था का निरीक्षण कराया। वहीं भीषण गर्मी में मतदान स्थल पर खुले आसमान के नीचे तेज धूप में मतदाताओं की लगी लाईन के ऊपर धूप से बचाव के लिए टेन्ट या त्रिपाल लगाये जाने पर बल दिया गया। जिससे दिन की प्रबल धूप में से बचकर, सभी मतदाता लाईन में खड़े रहकर, अपने मताधिकार का उपयोग राष्ट्रहित में बिना किसी व्यवधान के कर सके।

एस0डी0एम0 सरोजनीनगर द्वारा मतदान स्थलों का किये जा रहे निरीक्षण के अर्न्तगत दि–माडल पब्लिक इन्टर कालेज आजादनगर, फर्रुखाबाद चिल्लाँवा, प्राथमिक विद्यालय रहीमाबाबाद, प्राथमिक विद्यालय गौरी, गहरु आदि पोलिगों का दौरा करके व मतदान स्थलों पर बिजली, पानी आदि मुहैया कराये जाने के दिशा निर्देश दिये। अरविन्द कुमार राणा प्रभारी निरीक्षक थाना बिजनौर ने रहीमाबाद व भक्तीखेड़ा पोलिंग के मतदाताओं से रुबरु होकर उनसे भयमुक्त व निडर होकर राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील ग्रामवासियों से करने के साथ ही निर्वाचन आयोग के आदेशों का अक्षरशः पालन करने पर बल दिया तथा किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले अराजक तत्वों पर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था द्वारा विद्यालयों समेत ट्यूशन क्लास सेंटरों पर बच्चों को प्रदान की गई कापियां

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद, सीतापुर जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत भेथरा माधव में स्थित श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पहला प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार यादव , संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार , संरक्षक मनोज पासवान , संदीप कुमार , काली प्रसाद व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश पाठक , सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार , नितीश कुमार , संदीप वर्मा समेत कई अन्य के द्वारा उक्त विद्यालय में लगभग 30 छात्र छात्राओं को निःशुल्क कापियां वितरित की गई। और वहीं ग्राम पंचायत बेहमा में प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय में लगभग 70 छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय समाजसेवी राजेश सिंह , रितेश सोनी , बबलू गुप्ता , पंकज सोनी , विकास उर्फ विक्कू सिंह , छोटू व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका स्नेह लता भार्गव , सहायक अध्यापिका नीलम सिंह , दिव्या शर्मा , सहायक अध्यापक नदीम अहमद , अनुज यादव एवं अनुदेशक अरविन्द कुमार, मधुबाला , अर्चना सिंह , सरोजनी सिंह समेत सहयोग छात्र शिक्षा समिति टीम द्वारा उक्त विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को निःशुल्क कापियां वितरित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। एवं ग्राम पंचायत दुघरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी वहां पर उपस्थित सभी लगभग 50 छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा कापियां वितरित की गई। इस दौरान वहां पर प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह समेत ग्रामीण भी मौजूद रहें। और वहीं संस्था के प्रबंधक/ सचिव धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मैं एक संस्था चला रहा हूं , संस्था का नाम सहयोग छात्र शिक्षा समिति है।इस संस्था के माध्यम से अनाथ , असहाय व कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें निःशुल्क शिक्षा दिलाने का कार्य कर रहा हूं। और लगभग पहला क्षेत्र के 15 गांवों में ट्यूशन क्लास के माध्यम से भी दो घण्टे गांव के छात्र छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराने का भी काम कर रहा हूं। और संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा है। उसी सहयोग से संस्था भी छात्र छात्राओं का सहयोग करने में लगी हुई है। और ठीक इसी प्रकार से यदि संस्था को सहयोग मिलता रहा है। तो संस्था भी आगे छात्र छात्राओं का सहयोग करती रहेगी।

दबंगों ने मां बेटों को पीटकर किया घायल

स्वतंत्र प्रभात

शाहाबाद हरदोई। क्षेत्र के ग्राम हंसुआ में खेत में गेंहू की खंदाई कर रहे युवक उसके भाई व मां को गांव के ही लोगों ने मार पीट कर घायल कर दिया।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। क्षेत्र के ग्राम हंसुआ निवासी शोभित पाल पुत्र बालजीत ने बताया वह शाम को खेत में गेंहू की खंदाई कर रहा था।तभी गांव के अनिल पुत्र राजाराम,श्रीराम,बदले पुत्रगण फूलचंद्र और जितेंद्र पुत्र बदले ने पुरानी रंजिश में उससे गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर लाठी डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया शोर सुनकर उसका भाई विमलेश व मां कमला उसे बचाने आए तो विपक्षियों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया।विपक्षी दबंग हैं।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन किसान जरूर बर्बाद हो गए हैं- आनंद भदौरिया

● - महोली क्षेत्र में सपा की जनसभाओं का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



महोली (सीतापुर) अस्पतालों में दवाएं नहीं हैं किसानों को खाद और बीज समय से नहीं मिल पा रहा है। रोजगार की तलाश में युवा दर-दर भटकने को विवश है। बिजली के मीटरों में खेल किया जा रहा है। बिजली का कनेक्शन न होने पर भी हजारों में बिजली के बिल आ रहे हैं। गरीबों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शनिवार को महोली विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जन सभाओं को संबांधित करते हुए कही।

क्षेत्र के फर्रकपुर, रामपुर नयागांव, पिपरी खुर्द, काजी कमालपुर, सहादतनगर, तिहार, जमलापुर, उदयपुर आदि गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर कटाक्ष करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इंजन से कुछ भी नहीं होता अगर कुशल ड्राइवर न हो। भाजपा की सरकार का ड्राइवर इंजन छोड़कर भाग जाता है, ऐसे में आपके सामने उसे सबक सिखाने का मौका है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनकी भाषा आपने सुनी होगी. विरोधी न जाने क्या-क्या कहने लगे हैं, वहीं कुछ और नेता कुछ और ही इंतजाम में लगे हुए हैं। धौरहरा का चुनाव परिणाम का संदेश केवल प्रदेश नहीं बल्कि देश में भी जाएगा। उन्होंने कहाकि जिन लोगों ने राजनीतिक पलायन किया है, उन्हें आपके सुविधाओं से कोई लेना-देना नहीं है। सपा प्रत्याशी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाति और धर्म के नाम पर समाज बांटने का काम कर रही है। खुले में घूम रहे गोवंश के कारण किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर है। भाजपा सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है।

पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। आपके अपने प्रत्याशी आनंद भदौरिया ही धौरहरा क्षेत्र का विकास करेंगे और यही आपके सच्चे हितैषी साबित होंगे। आप लोग आने वाली 13 अप्रैल को एकजुट होकर साईकिल वाला बटन दबाकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। जन सभाओं को समाजवादी पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, कांग्रेस प्रवक्ता सुधांशू बाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य अशोक भार्गव, ग्राम प्रधान छोटे सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। सभाओं में मुनीर खां, जमील अंसारी, जैजैराम गौतम, लक्ष्मन सिंह, गुड्डू मिश्रा, नन्हे वर्मा, मनोज यादव, दिग्विजय सिंह अर्कवंशी, मनोज त्रिपाठी, पप्पू निषाद, अजय गुप्ता, लालता प्रसाद राजवंशी, उमा शंकर वर्मा, अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ट्रक व कार में भिड़ंत, हाईवोल्टेज ड्रामा, लगा जाम

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर स्तिथ बिसवां रोड तिराहे पर शनिवार दोपहर एक कार और ट्रक की आपस भिड़ंत हो गई। जिसके बाद कार में सवार महिलाओं व पुरुषों ने कुछ देर तक हंगामा काटा। ट्रैफिक लगने की सूचना पर पहुंचे कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने अपने पुलिस कर्मियों के साथ लगी जाम को मौके पर पहुंच कर हटवाया। बहराल, घटना के दौरान कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए और कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

संक्षिप्त ख़बरें

लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रेक्षक आईएएस साइलन समद्दर द्वारा हुई बैठक

महराजगंज रायबरेली।। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव प्रेक्षक आईएएस साइलन समद्दर आज महराजगंज तहसील पहुंचे और सभी अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें चुनाव को लेकर तैयारियों के संबंध में जानकारी हासिल की तथा जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा। कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सब की जिम्मेदारी है, कहीं भी किसी के साथ भेदभाव ना किया जाए और सभी लोग पूरे मनोयोग के साथ काम करें नियमित चेकिंग की जाए उड़न दस्ता आदि टीमें जो गठित की गई हैं, वो बराबर सक्रिय भूमिका में काम करें कहीं भी किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम लगातार किए जाएं जिससे जिले का मतदान प्रतिशत बेहतर रहे जैसे निर्देश दिए गए इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित वाहन खंभे से टकराई एक की मौत

मीरजापुर। शुक्रवार की रात्रि थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत सरसवापार पेट्रोल पंप के पास एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर पलट गया जिसमें सवार 1-आयूष राज पुत्र अरविंद सिंह, 2-अशोक सिंह पुत्र जोखन, 3-बब्बे पुत्र डिप्पन, 4 राहुल पुत्र ओमप्रकाश व 5-राजेश्वर सिंह पुत्र चेतनारायण समस्त निवासीगण बैरमपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर घायल हो गये। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना प्रभारी अहरौरा मय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुचकर घायलों को इलाज हेतु सीएचसी अहरौरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा घायल आयूष राज उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया । थाना अहरौरा पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

लूट के अभियोग से सम्बन्धि 03 आरोपी गिरफ्तार

लूट की शत-प्रतिशत धन राशि, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व अवैध तमंचा बरामद

मीरजापुर। थाना को0कटरा में मुन्नी देवी पत्नी सुनेन्द्र कुमार निवासिनी छोटी बसही लोहिया तालाब थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दो अज्ञात मोटर साइकिल सवार अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी का बैग लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना को0कटरा पर मु0अ0सं0-78/2024 धारा 356 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थाना प्रभारी को0कटरा को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0कटरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में शनिवार को थाना को0कटरा पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्रांतर्गत घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्त 1. शिवम कन्नौजिया पुत्र राजेश कन्नौजिया निवासी लंका पहाड़ी काशी राम आवास थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, 2. विकास पुत्र घनश्याम निवासी भैसहिया टोला थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर व 3. रोहित कुमार गुप्ता पुत्र गंगा प्रसाद निवासी भैसहिया टोला थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट का शत-प्रतिशत धन राशि 7000 रूपया, लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटर साइकिल व एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अंतर्गत धारा 392,34,120बी,411 भादवि व 3/25 आयुध एक्ट में नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

अमेठी से गांधी परिवार का सिर्फ चुनाव का रिश्ता

●चुनाव में ही दिखाई देते हैं अमेठी में राहुल गांधी - पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी परिवार का अमेठी से सिर्फ चुनावी रिश्ता है, चुनाव के दौरान गांधी परिवार अमेठी में दिखाई देता है, और उसके बाद फिर दिल्ली के गलियारों में खो जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आ गया है अब आपको राहुल गांधी दिखाई देंगे लेकिन राहुल गांधी कोरोना काल में कहां थे जब लोग जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे, तब सिर्फ और सिर्फ स्मृति इरानी अमेठी में थी और अमेठी वासियों को ऑक्सीजन के साथ दवा मुहैया करा रही थी। उन्होंने कहा कि पांच दशक से अधिक गांधी परिवार और कांग्रेस ने अमेठी का नेतृत्व किया लेकिन अमेठी में ना ही कृषि विज्ञान केंद्र था और ना ही ट्रामा सेंटर यही नहीं मूलभूत सुविधाओं से वंचित था अमेठी। लेकिन जब अमेठी की कमान स्मृति इरानी के हाथों में आया तो सड़कों का जाल बिछ गया, फोर लेन, सिक्स लेन सहित ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक सहित अन्य विकास के कार्य हुए, विकास का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ और आज अमेठी परिवारवाद जातिवाद और वंशवाद से दूर पूरी दुनिया में विकास के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि जनता को जाति और धर्म पर बांटने का काम राहुल गांधी करते है कहीं टोपी लगती है, तो कहीं जनेऊ पहनते है। उन्होंने कहा कि अब अमेठी की जनता जागरुक हो गई है ऐसे में कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आवास, शौचालय और मुफ्त का राशन तथा किसान सम्मन निधि देने वाली भारतीय जनता पार्टी को गरीबों की चिंता है इसलिए जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। उन्होंने लोगों से 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

स्मृति के नामांकन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में जुटे पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता

●डोर टू डोर संपर्क कर रहे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात



गौरीगंज अमेठी। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उत्साह से लबालब नजर आ रहे हैं। 29 अप्रैल को अमेठी की संसद एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार स्मृति इरानी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना नामांकन करेंगी नामांकन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में मंडल शुकुल बाजार में निवास करने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं, मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को दीदी स्मृति इरानी के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचाना एवं लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए लगातार डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में शक्ति केंद्र महोना पूरब, शक्ति केंद्र मरदानपुर, शक्ति केंद्र इन्दरिया, सहित अन्य शक्ति केदो पर पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी के साथ मीटिंग करते हुए 29 अप्रैल नामांकन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए रणनीति बनाई गई साथ ही साथ सभी शक्ति केंद्रों पर घर - घर जाकर डोर टू डोर संपर्क करते हुए विकास की गति को निरंतर बनाए रखने के लिए आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चौमुखी विकास कर रही है, राम मंदिर निर्माण हो, या धारा 370 की समाप्ति गरीबों को निशुल्क राशन हो या फिर आवास और शौचालय हो या फिर किसानों को मिलने वाली किसान सम्मन निधि भारतीय जनता पार्टी कि सरकार में विकास का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है तथा गरीबों का कल्याण हुआ है। ऐसे में जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है और अबकी बार 400 पार का नारा साकार होगा। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष शंकर बख्श सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरन सिंह, शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंडित राम उंजेरे शुक्ला, शक्ति केंद्र संयोजक प्रशांत मिश्रा, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौरव पटेल ने आईआईटी जेईई मेंस क्लीयर कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

●गौरव पटेल को बधाईया देने का सिलसिला जारी

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव के रहने वाले भाजपा किसान मोर्चा के जिलामंत्री अखिलेश पटेल के छोटे भाई गौरव पटेल ने आईआईटी जेईई मेंस में 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। गौरव पटेल की सफलता पर उत्कर्ष पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिनव अवस्थी, बड़े भाई अखिलेश पटेल, रानीखेड़ा प्रधान विकास यादव, टोनी मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष

अशोक कुमार,कमलेश चौधरी, विक्रम पासवान,मानसिंह आदि लोगों ने गौरव पटेल का मुंह मीठा कराकर ढेरों शुभकामनाएं दी है। अखिलेश पटेल ने बताया कि उनके छोटे भाई शशांक पटेल ने 2022 में आईआईटी जेईई मेंस एग्जाम क्लियर कर 98.5 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। जिसकी पढ़ाई मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर में पढ़ाई चल रही। उन्होंने बताया कि छोटा भाई गौरव पटेल एसजेएस कॉलेज बछरावां से पढ़ाई कर रहा था। जिसने बड़े भाई शशांक पटेल से प्रेरणा लेकर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे खुशी की बात है कि उनके दो छोटे

भाइयों ने आईआईटी जेईई मेंस क्लीयर कर परिवार के साथ ही समूचे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। गौरव पटेल की सफलता पर एसजेएस कॉलेज के प्रबंधक कमलेंद्र सिंह ने गौरव पटेल व उनके बड़े भाई अखिलेश पटेल को शुभकामनाएं दी हैं।

रेलवे बोर्ड की वित्त सदस्य रूपा श्रीनिवासन ने किया आरेडिका व फोर्ज्ड व्हील प्लान्ट का दौरा

●महिला अफसर ने पहियों के निर्माण तकनीक सहित अन्य चीजों का किया बारीकी से निरीक्षण।

व्हील प्लान्ट के हस्तांतरण के लिए रेलवे ने आरआईएनएल को दिए 1725 करोड़।

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। रेलवे बोर्ड की वित्त सदस्य रूपा श्रीनिवासन ने शनिवार को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना व फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्लान्ट में पहियों की निर्माण तकनीक, भण्डारण, टेस्टिंग लैबों का बारीकी से निरीक्षण किया। हाल ही में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से रेल मंत्रालय को हस्तांतरित हुआ है। इसके लिए रेल मंत्रालय ने आरआईएनएल को 1725 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं। वित्त

सदस्य के आरेडिका पहुंचने पर जीएम प्रशांत कुमार मिश्रा सहित अन्य अफसरों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने उन्हें कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसके बाद वित्त सदस्य ने आरेडिका की अलग अलग शॉपों में शेल शॉप, व्हील शॉप में कोचों के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर आरेडिका के अफसरों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने फिनिशिंग शॉप में तैयार हो रहे एसी-3 कोच का निरीक्षण किया। आरेडिका के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आरएन तिवारी ने बताया कि वित्त सदस्य का दौरा इस मायने में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि हाल ही में रेल मंत्रालय की ओर से फोजर्ड व्हील प्लांट को हस्तांतरित किया गया है। बताया कि वित्त सदस्य ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में हो रहे उत्पादन को लेकर संतोष व्यक्त किया। कहा कि व्हील निर्माण से एक ओर जहां फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी, वहीं आरेडिका फोर्ज्ड व्हीलों का स्वंय उत्पादक और भारतीय रेल उपभोगता बनेगी तो इससे अतिरिक्त श्रम और समय की बचत होगी।

व्हील फैक्टरी व आरेडिका शॉप के निरीक्षण के बाद वित्त सदस्य ने महाप्रबन्धक सहित अन्य बड़े अफसरों के साथ बैठक कर आरेडिका में हो रहे उत्पादन के प्रति प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही रेलवे मंत्रालय की ओर से दिये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीएफए हमीम अहमद, पीसीएमई विवेक खरे, पीसीईई हरीश चन्द्र, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल वदूद, सीडीई डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी समीर हलधर सहित अन्य अफसर और कर्मचारी मौजूद रहे।

मिट्टी के तेल से भरी बट्टा चिमनी गिरने से एक की मौत

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत बृजेश विश्वकर्मा उर्फ डॉक्टर पुत्र सोमारू निवासी ग्राम कुड़ी थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर उम्र करीब 45 वर्ष के ऊपर मिट्टी के तेल से भरी हुई चिमनी,बट्टा गिर जाने के कारण उनके शरीर में आग लग गई। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थानाध्यक्ष राजगढ़ मय पुलिस बल से साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर परिवारीजनों कि मदद से बृजेश उपरोक्त को सीएचसी राजगढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बृजेश उपरोक्त की मृत्यू हो गयी। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

फार्म 12-डी भरने वाले 85 प्लस वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों के घर 18 से 20 मई के बीच में पोलिंग पार्टी जाकर कराएगी मतदान-डीईओ

●18 से 20 मई के बीच में कुल 30 टीमें फार्म 12-डी भरने वाले 85 प्लस बुजुर्ग व दिव्यांगों को उनके घर पर ही डलवाएगी मत

फार्म 12-डी के माध्यम से 85 प्लस वृद्धजन एवं दिव्यांगजन घर से कर सकेंगे वोट

बी0एल0ओ0 के माध्यम से वितरित होगा फार्म 12-डी या ईसीआई वेबसाइट/सक्षम ऐप से डाउनलोड करें फॉर्म

कार्यालय अपर जिलाधिकारी(न्यायिक), भदोही।

संख्या–1870/निर्वाचन–29–4/2023 दिनांक–27 अप्रैल, 2024

विषय– अनुपस्थित मतदाताओं (85+आयु वर्ग, दिव्यांग (PwD) एवं कोविड–19 से ग्रसित मतदाताओं) को घर–घर जाकर मतदान कराये जाने के संबंध में।

समस्त उप जिलाधिकारी/ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जनपद–भदोही।

उपरोक्त विषय के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 में अनुपस्थित मतदाताओं (85+आयु वर्ग, दिव्यांग (PwD) एवं कोविड–19 से ग्रसित मतदाताओं) को घर–घर जाकर मतदान कराये जाने का निर्देश दिया गया है।

तद्‌क्रम में उक्त मतदाता जो फार्म–12घ भरकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना चाहते हैं को मतदान कराये जाने हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 18.05.2024 से 20.05.2024 तक प्रातः 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक मतदान कार्मिकों की 30 टीमें प्रतिदिन घर–घर जाकर मतदान करायेंगी।

अतः उक्त के संबंध में आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त दिनांक व समय को अनुपस्थित मतदाताओं (85+आयु वर्ग, दिव्यांग (PwD) एवं कोविड–19 से ग्रसित मतदाताओं) को घर–घर जाकर मतदान कराये जाने हेतु अपने–अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से 15–15 लेखपालों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची मो० नम्बर सहित दिनांक 30.04.2024 तक इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(शिव नारायण सिंह)
अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/
प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/ETPBMS,
भदोही।

स्वतंत्र प्रभात

भदोही :- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में व 25 मई को जनपद भदोही में लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व स्वीप नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह 85 प्लस बुजुर्ग एव 40 प्रतिशत से अधिक ग्रस्त दिव्यांग मतदाताओं को फॉर्म 12 डी के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की सुविधा के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि घर से मतदान के लिए बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12-डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग/वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में ऐसे मतदाता जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग है एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक है एवं मतदान केन्द्र पर जाने में अक्षम है उनको 12-डी फार्म बीएलओ के माध्यम से भरना होता है। जिससे वे घर बैठे ही मतदान कर सके।

उन्होंने बताया कि इसके लिए दिव्यांगता का 40 प्रतिशत या उससे अधिक का प्रमाण पत्र होना चाहिए, यह फार्म बीएलओ द्वारा सभी पंजीकृत दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिको को उपलब्ध कराया जा रहा है इसे ससमय भर कर बीएलओ को जमा करा दे, इसके अतिरिक्त फार्म 12-डी भारत निर्वाचन आयोग ईसीआई की बेवसाइट या सक्षम ऐप से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसे भर कर आयोग को डाक से भेजा जा सकता है। उन्होंने बताया कि 12-डी फार्म का उपयोग आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारियो एवं कर्मचारियों को भी पोस्टल बैलेट से मतदान का विकल्प प्रदान करता है।

प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मतदाता जो फार्म 12 घ/डी भरकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना चाहते हैं, को मतदान कराए जाने हेतु तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 18 से 20 मई तक प्रातः 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान कार्मिकों की 30 टीम में प्रतिदिन घर जाकर मतदान कराएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में विधानसभावार भदोही 3954, ज्ञानपुर 6804, औराई 3535 सहित कुल 14293 दिव्यांग मतदाता है। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं को प्रेरित व जागरुक करते हुए बताया कि जनपद के सभी पोलिंग बूथों पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधा की गई है जैसे- पीने का पानी, व्हीलचेयर, टॉयलेट, रैंप ,हेल्प डेस्क, बिजली की व्यवस्था ,साइन बोर्ड ,ब्रेल मतदान गाइड ,भूतल पर पोलिंग बूथ , ईवीएम पर उभरी हुई ब्रेल भाषा, दिव्यांग मतदाताओं हेतु अलग से लाइन की व्यवस्था,बूथ स्वयंसेवक आदि।

स्वीप प्रभारी/ मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जनपद के ऐसे दिव्यांगजन मतदाता जो 40त्न से अधिक संक्रमित या कोविड-19 से संक्रमित/ संदिग्ध हो और वह डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु इच्छुक हो, वे संबंधित बीएलओ से फार्म प्राप्त कर अपना फार्म 12 डी भरकर डाक मतपत्र की सुविधा के माध्यम से मतदान कर सकते हैं या घर बैठे ही सक्षम ऐप के माध्यम से भी घर पर ही पोस्टल बैलेट की सुविधा आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।



भाजपा का लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से मझवां विधानसभा की बैठक सम्पन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी बरौंधा कचरा मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण जी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से मझवां विधानसभा की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें मुख्यतिथि,मुख्यवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व मीरजापुर कलस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्र 'दयालू' जी रहे। यह बैठक तीन चरणों में सम्पन्न हुई । प्रथम चरण में मुख्य अतिथि जी मझवां विधानसभा के कोर कमेटी की बैठक के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए चुनावी संगठनात्मक बातो पर चर्चा किया तथा विधानसभा प्रभारी एवं विधानसभा संयोजक से प्रत्येक शक्तिकेन्द्र की बैठक की जानकारी ली तथा मण्डल प्रभारी व मण्डल अध्यक्षों से बूथ कमेटी स्तर तक के बैठक की मॉनिटरिंग किये । तत्पश्चात विधानसभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रिढ़ हैं अपने-अपने बूथ व अलग-अलग बूथों पर जनता पर मिले तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराये। तीसरे चरण में विधानसभा के प्रबन्धन समिति बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धन समिति के सदस्यों के कार्यो के समीक्षा की साथ कहां की आप सभी सदस्यों को मण्डल के जिस शक्तिकेन्द्रों व बूथों पर लगाया गया है उसकी दैनिक कार्यो की रिपोर्ट अपने विधानसभा संयोजक व विधानसभा प्रभारी को दें। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक बृजेश दूबे ने किया। तत्पश्चात कलस्टर प्रभारी, मंत्री जी लोकसभा 2024 प्रबन्धन समिति की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष की नेतृत्व में की यह बैठक भी तीन चरणों में सम्पन्न हुआ प्रथम चरण में जिला के कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मंत्री जी कोर कमेटी के सभी सदस्यों कों चुनाव में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर तन-मन से जुड़ जाये एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओ से मिले लाभ को जनता के सामने रखें के साथ-साथ अनेकानेक संगठनात्मक बातों पर चर्चा साथ में द्वितीय चरण में जिला के वरिष्ठ पदाधिकारियों/पूर्व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बताया कि आप सभी जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं जनता से मिले तथा सरकार की योजनाओं को अवगत करायें अन्त में मुख्य अतिथि जी लोकसभा 2024 प्रबन्धन सभा की बैठक को सबोंधित करते हुए बताया कि लोकसभा का चुनाव 2024 का समय करीब है आप सभी पार्टी के प्रमुख जिम्मेदार कार्यकर्ता हैं अपने-अपने कार्यो का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करें तथा दैनिक रिपोर्ट लोकसभा प्रभारी व लोकसभा संयोजक को सौपें। क्षेत्र में जाकर जनता को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराये। साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी आगामी संगठनात्मक अभियान के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया तथा लगाये गये अभियान के संयोजको को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने को कहां। इस जिला प्रबन्धन समिति की बैठक का संचालन जिला महामंत्री,लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा जी रहे।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोकसभा प्रभारी रविन्द्र नाथ पाठक, जिला प्रभारी सरोज कुशवाहां, नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, चुनार विधायक अनुराग पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नरायन सिंह (विनित सिंह), जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केसरी, नगर पंचायत अध्यक्ष अहरौरा ओम प्रकाश केसरी, डीसीएफ चेयरमैन विजय वर्मा के साथ-साथ सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं चुनाव प्रबन्धन समिति सदस्यगण उपस्थित रहें। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

कस्बे के कृष्णा नगर में श्रीखाटू श्याम बाबा की हुई भव्य प्राण प्रतिष्ठा

●प्रभु खाटू श्याम का मंदिर बनने से नगर वासियों में खुशी का माहौल।ह्य

स्वतंत्र प्रभात





लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के बाईपास रोड पर कृष्णा नगर बरदाही मोहल्ले में शुक्रवार को भगवान श्री खाटू श्याम की विधि विधान पूर्वक भव्य प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पहले श्रद्धालुओं में कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में युवाओं के साथ साथ पीले परिधान में पहुंची महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरी यात्रा में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कस्बे की श्री महाकाल भक्त मंडल और श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत चल रहे दो दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुक्रवार की देर रात समापन हो गया। भगवान खाटू श्याम धाम से पधारे प्रधान पुजारी देवकीनंदन जी महाराज की अगुवाई में प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रभू श्री खाटूश्याम सहित अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। पुजारी ने बताया कि कलयुग में खाटू श्याम बाबा की महिमा चारों ओर फैल रही है। बाबा खाटू श्याम के दर पर आने वाला कोई भक्त कभी खाली हाथ नहीं लौटता। इसलिए उन्हें हारे का सहारा, बाबा खाटू श्याम हमारा कहा जाता है। इससे पहले खाटू श्याम मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। आयोजित भजन संध्या में आए राष्ट्रीय स्तर के गायक कलाकारों ने भगवान खाटू श्याम की महिमा का गायन किया। जिससे पूरा वातावरण भगवान खाटू श्याम के गीतों से भक्तिमय हो गया। श्याम प्रेमी भक्तों ने नाचते गाते हुए महोत्सव का खूब आनंद लिया और खाटू श्याम की आरती उतारी। समारोह में मुख्य रूप से

शिवा सोनी, राजन गुप्ता, बबलू गुप्ता, डिंपल गुप्ता, खन्ना गुप्ता, राजन गुप्ता, सतीश गुप्ता सहित अन्य भक्तों का महनीय योगदान रहा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से नगर वासियों सहित खाटू श्याम के भक्तों में खुशी का माहौल है।

राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 जोड़े एक दूजे के हुए

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा 51 कन्या विवाह महोत्सव के अंतर्गत दो पालियों में एक साथ 51 नव युगल जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर एक दूसरे का जीवन भर साथ निभाने की कसम खाई।

बतातें चलें कि शुक्रवार को असोहा विकास खंड के मनिकापुर के परिसर में राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंड से 51 जोड़े एक साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए। जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार करवाया गया। विवाह समारोह में संस्था के कर्मचारियों ने सभी दूल्हों की अगुवाई करते हुए। उन्हें मंच तक पहुंचाया जिसके बाद हिंदू रीति रिवाज से मंत्रोच्चारण के बीच 51 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहना सात फेरे लेकर एक दूजे के हो गए। इस दौरान विवाह कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने जोड़ों को संबोधित कर उन्हें सुखी जीवन जीने के लिए अपनी जिंदगी में कभी भी नशा न करने और अपने परिवार को नशा मुक्त परिवार बनाए जाने के लिए संकल्प कराया एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संस्था द्वारा चलाई जा रही। सामूहिक विवाह योजना जैसे कार्यक्रम जरुरतमंद परिवारों के लिए बेहद सहायक साबित हो रहे है। इस योजना के तहत गरीब बेटियों का विवाह भी धूमधाम से संपन्न हो रहा है। संस्था द्वारा प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते है। जिसमें से 21 हजार की चेक कन्या के खाते में व शेष राशि वर-वधु के विवाह संस्कार के साथ जोड़े को गृहस्थी के सामान व अन्य उपहार में खर्च किए जाते है। संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने भी कन्याओं को उपहार भेंटकर आशीर्वाद देते हुए कहा कि अब कोई निर्धन कन्या पैसे के अभाव में कुंवारी नहीं रहेंगी, क्योंकि उनकी शादी की जिम्मेदारी हमारी संस्था ने ली है। बताया कि जो जोड़े इस बार किसी कारणवश सामूहिक विवाह पंजीकरण करवाने से वंचित रह गए है वे आगे होने वाले सामूहिक विवाह में पंजीकरण

अवश्य करवा लें। विवाह समारोह में पहुँचे मेहमानों के लिए तरह तरह के स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। सामूहिक विवाह में पूर्व सैनिक क्षेत्रीय लोग सहित बड़ी संख्या में पहुँचे लोगों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर-वधुओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया जहां बैंड बाजों के साथ बारात निकाली गई। जनाती बाराती लोगों की भारी भीड़ रही। रथ में सवार वर अपने परिवार के साथ सिर में पगड़ी बांधकर निकले थे। बारात शाम के समय अनिरुद्ध शुक्ला आश्रम होते हुए कुदीकापुर कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां देर रात सभी नौ जोड़ों का जयमाल कराया गया।

अवैध उत्खनन के खिलाफकार्यवाही की उठाई मांग

गंजमुरादाबाद (उन्नाव)। तहसील बांगरमऊ अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट के प्रधान प्रतिनिधि की मिली भगत से गंगा एक्सप्रेस वे से संबद्ध एक निर्माण कंपनी द्वारा करीब चार बीघा सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर उसे तालाब में तब्दील कर दिया गया। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से सक्षम अधिकारियों से मौके की जांच कराने और प्रधान तथा निर्माण कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट के ग्रामीणों द्वारा एसडीएम नम्रता सिंह को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि राजस्व ग्राम के मजरा पसियन खेड़ा के निकट स्थित करीब चार बीघा सरकारी जमीन अभिलेखों में चारागाह और बंजर दर्ज है। गांव के प्रधान प्रतिनिधि द्वारा गंगा एक्सप्रेस वे की ठेकेदार कंपनी पटेल इंफ्राटेक को इस चरागाह की मिट्टी अवैधानिक ढंग से बेंच दी गई और कंपनी ने जेसीबी मशीनों के जरिए सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर उसे तालाब में तब्दील कर दिया। जिससे सरकार को लाखों रुपए राजस्व की हानि हुई है। गांव के कमल किशोर, वीरेंद्र कुमार, महादेव, सुधीर कुमार, आशाराम, संजय कुमार, रामनाथ, महेश प्रसाद व गंगाराम आदि सहित करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से सक्षम अधिकारियों को मौके पर भेजकर मामले की सघन जांच कराने और ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि तथा संबंधित निर्माण कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

डेढ़ माह से खुदी पड़ी सड़क से लोगों को रही परेशानी

उन्नाव। गुरु गोविंद चौराहा निर्माण में यातायात पुलिस ने प्रस्तावित स्थल पर जगह की कमी बता जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। वहीं करीब डेढ़ माह से खुदी पड़ी आईबीपी चौराहे की सड़क से लोगों को अवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के आईबीपी चौराहा का नाम बदलकर गुरुगोविंद सिंह रखा जाना है। यहां गुरुगोविंद सिंह की प्रतिमा भी लगाई जानी है। मार्च के दूसरे सप्ताह में इसके लिए काम शुरू हुआ था। सड़क के बीच गड्ढे की खोदाई शुरू कराई गई थी। इसी बीच खोदाई की जानकारी होने पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मौके पर जांच की थी। इसमें पता चला था कि जिस सड़क की खोदाई शुरू की गई है, वह लोक निर्माण विभाग की है। इसलिए खोदाई या अन्य काम करने से पहले विभाग से अनुमति लेनी चाहिए थी। अनुमति न लेने पर जेसीबी से खोदाई करा रहे अब्बास बाग के पांच लोगों को अवैध रूप से मार्ग को क्षतिग्रस्त करने की नोटिस थमाई गई थी और काम बंद करा दिया था। इसके बाद मामला डीएम तक पहुंचा था तो उन्होंने एक टीम गठित करके जांच कराई थी। टीम में पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका, बिजली और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से जांच की थी। सूत्रों की मानें तो यातायात पुलिस ने जो रिपोर्ट दी है उसमें प्रस्तावित स्थल पर जगह की कमी बताई है। पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर चार विभागों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की जांच की थी। अलग अलग विभागों ने अपनी रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। लोक निर्माण विभाग ने भी अपनी रिपोर्ट भेज दी है। आगे मिलने वाले दिशा निर्देशों के तहत कार्य किया जाएगा।

इंटर कालेज में आयोजित किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

बांगरमऊ (उन्नाव)। नगर के संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने कहा कि मतदान ही लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी है और देश के उज्जवल भविष्य के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवक-युवतियों को मतदान के जरिए अपना प्रतिनिधि चुनने का संविधान प्रदत्त अधिकार है। उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने और पड़ोसियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। संबोधन के पूर्व प्रबंधक रिजवान अहमद ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। पुलिस उपाधीक्षक श्री चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा हमारा संविधान और चलो करें मतदान तथा देश को संवारना है, सब जागो ना गीतों पर नृत्य एवं हमारा वोट हमारा अधिकार टाइटल पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम समाप्ति पर प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन

विद्यालय की शिक्षिका शुभी पाण्डेय द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधक श्री अहमद ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, गीत एवं नृत्य आदि कार्यक्रमों को तैयार कराने में प्रमुख भूमिका निभाने पर शिक्षिका शिखा को जमकर शाबाशी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के कॉर्डिनेटर आमिर अहमद सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर किया मतदान के प्रति जागरूक

फ्तेहपुर चौरासी (उन्नाव)। आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। शिक्षा क्षेत्र फ्तेहपुर चौरासी के सूसूमऊ प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं ने रैली निकाल कर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली को विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान बच्चे युवा हो तुम देश की शान उठो जागो करो मतदान। युवा शक्ति के तीन काम, शिक्षा सेवा और मतदान आदि नारे लगाते हुए चले गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती है 5 साल में एक बार हमें यह मौका मिलता है कि हम अपना जन प्रतिनिधि चुन सके। शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने कहा हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए हम लोग मतदाताओं से डोर-टू-डोर मिलकर उनसे जाति, धर्म, संप्रदाय, भाषावाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर एक अच्छे व्यक्ति के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। जब मतदान में सब की सहभागिता रहेगी तभी जिले का मत प्रतिशत बढ़ेगा इसके लिए बच्चों द्वारा आज यह जागरूकता रैली निकाली गई है। इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका ज्योति मिश्र, सहायक शिक्षक शिव प्रताप सिंह एवं ग्रामीण गेंदेलाल कुशवाहा, साजन कुमार व आंगनवाड़ी कार्यकत्री, रसोइया आदि उपस्थित रहे।

अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया पुरवा सीएचसी का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

पुरवा (उन्नाव)। अपर निदेशक स्वास्थ्य ने पुरवा सीएचसी का निरीक्षण किया। निदेशक के सीएचसी पहुंचते ही स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। अपर निदेशक ने सीएचसी आए मरीजों से इलाज के संबंद्ध में जानकारी ली। साथ ही अधीक्षक को परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार पुरवा सीएचसी का शनिवार दोपहर अपर निदेशक स्वास्थ्य लखनऊ जीपी गुप्ता ने निरीक्षण किया। अपर निदेशक ने सीएचसी में उपस्थित रजिस्टर चेक किया। वहीं सभी स्टाप को अधीक्षक के कक्ष में बुलाकर जानकारी ली। अपर निदेशक ने फार्मासिस्ट कक्ष, लेबर रूम सहित समस्त सीएचसी का निरीक्षण किया। वहीं सीएचसी आए मरीजों से डाक्टर द्वारा बाहर से दवा लिखने की जानकारी ली। जिस पर मरीजों ने दवा अस्पताल से ही मिलने की बात बताई। परिसर में गंदगी मिलने पर अधीक्षक को साफसफाई रखने के निर्देश दिए। अपर निदेशक से किसी ने सीएचसी में जनरेटर ना चलने की शिकायत की। जिस पर अपर निदेशक ने अधीक्षक से जनरेटर ना चलने की जानकारी की। अधीक्षक दिनेश कुमार ने जनरेटर चलने की बात बताई। अपर निदेशक जीपी गुप्ता ने अधीक्षक दिनेश कुमार को डाक्टर द्वारा बाहर से दवा ना लिखने व साफसफाई रखने के साथ सीएचसी में बिजली की व्यवस्था सुचारू रुप से बनी रहे इसके लिए निर्देश दिए हैं। इस दौरान अधीक्षक दिनेश कुमार, डॉ आदर्श सचान, डॉ तपन गुप्ता, मनीष, दीपू सहित समस्त स्टाप मौजूद रहा।

संसार में आये हो तो भगवान का भक्ति करो तभी मानव जीवन सफल होगा-बलिराम शर्मा

● - संसार में शिव गुरु शिष्यता ही एकमात्र विकल्प है-डा जय प्रकाश शर्मा

ग्राम पंचायत गागरगाड में आयोजित हुआ शिव चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

सन्तकबीरनगर। धनघटा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड पौली अंतर्गत ग्राम पंचायत गागरगाड में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डा जय प्रकाश शर्मा के आवास पर शनिवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाजसेवी डॉ जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि संसार में शिव गुरु शिष्यता ही एकमात्र विकल्प है। आज भाई -भाई ,बाप- बेटे ,सास बहू में प्रेम टूट गया है। जिससे समाज बिखर गया है। कलयुग में शिव गुरु एक उपाय हैं। सुख शांति के द्वार शिव गुरु को अपनाने से खुल जाता है। समाजसेवी बलिराम शर्मा ने कहा कि लोगों के अंदर समृद्धि आएंगे तो बुजुर्गों का सम्मान होगा। समृद्धि शिव शिष्यता ग्रहण के बाद ही आएगा।उन्होंने कहा कि संसार में मानव शरीर किसी तप या किसी कर्म से नहीं मिलती है. 84 लाख योनियों में किसी एक पर नजर भगवान की पड़ जाए तो वह मानव शरीर धारण कर लेता है। उन्होंने कहा कि संसार में आये हो तो भगवान का भक्ति करो तभी मानव जीवन सफल होगा। इसलिए सभी शिव को

अपनाएं। इस दौरान गीत के माध्यम से महिलाओं ने गीत गाकर सभी को मोह लिया। इस समापन के दौरान प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती राजपति शर्मा, श्रीमती निखिलेश शर्मा, श्रीमती शिवलोचना शर्मा,श्रीमती शकुंतला शर्मा, श्रीमती विमला शर्मा,अनीता, सुनीता, पिंकी, प्रिया शर्मा, शालू शर्मा, रुचि शर्मा, प्राची शर्मा, बाबूराम शर्मा, प्रदीप शर्मा, कुलदीप शर्मा, मनीष विशाल, अंकित, गोलू, मयंक शर्मा, रमाकांत चौधरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

मजदूर का शव बरामद

स्वतंत्र प्रभात

धनघटा/संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के तुरकौलिया नायक बंधे किनारे एक अज्ञात युवक के शव लावारिश हालात में ग्रामीणो ने देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणो ने धनघटा पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही धनघटा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीण नदी के किनारे शौच के लिए गये हुए थे उसी दौरान ग्रामीणो ने एक युवक को लेटे हुआ देखा जिसकी सूचना ग्रामीणो ने पुलिस को दिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच किया गया है तो उसकी सास बंद थी। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार का कोई चोट होना नहीं पाया गया है। जांच से उसकी पहचान तेज बहादुर पुत्र राम बकस सिंह निवासी गोरेलाल साहब थाना भदोखर जिला रायबरेली रुप में हुई जो यहां बंधे के किनारे जीरो ट्यूब बोरी भरने का काम करता था। मृतक का साथी रामहित पुत्र भगवानदीन निवासी शीतलपुर थाना कुरारा जिला हमीरपुर ने बताया कि यह बहुत शराब पिता था कल दिन में शराब पिया है और पीने के बाद यही लेट गया और मैं अपने काम पर चला गया, आज सुबह देखा तो वहीं पर मरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार से वार्ता किया गया तो ठेकेदार ने बताया कि इसके घर वालों को सूचना दे दी गई है। घर वाले रायबरेली से आ रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

तीन महीने पहले भी रायबरेली के एक मजदूर की फांसी लगाकर हुई थी मौत

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र में 25 फरवरी को ग्राम सेमरी चौकी जगदीशपुर थाना धनघटा में स्थित सोना मार्का ईट भट्टे पर मजदूरी करने वाला संतोष पाल पुत्र दयाराम उम्र 25 वर्ष निवासी सरायउमर थाना बछरावां जनपद रायबरेली सेमरी ईट भट्टे पर स्थित नीम के पेड़ में अपने गमछा से गले में फंदा लगाकर लटक गया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी। मौके पर मौजूद मृतक के बहनोई सुशील ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद पुलिस ने पंचायत नामा की कारवाई की था।

लापता नाबालिग बच्चे को सकुशल खोजकर परिजनों को सौंपा

शिकोहाबाद। थाना पुलिस ने लापता एक नाबालिग बच्चे को खोज कर बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद बच्चे को उसके परिजनों को बुला कर सुपुर्द कर दिया। बच्चे को सकुशल पाने के बाद अभिभावकों ने थाना पुलिस की प्रशंसा की। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत थाना पुलिस ने एक नाबालिग बच्चे को सकुशल खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि 26 अप्रेल को पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चा 10 वर्ष दोपहर दो बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। उच्चाधिकारियों ने बच्चे की तलाश में 2 टीमों का गठन किया। गठित टीमों ने कड़ी मेहनत और अथक प्रयासों से सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य सूचनाओं के आधार पर बच्चे को मात्र 24 घण्टे के अन्दर बोझिया कट से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे को सकुशल पाकर उसके परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

विपक्षियों के सत्ता में आने के मंसूबे पूरे नहीं होंगे, नरेश अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई- भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कृष्ण और विपक्ष को कौरवों की सेना बताते हुए कहा कि चुनाव रूपी महाभारत में विपक्ष की हार होगी और भाजपा की जीत होगी। विपक्षियों के सत्ता में आने के मंसूबे पूरे नहीं होंगे। इण्डी गठबन्धन पार्टी नहीं बल्कि लुटेरों का एक समूह है, जो जेल जाने के डर से एक बैनर तले इकठ्ठे हुए हैं। पूर्व सांसद श्री अग्रवाल शनिवार को यहाँ गाँधी मैदान में हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। भाजपा नेता श्री अग्रवाल ने विपक्ष को अड़े हाथों लेते हुए कहा कि कॉग्रेस कोई पार्टी नहीं बल्कि एक समूह है जो सत्ता में आने के लिए छटपटा रहा है जबकि मोदी जी पापियों का संहार करने के लिए आयें हैं। श्री अग्रवाल ने खुद को अध्यात्मिक धारा से जोड़ते हुए कहा कि भगवान राम का निषाद, केवट, मल्लाह, सबरी ने साथ निभाया। इसी तरह से आज इस सम्मेलन में एकत्रित हुए लोग राम राज्य की स्थापना में मोदी जी का साथ देने के लिए तैयार हैं। उन्होने विपक्ष को बावरिया गिरोह संज्ञा देते हुए कहा कि मोदी योगी के राज में गुण्डे माफिया जेल में हैं। हरदोई में भी गुण्डों को पनपने नहीं दिया है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश को जिताने की अपील की। कहा कि सभी लोग चुनावी कोविड से सावधान रहे। इस चुनाव के जरिये देश को लूटने वाले परिवारवादियों से देश को बचाना है।

जनसभा में उ0प्र0 सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कॉग्रेस ने 70 साल तक देश पर शासन किया लेकिन गरीब, गरीब होते चले गये। मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होने गरीबों का दर्द समझा और उनको केन्द्र में रखकर अपनी सरकार की योजनायें बनाई। आबकारी मंत्री ने कहा कि सपा और कॉग्रेस ने गरीबों का हक छीना आज भी वह गरीबों का हक छीनकर एक विशेष वर्ग को देने के प्रयास में हैं, इसलिए यह देश के भविष्य का चुनाव है। मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का फैसला करना है। सबको एक जुट होकर भाजपा का साथ देना होगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने गरीबों, किसानों, महिलाओं के सम्मान की चिन्ता की है उनके उत्थान के लिए दिन-रात काम किया है, जबकि सपा की सरकार ने गरीबों की जमीन जायदाद कब्जायी जाती थी। उन्होने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है काशी सवंर चुकी है अब मथुरा की बारी है। यह तभी सम्भव है जब मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होने क्षेत्रवासियों से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने कहा कि 10 वर्ष के मोदी राज्य में देश

के स्थिति बदली है अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है। बिजली, सड़क, पानी की सुविधाएं गांव-गांव पहुँची है। महिलाओं को अत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए है। उन्होने खुद के लिए समर्थन की अपील की। भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि मोदी जी सत्ता को एकदायरे बाहर निकालकर उसमें सर्वसमाज की भागेदारी सुनिश्चित की है। उन्होने सरकार की योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान तक पहुंचाया। सम्मेलन में जिला पंचायत सदस्य मुकेशपाल, पू0 जिला पं0स0 बलराम पाल, पू0 प्रमुख महिपाल यादव, रामू कश्यप, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष राजमंगल यादव, नाजिम खां, बेचेलाल राठौर, जिला पंचायत सदस्य सचिन मिश्रा, संदीप शुक्ला, सचिन शुक्ला, राम सिंह राठौर, अभिषेक पाल, अमित पाल, इन्द्रपाल कुशवाहा, अहिवरन यादव, विशाल सेठ, बालकराम पू0 प्रधान, रामनाथ फौजी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

बेटी के घर गये पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

फ्तेहपुर चौरासी (उन्नाव)। बेटी के यहां गए पिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। बहू की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हफीजाबाद गांव निवासी कन्हैया लाल बीते बुधवार को अपनी पुत्री के यहां सफीपुर गए थे। इसी दिन उनकी बहू संतोषा भी अपनी बहन की शादी में गई थी। शुक्रवार को अचानक कन्हैयालाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद बेटी थाना फ्तेहपुर चौरासी के हफीजाबाद गांव पिता का शव लेकर पहुंची और वहां से अंतिम संस्कार करने नानामऊ घाट जा रहीं थी। अचानक मृतक की बहू को यह सूचना मिली तो वह बांगरमऊ पहुंची और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रहीं है।

बेटे के साथ अनहोनी की आशंका की दी तहरीर

पुरवा (उन्नाव)। क्षेत्र के गांव मोतीखेड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 वर्षीय बेटा राजू शुक्रवार शाम बाइक से गांव के ही एक युवक के घर गया था। जहां उक्त युवक ने बेटे के साथ मारपीट की। आरोप हैं कि बेटे की बाइक भी छीन ली। उक्त घटना के बाद से बेटा अभी तक घर नहीं आया हैं। उसके फोन नंबर पर कई बार फोन किया गया, लेकिन फोन बंद बता रहा हैं। पीड़ित ने बेटे के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका व्यक्त की हैं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली हैं, जांच की जा रही हैं।

इलाज के दौरान तीसरे घायल ने तोड़ा दम

हसनगंज (उन्नाव)। बीते सोमवार को क्षेत्र के हसनगंज बांगरमऊ सड़क पर अकबरपुर में दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी थी। जिसमे तीन युवकों राजकुमार, विमलेश व हर्षवर्धन की मौके पर ही मौत हो गयी थी। दो युवक सचिन व विकास गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तभी से उनका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान सचिन की सांसें थम गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सचिन लखनऊ में रहकर पढ़ाई करता था।जिसके दो बहन है। सृष्टि वा सोनिया दोनों अविवाहित है। इस संबंध में कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि इलाज के दौरान सचिन की मौत हो गई है।

गांव के युवकों पर लगाया मारपीट का आरोप

फ्तेहपुर चौरासी (उन्नाव)। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव के चार लोगों पर उसके एवं भाई के साथ मारपीट करने तथा घर जला देने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्जकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटरी गदन पुर आहार के मजरा चौगंवा निवासी पप्पू पुत्र पोहकर ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते गुरुवार 25 अप्रैल की देर शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा था तभी गांव के रामकुमार पुत्र मोहन, विकास पुत्र देवीदीन, लल्लन पुत्र रज्जाक एवं नौशाद पुत्र नन्हू आ गए तथा गली गलौज करने लगे पीड़ित के भाई कुलदीप के विरोध करने पर इन लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट करने के साथ धारदार हथियार से उसके सर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने उसके घर में आग लगा दी। जिससे उसका छप्पर एवं भूसा आदि जल गया है। पीड़ित ने थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर आवश्यक कार्यवाही की जा रहीं है।

अंशिका यादव को साईकिल देकर किया गया सम्मानित

सांथा/संतकबीरनगर। विकास खण्ड सांथा क्षेत्र के संघर्ष शिक्षण संस्थान रमवापुर सरकारी कोचिंग सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कोंचिंग के टापर छात्रों को सम्मानित किया गया। जिले में तृतीय स्थान एवं संघर्ष शिक्षण संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आंशिक यादव को

संघर्ष शिक्षण संस्थान की तरफसे साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य बच्चों को अलग-अलग पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में टॉपर करने वाली छात्र आंशिक यादव पुत्री राकेश कुमार यादव को जिला में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है जिसकी खुशी को लेकर संघर्ष शिक्षण संस्थान द्वारा साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संघर्ष शिक्षण संस्थान के संचालक सामेन्द्र कुमार, व्यवस्थापक सिराजुद्दीन, कपिल, राकेश कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विभिन्न थाना क्षेत्रो से 13 वारण्टी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो से 13 वारण्टीयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी कामेश्वर जायसवाल पुत्र स्वामीनाथ जयसवाल निवासी बैंक रोड पुरानी तहसील थाना कोतवाली खलीलाबाद व राजेश पुत्र भवानी निवासी गोला बाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा दुधारा पुलिस ने वारण्टी साले पुत्र हजारी निवासी उच्चहरा कला थाना दुधारा। जबकि महुली पुलिस ने वारण्टी अलगु पाण्डेय पुत्र रामेशचन्द्र पाण्डेय निवासी भगवानपुर पूर्वी थाना महुली, बखिरा पुलिस ने वारण्टी मो0 अय्युब पुत्र आविद अल्ली निवासी दुर्रगजोत थाना बखिरा, पन्नेलाल पुत्र भगवानदास निवासी अजगरा थाना बखिरा , चिन्ता उर्फचन्द्रिका पुत्र भगवानदास थाना बखिरा, प्रमोद पुत्र सुखराज निवासी सोनवरा थाना बखिरा, तौलु पुत्र आबिद निवासी कमरिया थाना बखिरा, विशाल पाण्डेय पुत्र बैजनाथ पाण्डेय निवासी कुरैना थाना बखिरा, पवन कुमार पुत्र शान्तनु प्रसाद निवासी शिवापार थाना बखिरा। इसी प्रकार मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी धर्मेन्द्र पुत्र सितराम निवासी गगनईराव थाना मेहदावल व इन्दल पुत्र जगलाल निवासी हरपुर टोला मेहावर थाना मेहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया।

सपा प्रत्याशी की होगी ऐतिहासिक जीत-सुबोध चन्द्र यादव

संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व खलीलाबाद विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुबोध चन्द्र यादव ने पत्रकारो से बात-चीत के दौरान कहा कि लोक सभा क्षेत्र संतकबीरनगर के सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत ''पप्पू निषाद'' ऐतिहासिक मत से चुनाव जीतने

जा रहे है। श्री यादव ने कहा की सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा के ऐसे सिपाही को प्रत्याशी बनाया है जो सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। उन्होने कहा सपा प्रत्याशी को जिताने के लिए गांव की महिलाएं घर-घर जाकर समर्थन मांगने का काम कर रही है। श्री यादव ने कहा भाजपा प्रत्याशी की कार्यशैली से लोक सभा क्षेत्र के मतदाता पूरी तरह से नाराज है ऐसे में लोग सपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसम्पर्क देने के लिए मन बना लिए है। श्री यादव ने कहा समाजिक क्षेत्र में सपा प्रत्याशी पप्पू निषाद ने जो पहचान बनायी है उसी का परिणाम है समाज का हर वर्ग अपना समर्थन देने के लिए मन बना लिया है। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए समाज का हर वर्ग तैयार बैठा है। उन्होने कहा की आगामी 25 मई को सपा प्रत्याशी के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो जायेगा।

अवैध गांजे के साथ युवक गिरफ्तार,भेजा गया जेल

आधा दर्जन से अधिक मुकदमे हैं पंजीकृत

शाहाबाद हरदोई। कस्बे के मोहल्ला खिन्नी टोला चौराहे से पुलिस टीम द्वारा एक युवक को अवैध गांजे के साथ गिरफतार कर जेल भेजा गया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक अमित सिंह, जामा मस्जिद चौकी प्रभारी अंगद सिंह ने आरक्षी राहुल कुमार और संजय चौबे के साथ घिराव कर विशाल पुत्र कालिका प्रसाद निवासी ब्लॉक 10 काशीराम कालोनी को एक किलो दो सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार युवक पर कोतवाली में अवैध शराब,स्वापक औषधि अधिनियम और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पुलिस टीम द्वारा युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफतार किया गया है।स्वापक औषधि अधिनियम के तहत उसे मेडिकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

संक्षिप्त ख़बरें

शादी में फिजूल खर्ची एवं समाज में फैली बुराइयों को दूर करें उलमा

अमरिया। मदरसा इस्लामिया तालीमुल कुरान में शुक्रवार को मौलाना तारिक रज़ा मिस्बाही की अध्यक्षता में क्षेत्र के मस्जिदों के पेश इमामों की बैठक हुई। बैठक में समाज में फैली बुराइयों और शादी में फिजूलखर्ची रोकने पर विचार-विमर्श किया गया। मौलाना तारिक रज़ा मिस्बाही ने कहा कि महंगाई के इस दौर में गरीब लोगों को बेटियों की शादी करना मुश्किल हो गया है। दहेज की समस्या भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में हम सब की जिम्मेदारी बनती है सब मिलकर समाज में फैली इन कुरीतियों को दूर करें।बैठक में मौलाना तारिक रज़ा मिस्बाही, सैय्यद अफसर अली मियां, मौलाना रिहानुल कादरी, मुफ्ती सुलेमान, मौलाना इंतिखाब अहमद, मौलाना साजिद, मौलाना हसनैन, कारी वसीम अहमद, हाफिज़ शाहरोज, मौलाना मुजाहिद, हाफिज़ शहामत हुसैन, मौलाना मोहम्मद साबिर, इकबाल प्रधान, मौलाना हाफिज़ माजिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

बालक को टक्कर मामने के बाद स्कूटी चालक ने युवक को पीटा

पीलीभीत बालक को टक्कर मारने के बाद स्कूटी चालक ने अपने साथियों के साथ एक युवक की पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी वकील अहमद पुत्र मुजफ्फर हुसैन ने थाना न्यूरिया पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा गया है कि 24 अप्रैल को शाम साढ़े चार बजे बस स्टैंड आ रहा था। तभी शकील अहमद निवासी ग्राम खब्बापुर के नौ वर्षीय पुत्र मोहम्मद अरसलान को न्यूरिया की ओर से आ रही स्कूटी के चालक वसीम खां पुत्र मुश्ताक खां निवासी मोहल्ला डोरी लाल, थाना कोतवाली ने टक्कर मार दी। इस पर उसने वसीम की स्कूटी रोककर खड़ी करवा दी। इस पर वसीम ने फोन करके सलमान खां पुत्र उस्मान खां, आगाज नूर पुत्र नूरा व छह अज्ञात लोगों को बुला लिया। आरोपियों ने वहां आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक न्यूरिया प्रदीप विश्नोई ने बताया कि मुकदमे की विवेचना की जा रही है।

शाही समारोह में हुए विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे

कलीनगर। लौहरपुरा गांव में बृहस्पतिवार रात शादी समारोह में किसी बात को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में दयालपुर के प्रधान समेत दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। प्रधान के पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। माधोटांडा क्षेत्र के गांव दयालपुर से प्रधान के पति रामपाल के मौसेरे भाई की बरात बृहस्पतिवार को क्षेत्र के लौहरपुरा गांव गई थी। यहां किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडे चलने लगे। इससे भगदड़ मच गई। करीब दस मिनट तक जमकर मारपीट हुई। घटना में वर पक्ष से प्रधान के पति रामपाल और कन्या पक्ष के संजीव समेत तीन लोग घायल हो गए। प्रधान के पति को गंभीर चोटें आईं। सूचना के बाद डायल 112 मौके पर पहुंच गई। परिजन घायलों को अस्पताल ले गए। एसओ अचल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में प्रधान के पति समेत तीन लोग घायल हुए हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

बाजार पूरी तरह बंद, तब अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति

मझोला। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा को साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन अतिक्रमण हटाने की याद आई। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कर्मचारी बंद बाजार में अतिक्रमण हटाते नजर आए। बता दें कि क्षेत्र में शुक्रवार को बाजार बंद रहता है। नगर पंचायत के अधिकारियों को जिलाधिकारी के आदेशों का पालन करने के लिए यह दिन ठीक लगा और अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति की गई। बता दें कि जब बाजार खुलता है तो अवैध रूप से अस्थायी ठेली और फड़ों का सड़क पर कब्जा रहता है.

बीएसए खीरी की मनमानी से आहत होकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

●एडी बेसिक शिक्षा को लिखित शिकायत के बावजूद फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रहे शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच करवाने में कोताही बरत रहे बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी

बी एस ए खीरी व खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड के संरक्षण में सरकारी खजाने को प्रतिमाह लगाई जा रही लाखों की चपत


जनसुनवाई
समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली, उत्तर प्रदेश
सन्दर्भ संख्या:- 40015324013157
लाभार्थी का विवरण
आवेदन पत्र का ब्यौरा
लाभार्थी का विवरण/शिकायत क्षेत्र का

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश सरकार के उपयोगी और सफल कहे जाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम व आदेशों का कोई असर पड़ता जनपद खीरी में नहीं दिख रहा है जनपद खीरी के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी फुल बेहड के संरक्षण में फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रहे शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय उनको संरक्षण देते हुए प्रतिमाह लाखों रुपए का सरकारी धन खजाने को चूना लगवाने वाले उक्त अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने एवं फर्जी शिक्षकों के सेवा में लगे अंक पत्रों की जांच कराए जाने वह कार्यवाही किए जाने के लिए शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मामले की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में शिकायतकर्ता नित्यानंद बाजपेई ने आरोप लगाया है कि जनपद खीरी के विकासखंड फूल बहन के अंतर्गत संविलियन विद्यालय शिशोर मैं कार्य संलग्न शिक्षक श्याम जी वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय उद्धरण से अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रभुनाथ प्रजापति तथा फूल बेहद ब्लॉक के अंतर्गत है अन्य विद्यालय में तैनाद प्रभु नारायण यादव प्रधानाध्यापक का अंक पत्र हाई स्कूल जो बंगाली भाषा में है और संदिग्ध प्रतीत होता है उक्त तीनों शिक्षकों के सेवा में लगे अंक पत्रों के माध्यमिक शिक्षा परिषद व अन्य संस्थाओं से जांच कराए जाने की मांग की है । शिकायतकर्ता का आरोप है कि उपरोक्त तीनों शिक्षकों के अंक पत्र फर्जी बताए जाते हैं उक्त तीनों शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी की थी को कई प्रार्थना पत्र दिए गए कोई जांच नहीं कराई गई इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एडी बेसिक शिक्षा को शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित कर उपरोक्त शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच कर कर दोषी शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी की मनमानी कार्यशैली के चलते एडी बेसिक शिक्षा लखनऊ के आदेश के बावजूद आज तक उक्त फर्जी शिक्षकों के अंक पत्तों की जांच नहीं कराई गई।। शिकायतकर्ता का आप एक उपरोक्त फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी कर रहे शिक्षकों और खंड शिक्षा अधिकारी फुल बहन तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी से अच्छी खासी साथ गांठ के चलते आज तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है और नहीं दौरान जांच इनका वेतन ही रोका गया है। जिम्मेदारों की इस लापरवाह वह मनमानी कार्य प्रणाली से आहत होकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग करते हुए दौरान जांच उक्त शिक्षकों का वेतन रोके जाने की भी मांग की है। बताते चलें यहां तैनात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी पर शायद उच्च अधिकारियों व सरकार के आदेशों का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है साहब की मनमानी कार्यशैली के चलते आज जनपद में कई शिक्षक फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करते देखे जा सकते हैं। उक्त शिक्षकों की जानकारी साहब को पूरी तरह से होने के बावजूद आज तक कोई कार्रवाई न किया जाना विभागीय संलिप्त की ओर इशारा करने को काफी है। बताते चलें कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओदरहना से प्रधानाध्यापक पद से अवकाश प्राप्त शिक्षक व शिक्षक नेता प्रभुनाथ प्रजापति इसका ज्वलंत उदाहरण है। जो फर्जी अंक पत्रों पर अपनी नौकरी पूरी करके अवकाश ग्रहण करने के बाद विभागीय अफसरों के रहमों करम से बेखौफ पेंशन का लाभ लेते हुए सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम को चुनौती दे रहे हैं। इतना ही नहीं शिक्षक प्रभु नारायण यादव तथा संविलियन विद्यालय शिशोरा में तैनात शिक्षक श्याम जी के अंक पत्र फर्जी होने की चर्चाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। और इसके लिए कई प्रार्थना पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए तथा प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त शिक्षकों के अंक पत्रों का सत्यापन कराए जाने की मांग की गई ।लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी साहब जो है इनके ऊपर शिकायती प्रार्थना पत्रों का असर ही नहीं पड़ता है। उक्त मामले की शिकायत एडी बेसिक शिक्षा को फोन द्वारा व उनके व्हाट्सएप पर प्रार्थना पत्र की कॉपी भेज कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की गई थी ।उक्त मामले प्रकरण में एडी बेसिक द्वारा उक्त कथित शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने के आदेश भी दिए थे। लेकिन साहब की मनमानी और खाऊ कमाऊ नीति के चलते एडी बेसिक के आदेश के बावजूद भी उक्त शिक्षकों के अंक पत्रों की जांच नहीं कराई गई ।शायद साहब के सामने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के आदेश और एडी बेसिक के आदेश कोई मायने ही ना रखते हो। अब देखना यह है कि बीएसए की द्वारा कब तक उक्त शिक्षकों को कमाई का जरिया बनाते हुए संरक्षण दिया जाता रहेगा या फिर उनके विरुद्ध की जाएगी कार्यवाही।

भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा ब्लाक लखीमपुर सी एम पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग

●मनरेगा योजना में मची लूट पर जिम्मेदार मौन कैसे हो कार्यवाही

अब तक एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत में हुए फर्जीवाडा व गोलमाल का खुलासा होने के बावजूद दोषियों पर कार्यवाही करने से कतराते नजर आ रहे जिम्मेदार

इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बालू की जगह मौरंग खरीद के बिल लगाकर बीसों लाख का घोटाला

टी ए हरीश चौधरी व टी ए मिश्रा जी सहित पंचायत सचिव, प्रधान, ठेकेदार की भूमिका सवालों के घेरे में


जनसुनवाई
समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली, उत्तर प्रदेश
सन्दर्भ संख्या:- 40015324013163
लाभार्थी का विवरण
आवेदन पत्र का ब्यौरा
लाभार्थी का विवरण/शिकायत क्षेत्र का

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी मामला विकासखंड लखीमपुर का है। जहां पर खंड विकास अधिकारी एवं डीसी मनरेगा के नाक के नीचे फर्जीवाडा करके दर्जनों ग्राम पंचायतों में बीसों लाख रुपए के सरकारी धन का गवन कर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। साथ ही साथ जिम्मेदार साहबों की निष्ठा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। और साहब इन भ्रष्टाचार में लिप्त अपने मातहतो के सामने निरीह बने सब कुछ देख रहे हैं। जिम्मेदारों की उदासीनता और खाऊ कमाऊ नीति के चलते ब्लाक लखीमपुर की कई ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की गंगा बहती नजर आ रही है। जिम्मेदारों की इस भ्रष्ट कार्यशाली से आहत होकर उपरोक्त मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी ग्राम पंचायतों की बात करें तो अमानलाला, बिझौली, बेहटा, घुघुची ,ग्राम पंचायत बाजपेई, लाहौरी नगर ,पहाड़ापुर, सलेमपुर आदि ग्राम पंचायतें प्रमुख हैं ।जहां मनरेगा से ठेकेदार द्वारा करवाए गए इंटरलॉकिंग कार्य में हकीकत के धरातल पर रोडा बालू और इंटरलॉकिंग ईट का प्रयोग करके कार्य पूर्ण कराया गया। और भुगतान में बालू की जगह मौरंग का बिल बनाकर लाखों रुपया प्रति ग्राम पंचायत के हिसाब से बीसों लाख का सरकारी धन डकार लिया गया।यदि हम मौके पर मौजूद मिले ग्रामीणों की जुबानी सत्य माने तो ज्यादातर इंटरलॉकिंग कार्य में रोडा की बजाय पुराने खड़ंजे की ईंटों का प्रयोग करके इंटरलॉकिंग कार्य करवाया गया है। तो कहीं पीला ईंटों के रोड़ों को खरीद करके कोरम पूरा किया गया है। आईए आज हम आपको विकास खण्ड लखीमपुर में हुए फर्जीवाडा व भ्रष्टाचार दिखाने के लिए वांगिए स्वरूप कुछ ग्राम पंचायत में ले चल रहे हैं जहां पर मनरेगा योजना से ठेकेदार के माध्यम से कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य के नाम पर फर्जी विलो के द्वारा द्वारा जमकर सरकारी धन के लूट का खेल खेला गया है। केस नं01.ग्राम पंचायत घुघुची में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 23 -24 में मनरेगा से करवाए गए इंटरलॉकिंग कार्य में फर्जी वाडा करके लाखों रुपए का गवन कर लिए जाने का मामला चर्चा में है,और ग्राम पंचायत में फैले भ्रष्टाचार की अनूठी कहानी बयां कर रही है। इस खेल में ग्राम प्रधान से लेकर ग्राम पंचायत सचिव ,के साथ-साथ जे ई व टी ए सहित ए पी ओ व ठेकेदार की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं। गौरतलब हो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत घूंघुची में मैंकू लाल के मकान से प्राथमिक विद्यालय होते हुए संजय शर्मा के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बिल संख्या 705 में मौरंग के नाम पर 49505 बिल संख्या 706 में 49505 बिल संख्या 709 में 19307 कुल भुगतान 118317 रुपए का आहरण किया गया। क्रम संख्या(2) राजेश शुक्ला के मकान से देवी मंदिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बिल संख्या 701 में 49505, बिल संख्या 702 में 39604, कुल भुगतान 89109 ,क्रम संख्या(3)चंद्रिका के मकान से लल्ला के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य में बिल संख्या 793 में 31353 ,(4)अजय के मकान से श्री कृष्ण के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य में मौरंग के नाम बिल संख्या 295 रुपया 49505, का भुगतान निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत घुघुची में मनरेगा सेकराए गए इण्टरलाकिंग कार्य में (1) श्री कृष्ण के मकान से सावान के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य बिल संख्या 852 के द्वारा बालू की जगह मोरंग खरीद के नाम पर रुपया 71452 व(2) चंद्रभाल के मकान से ग्राम सचिवालय तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के नाम बिल संख्या 944 के द्वारा मौरंग खरीद के नाम पर रुपया 89581 का भुगतान निकाले जाने का आरोप लगाया गया है। यह सारा खेल ग्राम पंचायत सचिव अनामिका तिवारी व ठेकेदार मनरेगा की मिली भगत से खंड विकास अधिकारी लखीमपुर के संरक्षण में खेले जाने के आरोप घुघुची के ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। केस नं(02) ग्राम पंचायत बिजौली में मनरेगा योजना के तहत करवाए गए इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजाराम के मकान से राम लखन के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बिल संख्या 744मे 60974रू0, रामनरेश के मकान से शिवपाल के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य में बिल संख्या 745के द्वारा 37089रू0,सी सी रोड से राकेश धोबी के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बल संख्या 175 में 67987रू0, वित्तीय वर्ष 2023 24 की बात करें तो राजेश के घर से देवी स्थान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य बल संख्या 868 के द्वारा 42747रू0, रमेश के मकान से सामुदायिक केंद्र तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य बल संख्या 869 में मौरंग खरीद के नाम पर 82666रू0, बिजौली ग्राम पंचायत में में रोड से है बाजार और है बाजार परिसर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में बल संख्या 128 के माध्यम से रुपया लाख 2हजार154रू0 गड़बड़ झाला करके हजम कर लिए जाने का मामला सुर्खियां बना है। यही हाल ग्राम पंचायत पहाड़पुर अमानलाला, बेहटा, और ग्राम पंचायत बाजपेई सहित सलेमपुर कोन आदि अन्य कई ग्राम पंचायतें चर्चा का विषय बनी हैं। अकेले ग्राम पंचायत बिजौली में वित्तीय वर्ष 2022 23 व 2023 24 में मनरेगा योजना से कराए गए इंटरलॉकिंग में बालू का उपयोग कर मौरंग के बल लगा किए गए गड़बड़ झाले और घोटाले पर एक नजर डाले तो कल 3 लाख 93हजार छ सौ इकतालीस रू0का गोलमाल किया गया है।उक्त मामले की ही यदि करा ली जाए जांच तो मामला आएगा खुलकर सामने और दर्जनों ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए का घोटाला होगा उजागर। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह सारा खेल तत्कालीन ए पी ओ रहे अंशुल के कार्यकाल में होना बताया जाता है। वर्तमान में यह साहब विकासखंड फूलबेहड़ में तैनात बताए जाते हैं। फर्जीवाडा के मुख्य मास्टरमाइंड टी ए मिश्रा जी और टी ए चौधरी साहब के साथ-साथ तत्कालीन ए पी ओ अंशुल साहब सहित पंचायत सचिव, प्रधान ,व ठेकेदार बताए जाते हैं। देखना अब यह है उक्त मामले पर उपायुक्त मनरेगा द्वारा क्या निर्णय लिया जाता है ।मामले की कराई जाती है जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच और जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर की जाती है कार्यवाही अथवा मामले की लीपापोती करके ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। जब उपरोक्त मामले की धरातलीय हकीकत जानने के लिए स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र की टीम ने ग्राम पंचायत बिजौली अमन लाल और घुनघुची सहित बेहटा,व पहाड़पुर सहित बाजपेई ग्राम पंचायत पहुंचकर पड़ताल की तो हकीकत कुछ और ही नजर आई। ग्राम पंचायत अमन लाल और बिजौली में मौके पर मौजूद मिले दर्जनों ग्रामीणों ने बताया इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में रोड की जगह पुराने खेलेंगे का अधिकांश जगह प्रयोग किया गया है और यदि कहीं पर रोड खरीद भी गया है तो पीला ईट का रोडा खरीद कर कोरम पूरा कर मानक विहीन निर्माण कराया गया है। जब ग्रामीणों से रोडा पर मोरंग बिछाए जाने की बात की गई तो उन्होंने बताया की रोडा पर मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग किया गया है मौरंग का कोई प्रयोग नहीं किया गया। यही हाल ग्राम पंचायत घुघुची व बिझौली में भी प्रकाश में आया ग्रामीण द्वारा रोडा की जगह मौरंग पीला ईटों और पुराने खड़ंजे पर ही इंटरलॉकिंग बिछा दिए जाने की बात कही गई है। उपरोक्त ग्राम पंचायत में से किसी भी ग्राम पंचायत के निवासी ग्रामीणों द्वारा रोडा पर मौरंग डाले जाने की बात स्वीकार नहीं की सभी ने रोडा की जगह है पुरानी ईटों का प्रयोग किए जाने तथा कहीं-कहीं पर रोडा के नाम पर पीला ईटों के खंडा खरीदे जाने की बात कही है। अब सवाल यह उठता है कि जब रोडा के ऊपर बालू का प्रयोग किया गया है तो मोरंग के बिल क्यों बनाए गए? और बिलों के माध्यम से खरीदी गई इतनी भारी भरकम मात्रा में मौरंग का उपयोग आखिर कहां किया गया। इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर ग्राम पंचायत अधिकारी से लेकर प्रधान टीए सहित ए पी ओ व खंड विकास अधिकारी विकासखंड लखीमपुर के पास भी ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।अब देखना यह है कि उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले की कराई जाएगी जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच या फिर मामले में कोई कार्यवाही किए बगैर ही अन्य शिकायतो की तरह मनमानी एवं भ्रामक जांच आख्या लगाकर शिकायत का कर दिया जाएगा फर्जी निस्तारण।

मानवता की मिसाल है अंशय कालरा, सांसद बनाएं नेता नहीं बेटा बनकर करेंगे सेवा

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी 28 खीरी लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के युवा कर्मठ एवं मृदभाषी उम्मीदवार अंशय कालरा पिछले लगभग 40- 45 दिनों से 28 खीरी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न कस्बो और विधानसभा क्षेत्रों में तूफानी दौरा कर रहे हैं ।गुरुवार को लगभग दो दर्जन गांवो का तूफानी दौरा करके जन समर्थन जुटाया और उसके बाद एक पत्रकार वार्ता करके मीडिया से रूबरू होते हुए अपनी पार्टी द्वारा जारी मेनिफेस्टो के विषय में बताया। और मीडिया में पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया। बताते चलें कि आज भीषण व तपती धूप में कालरा जी ने दर्जनों गांव का सघन दौरा करके पार्टी और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा जन संवाद किया ।अंशय कालरा ने अपनी कड़ी मेहनत से सुदूरवर्ती गांव तक अपनी पहुंच बनाई और जनता का दिल जीत लिया। जनसंपर्क के दौरान मिल रहे अपार समर्थन से भाजपा प्रत्याशी सहित अन्य प्रत्याशियों के माथे पर बल पडना लाजमी है ।बसपा प्रत्याशी को सभी समुदायों के मिल रहे समर्थन से अन्य प्रत्याशियों के गणितीय समीकरण बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। जनसंपर्क अभियान में लोकसभा प्रत्याशी अंशय कालरा के समर्थन में किसान संगठन भी उतरता नजर आ रहा है। और एक किसान संगठन ने तो प्रेस वार्ता में बसपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन का ऐलान भी कर दिया। जन समर्थन के दौरान ग्राम सिंगहा कलां में लगी भीषण आग से बेघर हुए लोगों की मदद व हाल-चाल जानने पहुंचे बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा को लोगों ने मानवता की जीवंत मिसाल बताते हुए कहा कि यह खीरी लोकसभा क्षेत्र का सौभाग्य ही है। कि उसे अंशय कालरा जैसा विकास का विजन रखने वाला प्रत्याशी मिला है। अंशय कालरा को सांसद बनाएं यह नेता नहीं बेटा बनकर सेवक के रूप में क्षेत्र की सेवा करेंगे।

नौनिहालों की जिन्दगी को लेकर कोर्ट जाने की तैयारी

●स्थानीय प्रशासन चुप तो कोर्ट ही रास्ता

एक ऐसा स्कूल जहां हर समय दाव पर लगी है बच्चों की जिंदगी....

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी शासन प्रशासन की चुप्पी देख अभिभावक उत्थान सेवा समिति अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी ताकि बच्चों का जीवन सुरक्षित रहे।

आदमी धन कमाने के चक्कर में सब कुछ भूल चुका है। उसे किसी की सेहत से कोई मतलब नहीं है। बस उसकी तिजोरी में रुपए आने चाहिए। नगर के बांकेगंज रोड पर एक ऐसा स्कूल खोला गया है जहां अपने नौनिहालों को पढ़ना जान जोखिम में डालना है। वहां बच्चे बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। इसकी वजह है कि बच्चों के बैठने के लिए जो भवन बना है उसमें पहले आग लग चुकी है। लिंटर की सरिया गल गई थी। उसी पर दो मंजिला भवन खड़ा कर दिया गया है। जो कभी भी हल्का भूकंप आने पर धराशाई हो सकता है और बच्चों का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

इतना ही नहीं जिस जगह पर यह स्कूल बनाया गया है उसके ठीक पीछे सरायन नाला निकला है। जिसकी तीव्र दुर्गंध किसी से छुपी नहीं है। एक नाला होता तो कोई बात नहीं, स्कूल के आगे बजाज चीनी मिल की बाउंड्री है। जहां पर ऑर्गेनिक खाद का निर्माण होता है। जिसमें तमाम प्रकार के रसायन डाले जाते हैं। उनकी दुर्गंध और तरह-तरह के मच्छर जनित बैक्टीरिया उड़ते रहते हैं जो बच्चों को बीमार कर सकते हैं। *विषैली दुर्गंध बच्चों के फेफड़े को खराब कर सकती है, हृदय प्रभावित हो सकता है, आंखों में खराबी आ सकती है, दमा की बीमारी हो सकती है, बच्चा संक्रामक रोगों का शिकार हो सकता है और सबसे एक गंभीर बात यह भी है यदि स्कूल में आपातकाल के दौरान बच्चों को स्कूल से बाहर निकालना पड़े तो इसका मुख्य गेट एक ही है। जबकि कम से कम दो गेट जरूरी हैं। एक गेट से पूरे स्कूल के बच्चे और स्टाफ आपातकाल के समय बाहर निकलना मुश्किल होगा।

नगर और क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों का भविष्य और जिंदगी दांव पर ना लगाएं।

मोहम्मदी, पसगवां और ऊचौलिया मे 7625 लोग हुऐ पाबंद,2400 लाइसेंस जमा 9 हुऐ जिला बदर

●अतिसंवेदनशील ,संवेदनशील सहित 75व्न बूथो पर उपजिला अधिकारी के साथ किया गया निरीक्षण - पुलिस उपाधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात

मोहम्मदी खीरी,लोकसभा चुनाव व चुनाव आयोग के दिशानिर्देश पर शतप्रतिशत शान्ति पूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिह ने बताया कि हमारे सर्कल के मोहम्मदी, पसगवां और ऊचौलिया थानाध्यक्षो के माध्यम से चुनाव को सही ढग से समपन्न कराने के उद्देश्य से मोहम्मदी मे3442,पसगवां मे2510 तथा ऊचौलिया मे 1073 लोगों को पाबंद किया गया है,वही उन्होंने बताया कि तीनो थानो मे.मिनी गुंडा एक्ट के तहत 109 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है ,वहीं गुंडा एक्ट के तहत 34 लोग पाबंद किए गए हैं, तीनों थानों में चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है, मोहम्मदी ,पसगवां और ऊचौलिया मे कुल2400 शस्त्र लाइसेंस जमा किए गए हैं ,मोहम्मदी में एक तथा ऊचौलिया थाने में आठ लोगों पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है, पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सकुशल चुनाव संपन्न करने के लिए संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों के अतिरिक्त 75व्न बूथों का उप जिलाधिकारी के साथ में भ्रमण बैठक और निरीक्षण किया गया है, चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी निगाह रख रहे है, अवैध शराब पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो भी अवैध कामों में पाया जाएगा निश्चित तौर कार्रवाई की जाएगी.

संक्षिप्त ख़बरें

श्रीमद्भागवत कथा सुनने से सभी तरह के पापों से मिलती है मुक्ति- पंडित विनोद माधव महाराज।

भदोही। गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर-चितईपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के संगीतमय प्रवचन में प्रयाग से पधारे कथावाचक पंडित विनोद माधव महाराज ने शुक्रवार को अपने प्रवचन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की विस्तार से चर्चा की। कहा कि संत किसी को दुखी देखना नही चाहते जो दूसरों को दुख में सुख का अनुभव करता है वह संत नही हो सकता है। संत का क्षण, स्वर्ण और अन्न का कण व्यर्थ नही करना चाहिए। कहा कि जिस तरह तमाम युगों में भगवान ने अपने भक्तों की तमाम रूपों में रक्षा की वैसे आज भी भगवान हमेशा भक्तों की रक्षा करते है, भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अपने भी नियम को तोड़ देते है। कहा कि भगवान की कृपा पाने के लिए संतों की संगति और सत्संग की बहुत जरूरत है। पंडित विनोद माधव महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण मात्र से भगवान की कृपा मिलती है। भक्ति का प्राकट्य हृदय में होता है जब कान से कथा सुनते है ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसलिए कथा को ध्यान से सुनना चाहिए। मानव शरीर को जितना भक्ति में रखते है उतना ही कल्याण होता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से तमाम पाप करने वाले भी मुक्ति को णप्राप्त होते है। कहा का किसी भी तरह की समस्या हो श्रीमद्भागवत कथा सुनने से सभी तरह के दोष की मुक्ति मिलती है। जब बच्चों का आचरण शुद्ध नही है उनसे कल्याण की कामना करना गलत है लेकिन आज भी बहुत पुत्र है जो समाज के लिए मिशाल है। इस मौके पर अखिलेश पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, श्यामा चरण पाण्डेय, जगदीश पाण्डेय, रमेश पांडेय, छोटेलाल पाण्डेय, संजय पाण्डेय, टूनटून तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जल संरक्षण के बारे में लोगों को करें जागरूक

भू-गर्भ जल विभाग की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को दिया निर्देश



मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में नोडल अधिकारी भूगर्भ जल विभाग द्वारा माह अप्रैल में प्राप्त आवेदनों के विषय में परिषद को अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देश करते हुए कहा कि आपने स्तर से भूजल उपभोक्ताओं को सूचित करें और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं के बारे में अवगत करायें तथा बचाने के संरक्षण के बारे में लोगों में जागरूकजा लाए। बैठक में उपयुक्त उद्योग अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाइक सवार और मैजिक की टक्कर में 50 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल

चील्ह, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के मीरजापुर औराई मार्ग पर मुजेहरा गांव के पास मैजिक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल। स्थानीय उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर रेफर। जानकारी के अनुसार पुरजागीर गांव निवासी 50 वर्षीय मुख्खू राम पुत्र जवाहर लाल शनिवार की सुबह क़रीब आठ बजे अपनी बाईक से किसी कार्य से औराई बाजार जा रहे थे कि जैसे ही मुजेहरा गांव के पास पहुंचे थे कि आगे जा रही मैजिक वाहन को ब्रेक लेने से पीछे से बाईक मैजिक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाईक सवार मुखखू राम गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल अवस्था में सड़क पर तड़प रहे थे कि उधर से अपने चिकित्सालय आ रहे डॉक्टर अनिल कुमार बिंद ने मानवता दिखाते हुए पुलिस व परिजनों को सूचना दे कर घायल मुख्खु राम को उठाकर उसी मैजिक में लाद कर चील्ह चौराहे पर स्थित अपने चिकित्सालय में ले आए और प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर मीरजापुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे पुलिस व परिजनों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को ट्रामा सेंटर मीरजापुर पहुंचाया। पुलिस ने मैजिक व मैजिक चालक को हिरासत में ले लिया है।

समस्त उडन दस्ता टीम,लेखा टीम,वीडियो निगरानी टीम व वीडियो अवलोकन टीम की निर्वाचन कार्य की जिला निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

● निगरानी के दौरान नगदी,लीकर,कीमती धातु,नारकोटिक्स,प्रलोभन सामग्री को जप्त करते हुए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम ऐप दर्ज होगी रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

भदोही– लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में समस्त उडन दस्ता टीम,लेखा टीम, वीडियो निगरानी टीम व वीडियो अवलोकन टीम की निर्वाचन कार्य की समीक्षा की गयी।अधिसूचना की तिथि दिनांक 29.04.2024 से कियाशील होनें वाले स्थैतिक निगरानी दल व सहायक ब्यय प्रेक्षक को ब्यय से संबंधित माामलों में नोडल अधिकारी-ब्यय बृजेश सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आर0 ओ0 द्वारा अनुमति प्रदत्त वाहनों / अस्थायी निर्वाचन प्रचार कार्यालयों आदि का छाया प्रेक्षण रजिस्टर में दैनिक रुप से अंकन करनें की प्रक्रिया को बताया गया और वीडिओ अवलोकन टीम द्वारा प्रेषित सभा/जुलूस / रैली आदि का मदवार छाया प्रेक्षण रजिस्टर में अंकन करनें का प्रकिया से भी अवगत कराया गया। आई0टी0 के प्रभारी द्वारा समस्त एफ0एस0टी0 व एस0एस0टी0 को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम ई.एस.एम.एस के माध्यम से सीज करनें की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। निगरानी के दौरान नगदी, लीकर, कीमती धातु, नारकोटिक्स ,प्रलोभन सामग्रियों, के पाए जाने पर जप्त करते हुए उसकी सूचना ए एस एम एस ए पर भरनी है। 22 डिपार्टमेंटों द्वारा ऐप पर जब्त सामानों पर निगरानी रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त टीमों को उनके निर्वाचन दायित्व व उनसे संबंधित समस्त रिपोर्ट सभी संबंधितों के साथ-साथ लेखा टीम को ब्यय का आगणन करनें हेतु समय से उपलब्ध करानें का निर्देश दिया।अन्त में उपरोक्त टीमों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का समाधान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ तेजवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, सहायक खाद्य आयुक्त चंदन पांडेय, निगरानी, वीडियो, व व्यय लेखा टीम के सभी सदस्य आदि उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

भदोही में मिठाई के डिब्बों से लेकर अस्पताल की पर्चियों में छपा- 25 मई को मतदान जरूरी

● भदोही लोकसभा चुनाव- अप्रैल की गर्मी में बढ़ी चुनावी गर्मी

स्वतंत्र प्रभात

ज्ञानपुर/भदोही। लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे नजदीक आ रही है ठीक वैसे-वैसे कालीन नगरी की लोकसभा क्षेत्रों में सियासी गर्मी बढ़ती जा रही है। चुनावी समर में एक तरफ जहां राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर तमाम छोटी-बड़ी निर्दल व सामान्य पार्टियां भी अपने प्रत्याशियों की मदत से जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने में जुटे हुए हैं और चुनावी चुनाव में मतों का पिटारा भरने में लगे हुए हैं। इसी बीच दूसरी तरफ लोकतंत्र के इस महापर्व की तैयारियों की बात करें , तो जिला प्रशासन पूरी तैयारियों के साथ लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जुटा हुआ है। जिले के युवा पत्रकार शिवांशु दुबे ने जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि भले ही चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतरे हुए हैं मगर चुनाव को रिकॉर्ड मतों से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह पूरी टीम के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। जनपद में चुनावी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अब तक जिलाधिकारी विशाल सिंह के नेतृत्व में ज्ञानपुर , मतेथू , सुरियावां , मोढ़ , भदोही , देवनाथपुर , रजपुरा , औराई , उगापुर जैसे क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकालकर जनपद के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। 25 मई 2024 के दिन भदोही लोकसभा सीट की पांच विधानसभा सीटों प्रतापपुर , हंड़िया , ज्ञानपुर , भदोही , औराई में लोकसभा चुनाव होने वाला है। जिलाधिकारी विशाल सिंह व मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के कुशल दिशानिर्देश पर मिठाई की दुकानों पर मिठाई के डब्बों में भी ÷25 मई मतदान जरूरी÷ की मुहर लगाई जा रही है। जनपद के बिकानेर मिष्ठान भंडार , साई राजपूत , गोकुल स्वीट हाउस रजपुरा , श्रीकाशी मिष्ठान , केशरी स्वीट समेत कई प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों की तरफ से मिठाई के डब्बों में मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर के पर्चों व हास्पिटल के पर्चों में भी मतदान की जानकारी देकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। निश्चित तौर पर ये जागरूकता आने वाले दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में अहम भूमिका निभा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में छठे चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यक्रम किया घोषित

●आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कक्ष में उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही करेंगे प्रवेश

नामांकन तिथि व समय 29 अप्रैल से 6 मई तक 11से 3 बजे तक कलेक्ट्रेट सील,निर्वाचन पास रहने पर ही होगा प्रवेश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही – जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने जनपद भदोही के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को सूचित करते हुए बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही लोकसभा क्षेत्र में छठें चरण में मतदान कराए जाने हेतु कार्यक्रम घोषित किया जा रहा है, जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना व नामांकन प्रारंभ की तिथि 29.04.2024, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 06.05.2024, नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 07.05.2024, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 09.05.2024 को अपराह्न 3ः00 से पूर्व तक, मतदान का दिनांक 25.05.2024, मंगलवार ,मतगणना का दिनांक 04.06.2024 है। उन्होंने बताया कि 78, भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन न्यायालय कक्ष कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट भदोही कलेक्ट्रेट परिसर सरपतहां में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 तक रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्राप्त किए जाएंगे, दिनांक 07.05.2024 को नाम निर्देशन पत्रों की सवींक्षा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी, दिनांक 09.05.2024 को नाम वापसी के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आवंटित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहन एवं काफिले को नामांकन कक्ष से 100 मीटर के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में आयोग के निर्देशानुसार उम्मीदवार के साथ चार अन्य व्यक्ति उम्मीदवार सहित कुल पांच व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा जारी।

डॉ मनोज तिवारी की पुस्तक मनोविज्ञान एवं शिक्षण का विमोचन

●भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू की मौजूदगी में हुआ विमोचन

स्वतंत्र प्रभात

भदोही, 26 अप्रैल। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थियेटर में भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित 2024 फेडरेशन कप (सीनियर) के समापन समारोह में डॉ मनोज तिवारी वरिष्ठ परामर्शदाता एआरटी सेंटर, एस एस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू द्वारा लिखित पुस्तक मनोविज्ञान एवं शिक्षण का विमोचन हुआ।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू, संतुष्टि अस्पताल के निदेशक एवं प्रख्यात यूरोलॉजिस्ट डॉ संजय गर्ग, मनीष सिंह राष्ट्रीय महासचिव अपना दल (एस), वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सतीश चंद्र राय, वरिष्ठ समाजसेवी आलोक सिंह अधिवक्ता, काशी विद्यापीठ छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा सत्येंद्र सिंह, गोपाल सिंह अधिवक्ता एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री संजय सिंह बबलू ने कहा कि मनोविज्ञान विषय अत्यंत उपयोगी है, पहलवानों के लिए भी अपने संवेग पर नियंत्रण रखना आवश्यक होता है अन्यथा वे अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन करने से पीछे रह जाते हैं। सतत मनोवैज्ञानिक परामर्श खिलाड़ियों के आत्मविश्वास व मनोबल को बनाए रखने में उपयोगी होता है। उन्होंने डॉ मनोज तिवारी को शुभकामना दी तथा अन्य समाज उपयोगी पुस्तकों की रचना के लिए शुभकामना दिया। विदित हो कि डॉ मनोज तिवारी काशी के जाने-माने मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षाविद हैं उन्होंने मनोविज्ञान की 10 पुस्तकों की रचना की है तथा सामाजिक जागरूकता हेतु राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं एवं समाचार- पत्र में नियमित लेख लेखन का कार्य भी करते हैं। इस अवसर पर वाराणसी क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर मनीष सिंह, एआरटी सेटर, बीएचयू के चीफ फार्मासिस्ट पवन कुशवाहा, भाजपा नेता प्रकाश सिंह तथा देश के विभिन्न राज्य से आए हुए पहलवान उपस्थित रहें।

अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नारकोटिक्स विभाग की बैठक कर की गयी समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नारकोटिक्स विभाग की बैठक कर कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नार्को को-आर्डिनेशन सेन्टर के क्रियान्वयन हेतु नशीली पदार्थो के तस्करी, दुरूपयोग को रोकने हेतु अभियान चलाकर प्रभावी करें। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थो के तरीकों, संदिग्ध व्यक्ति्यों,स्थलों को चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक प्रवर्तन कार्यवाई कर व्यापक प्रचा-प्रसार भी करायें। वन क्षेत्रों में या अन्य शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम, भॅग आदि की अवैध खेती पर कडी निगरानी रखी जाए अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यध्वाई की जाए। युवा पीढी में नशीली दवाओं व मादक पदार्थो के सेवन न करें इसके लिए उन पर आने वालु दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु नशा विरोधी अभियान के तहत जागरूयकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा ड्रग्स की दुकानों पर औषशि विभाग व ड्रग अधिकारी द्वारा अभ्यिान चलाकर चेकिग की जाए। इस अवसर पर अब की गई कार्यवाई की समीक्षा की गइ। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारी के साथ वन विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

●बजा चुनावी बिगुल,नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट तैयार, सुरक्षा बल मुस्तैदी से तैनात

भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप होगा नामांकन- जिला निर्वाचन अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 27 अप्रैल 2024 – जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह व उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 78-भदोही के लिये कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष, वैरीकेटिंग, छाया हेतु टेन्ट, साफ-सफाई, आने जाने के लिये रूट डायवर्जन प्लान, सुरक्षा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह व एसडीएम ज्ञानपुर/ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भान सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ.पंकज कुमार सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन की प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न स्थलों पर सुरक्षा के दृष्टिगत बनायी जाने वाली वैरीकेटिंग, रूट डायवर्जन प्लान आदि के विषय में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने नामाकंन कक्ष/न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी का भौतिक निरीक्षण कर लो0नि0वि0 द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगायी जाने वाली वैरीकेटिंग, टेन्ट आदि के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने न्यायालय कक्ष में कम्प्यूटर सिस्टम लगाने, वेब कॉस्टिंग, वीडियोग्राफी आदि सभी आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने लॉ एण्ड आर्डर के संबंध में चर्चा करते हुए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती हेतु माइक्रो प्लान बनाने व सही स्थान का चयन करने हेतु निर्देशित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित नामांकन वाले सभी दिनों में 29 अप्रैल से 06 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर आम जनमानस के लिए 11 से 3 बजे तक सील रहेगा, इस दौरान निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी निर्वाचन पास दिखाकर ही अंदर प्रवेश कर सकते हैं। आम जनमानस के लिए उपरोक्त समय मे प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा. जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

बोलेरो का पहिया निकलकर हुआ बाहर पलटी बोलेरो एक की हुई मौत, छह घायल

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज। थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में शनिवार सुबह दस बजे के लगभग तेज गति में जा रही बोलेरो के आगे का दाहिना पहिया निकलने से बोलेरो अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे पलट गई। घटना में आगे बैठे एक युवक की मौत हो गई तथा चालक समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसआई काशी सिंह व मनसुख यादव ने घायलों को उपचार हेतु नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने डिस्चार्ज कर दिया। हादसे में मृतक और सभी घायल मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के मिसिरगवां गांव के निवासी हैं। मध्यप्रदेश के लोढ़ी गांव के संजय पाल के घर बरात में बैंड बाजा बजाने के लिए बोलेरो गाड़ी से हलिया थाना क्षेत्र के पवारी कलां गांव आए बैंड पार्टी के सभी लोग बरात की विदाई होने के बाद अपने घर मिसिरगवां जा रहे थे जैसे ही मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव की सीमा में प्रवेश किए तो अचानक बोलेरो का आगे का दाहिना पहिया निकलकर बाहर हो गया। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना में बोलेरो में आगे बैठे 28 वर्षीय सूर्यभान साकेत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो में सवार 38 वर्षीय बोलेरो चालक कौशल विश्वकर्मा पीछे बैठे 48 वर्षीय शंकर साकेत 45 वर्षीय शुभ नारायण साकेत 25 वर्षीय संजय साकेत 30 वर्षीय राधेश्याम साकेत 40 वर्षीय तीरथ साकेत घायल हो गए। सभी घायलों का पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में उपचार करवाया जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने घर जाने के लिए डिस्चार्ज कर दिया।

गर्मी के मौसम में खेत में लगी फसल को आग से बचाव के लिए किसान अपनाये उपाय

● अध्यक्ष,जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही– अध्यक्ष,जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विशाल सिंह के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है एवं वर्तमान समय खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल लगभग पक कर तैयार होने पर गर्म वातावरण में किसी भी कारण यथा बिजली के तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न हुई चिंगारी, खेतों में लगे हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी अथवा धूम्रपान के कारण लगने वाली आग से विकराल रूप धारण कर लेती है, जिसके कारण व्यापक फसल क्षति एवं जनहानि की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं से बचने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किसानों को विभिन्न उपायों का पालन करने की सलाह दिया गया है जिसके तहत जहां खेतों में ट्रांसफार्मर लगे हुए है, उसके अगल-बगल लगभग 10 मीटर की लम्बाई चौड़ाई में सुरक्षा की दृष्टि से गेहूं की कटाई अन्य खेतों की अपेक्षा पहले कर लेनी चाहिए, जिससे विद्युत् स्पार्क होने पर खेत में आग नही फैल सकें तथा खेतों के ऊपर से गुजरने वाले बिजली के जर्जर तारों के आपसी रगड़ से उत्पन्न होने वाली चिंगारी से बचाव के लिए बिजली विभाग के सम्बन्धित उपकेंद्र के अभियंता को समय से सूचित करते हुए तारों को कसने अथवा बदलने के लिए से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि काटे गये फसल के गट्ठर को एक साथ न रखते हुए अलग रखे, जिससे किसी भी तरह की आग लगने की घटना होने पर सम्पूर्ण फसल के जलने की संभावना कम होगी तथा फसल काटते समय साथ काम करने वाले श्रमिकों को धूम्रपान करने के लिए अनिवार्य रूप से मना किया जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश खेतों में आग लगने पर तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करने के साथ ही अपनी वास्तविक लोकेशन एवं आने वाले समीपवर्ती रास्ते के बारे में अवगत कराये जिससे सही स्थान पर अग्निशमन विभाग तत्काल पहुँच सकें।

मतदान के लिए लोगो को करे जागरूक- डॉ पी एन डोंगरे

स्वतंत्र प्रभात

चुनार। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में मतदान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शनिवार को तीन सो छात्र-छात्राओं को संकल्प पत्र वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रियाशी पाण्डेय प्रथम, प्रियांशु कुमार द्वितीय, अखिलेश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में साहिबा बानो प्रथम,पुजा कुशवाहा द्वितीय और आशिया बेगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।अखिलेश व विजय ने मतदान जागरूकता विषय पर लोकगीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप नारायण डोगरे ने कहा कि स्वयं मतदान करें साथ ही अपने गाँव अपने क्षेत्र के लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करे। बुजुर्गों एवं विकलांगो की सहायता करे। डॉ शैलेंद्र,डॉ चंदन द्विवेदी, डॉ गुरू प्रसाद ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी डॉ शेफालिका राय ने व धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया ।इस अवसर पर डा रामनिहोर,प्रो माधवी शुक्ला ,मुख्य शास्ता डा राजेश कुमार दूबे , डॉ प्रभात कुमार सिंह, नलिनी सिंह,डा अरविंद, दीप नारायण,डॉ अदिति सिंह, डॉ सत्येंद्र,,डॉ संकठा प्रसाद ,धर्मचन्द्र सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

स्मार्ट सिटी के कार्यों के चलते नेहरू मार्केट में लगा जाम

सहारनपुर। नेहरू मार्केट में आज स्मार्ट सिटी के कार्यों को लेकर जहां जगह-जगह काम चल रहा है गड्ढे खोदे जा रहे हैं और वहां पर पैदल चलने के लिए फुटपाथों का काम चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर बीच बाजार मलवा पड़े होने के कारण आने जाने वाले लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जाम की स्थिति बन गई है वहां पर फोर व्हीलर तो क्या टू व्हीलर भी बड़े रेग रेग कर चलते हैं और कई बार लंबा जाम लग जाता है इसको लेकर वहां के दुकानदार भी खासा परेशान है और वह प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि कार्यों को जल्द पूरा किया जाए उनका यह भी कहना था किस प्रकार का कार्य रात्रि के समय होना चाहिए जब वहां पर ट्रैफिक नहीं होता और बाजार बंद रहता है उन्होंने इस कार्य को जल्द पूर्ण करने की भी मांग की जिससे कि यहां पर आवागमन सुचारू हो सके और व्यापारी वर्ग ठीक से व्यापार कर सके घूल मिट्टी और जाम की वजह से उनकी दुकानों पर कोई ग्राहक भी नहीं रुकता है।

तमंचे सहित एक धरा गया

सहारनपुर। थाना चिलकाना पुलिस ने एक शातिर अपराधी को एक तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से 315 बोर के जिंदा कारतूस भी बरामद किये गये। एसएसपी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव ने मुखबिर की सूचना पर गुफरान पुत्र अयूब कुरैशी निवासी ग्राम महेश्वरीकलां थाना चिलकाना को आज ग्राम महेश्वरीकलां ईदगाह से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई विजय सिंह, मुख्य आरक्षी हेमन्त कुमार, आरक्षी अनुज राणा शामिल रहे।

दारागंज थाना क्षेत्र के में एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

प्रयागराज। के दारागंज थाना क्षेत्र में दारागंज रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या दिल्ली से चलकर बनारस की ओर जा रही। वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने कूद कर दी जान। आत्महत्या करने वाली की पहचान अभी अज्ञात है। थाना जार्ज टाउन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा उसके बाद आगे की कार्यवाही प्रयागराज के रेलवे सुरक्षा बल RPF रामबाग जांच करके कार्रवाई करेगी।

दरोगा के खिलाफ अपना दल एस कार्यकर्ताओं! ने किया थाने का घेराव

प्रयागराज। धरवई थाने के एक बेलगाम दरोगा के खिलाफ शनिवार को अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करके साथी की पिटाई और गाली देने के मामले में कार्यवाही की मांग की है। एसीपी धरवई ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कर कार्यवाही की बात कहीं है।आपको बता दे कि शुक्रवार की शाम पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य वीरेन्द्र कुमार पटेल का भाई देवेन्द्र तकिया चौराहे पर स्थित अपने अस्पताल से जा रहा था। आरोप है कि थरवई थाने के दरोगा दीपक कुमार सिंह और एक सिपाही ने देवेन्द्र को शराब पीने का आरोप लगाते हुए पिटने लगे। देवेन्द्र एक घर में घुस गया तो आरोप है कि घर में घुसकर भद्दी भद्दी गाली और जान मारने की धमकी देते हुए जमीन पर पटक कर पीटा गया। पीड़ित की माँ विरोध किया तो महिला के साथ भी दरोगा ने अभद्र व्यवहार किया। जबकि देवेन्द्र शराब पीता ही नहीं। दरोगा के खिलाफ शनिवार को पार्टी के गंगापार जिलाध्यक्ष भानुप्रताप पटेल की अगुवाई में थरवई थाने पहुँच कर एसीपी धरवर्ड से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर पीड़ित परिवार के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धनंजय सिंह की जमानत मंजूर। लेकिन नही लड़ पाएंगे लोक सभा का चुनाव

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत मंजूर कर ली है लेकिन उनकी सजा पर रोक से इन्कार कर दिया है। इस वजह से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने शनिवार 12 बजे यह फैसला सुनाया। फैसला गुरुवार को सुरक्षित कर लिया गया था। जौनपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में पूर्व सांसद व एक अन्य को सात साल की सजा सुनाई है। इस फैसले के खिलाफ दायर आपराधिक पुनरीक्षण अपील में सजा निरस्त करने की मांग की गई है।

पूर्व सांसद का कहना था कि अपील निस्तारण तक सजा का आदेश स्थगित रखने के साथ उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। राज्य सरकार की तरफ से वकीलों ने धनंजय सिंह के आपराधिक इतिहास में नहीं जोड़े गए मुकदमों के साथ दिल्ली लखनऊ के अपराधिक मामले की जानकारी दी थी। कहा कि कई मामलों में ट्रायल चल रहा है, ऐसे में जमानत देना उचित नहीं होगा, जबकि धनंजय सिंह के वकील का कहना था कि राजनीतिक द्वेषवश झूठा फंसाया गया है। जो तीन गवाह हैं, उनमें दो सरकारी कर्मचारी और एक प्रोजेक्ट का कर्मचारी है, उन पर दबाव बनाकर झूठी गवाही कराई गई, इसके बावजूद अभियोजन पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपना केस साबित नहीं कर सका। उन्होंने यह भी कहा कि धनंजय सिंह का जो आपराधिक इतिहास बताया गया है, उनमें अधिकतर मुकदमे राजनीतिक द्वेष वश दर्ज कराए गए क्योंकि वह विधायक और सांसद रह चुके हैं। दो दर्जन मामलों में वह बरी हो गए और चार में फाइनल रिपोर्ट लग गई एवं कुछ सरकार ने वापस ले लिए। वह लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए।

अदालत ने फसाई सांसद कैसरगंज की उम्मीदवारी अब देखना है किसकी होगी बारी

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। साल 2009 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर कैसरगंज सीट से सांसद निर्वाचित हुए बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह 2014 के चुनाव में घर वापसी कर भाजपा में शामिल हो गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद इस सीट पर सपा को कैंडिडेट नहीं मिला, जिस पर विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को बृजभूषण के मुकबले उतारना पड़ा। पंडित ने जबरदस्त टक्कर दी। हालांकि, वह चुनाव जीतने में सफल नहीं हो सके थे। वहीं दूसरी तरफ, बसपा ने भी 2019 में आजमगढ़ के बाहुबली माने जाने वाले चंद्रदेव राम यादव उर्फ करैली को कैसरगंज के चुनावी रण में उतारा लेकिन राजनीति के अखाड़े के पहलवान बृजभूषण शरण सिंह ने उन्हें भी चारों खाने चित्त कर दिया था।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र बहराइच और गोण्डा जिले के हिस्सों को मिलाकर बना है। 2009 के परिसीमन में गोण्डा जिले के कटरा बाजार, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा क्षेत्र इसमें शामिल किए गए। वहीं, बहराइच जिले की पयागपुर व कैसरगंज विधानसभा सीट सम्मिलित है। कभी बेनी प्रसाद वर्मा की कर्मभूमि रहे कैसरगंज के सियासी अखाड़े में अब भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का दबदबा है। पिछले तीन बार से वह यहां से चुनाव जीत रहे हैं। हालांकि, कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थमा सा है। वर्ष 2019 में कैसरगंज सीट पर फिर बृजभूषण शरण सिंह बीजेपी से मैदान में उतरे और चुनाव के ऐन वक्त पर सपा-बसपा गठबंधन ने आजमगढ़ के दिग्गज नेता चंद्रदेव राम यादव उर्फ करैली को उतारा। इस चुनाव में बृजभूषण को 5,81,358 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा-बसपा गठबंधन के चंद्रदेव राम यादव करैली को 3,19,757 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के कैंडिडेट रहे विनय कुमार पाण्डेय बिन्नू को महज 37,132 वोट ही प्राप्त हुए। यहां कुल 1805946 मतदाता हैं, जिसमें 9,68,534 पुरूष व 8,37,343 महिला मतदाता शामिल हैं। अब 2024 के लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है लेकिन कैसरगंज सीट पर अभी तक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ ही मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। हालांकि, बीजेपी से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उम्मीदवारी लगभग तय मानी जा रही है लेकिन सपा व बसपा को प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। समाजवादी पार्टी देवीपाटन मंडल की गोण्डा, बहराइच व श्रावस्ती लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है, लेकिन कैसरगंज सीट को लेकर शीर्ष नेतृत्व दुविधा में है। सपा ने बहराइच से रमेश गौतम, श्रावस्ती से मौजूदा सांसद व बसपा से निष्कासित किए गए रामशिरोमणि वर्मा और गोण्डा से स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पुत्री श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं दूसरी ओर बहुजन समाज पार्टी अब तक मंडल की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी तय नहीं कर सकी है। ऐसे में गोण्डा, बहराइच और श्रावस्ती सीटों पर भाजपा व सपा के बीच सीधी लड़ाई है। बहुचर्चित कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी को कैंडिडेट नहीं मिल रहा है। हालांकि, इस सीट के लिए स्वर्गीय विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह के भाई नरेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह व पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे आवेदन पत्र जमा किए थे। इनके साथ ही पूर्व मंत्री राजा चतुर्वेदी के साथ ही अब एक नाम विनोद शुक्ला का भी जुड़ गया है जो पिछले दिनों बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि सपा हाईकमान इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही अपने पत्ते खोलना चाहती है, जबकि बसपा की निगाह बागियों पर टिकी हुई है। वहीं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में लगातार कार्यकर्मों में शामिल होने और मीडिया को दिए जा रहे आत्म विश्वास से भरे उनके बयानों से यह तय माना जा रहा है कि उनकी उम्मीदवारी पक्की है। सांसद बृजभूषण शरण सिंह कहते हैं कि 'कैसरगंज से बीजेपी पांच लाख वोटों से जीतेगी। यह तय है। कैंडिडेट चाहे एक दिन पहले ही क्यों न घोषित किया जाय।'

सोरांव में दो अस्पताल तथा दो अल्ट्रा साउंड सेंटर सीज

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज ब्यूरो। जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही के दौरान तहसील सोरांव के मऊआइमा ब्लाक में दो अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर तथा दो हास्पिटल सील किया गया। उपजिलाधिकारी सोरांव डा0 गणेश कनौजिया, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल अधिकारी (पी0 सी0पी0 एन0डी0) डा0 अरूण कुमार तिवारी तथा सब नोडल, पी0सी0 पी0एन0 डी0 टी0, पंकज कुमार पाण्डेय, के नेतृत्व में आज दिनांक-27.4.2024 को टीम द्वारा सर्वप्रथम मऊआइमा ब्लाक के पूजा अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर का निरीक्षण किया गया जहां पर बगैर चिकित्सक के टेक्नीशियन के द्वारा अल्ट्रासाउण्ड संचालित किया जा रहा था। पूजा हास्पिटल में 4 सीजर के मरीज एडमिट थे किन्तु कोई चिकित्सक/प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टॉफ न होने के कारण उपजिलाधिकारी सोरांव के निर्देश पर अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर सहित हास्पिटल को सील करते हुए हास्पिटल के पंजीकरण को निलम्बित कर दिया गया। पुनः टीम द्वारा कोहली स्कैनिंग सेण्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कोई चिकित्सक नही मिला, जिसके कारण कोहली स्कैनिंग सेण्टर को भी सील कर दिया गया। कोहली स्कैनिंग सेण्टर के बगल में स्थित राज हास्पिटल में मरीज तो एडमिट थे किन्तु कोई चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टॉफ न होने के कारण इसे भी सील करते हुए राज हास्पिटल का पंजीकरण निलम्बित कर दिया गया।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यवाही अब निरन्तर चलेगी। जिन अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर द्वारा अभी तक शपथ-पत्र नहीं दिया गया है। वह शीघ्रातिशीघ्र सब नोडल पी0 सी0 पी0 एन0डी0टी0, को शपथ-पत्र देना सुनिश्चित करें।

रेलवे पेंशनर्स समाज का 11वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

सहारनपुर। रेलवे पेंशनर्स समाज के 11वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शुभारंभ मां भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन, पुष्पार्पण एवं वंदे मातरम गायन के साथ दिल्ली रोड स्थिति होटल मे किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंडल सहायक कार्मिक अधिकारी हरीश गांधी ने कहा कि रेलवे सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक ज्ञान एवं अनुभव के भंडार हैं,वे अपने ज्ञान एवं अनुभव से रेलवे कार्यरत का मार्गदर्शन कराते रहे। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर रेलवे पेंशनर्स की समस्याएं वरीयता के आधार पर निस्तारित कि जाती हैं,अगर किसी भी पेंशनर की किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से सीधे संपर्क करके अथवा संस्था के माध्यम से अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकते हैं, वरीयता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाएगा।

मुख्य वक्ता भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली के सचिव(जनसंपर्क) सुभाष चंद शर्मा ने सर्वप्रथम भारत पेंशनर्स समाज के महामंत्री श्री एस सी

माहेश्वरी का संदेश पढ़कर सुनाया, तत्पश्चात उन्होंने बताया कि भारत पेंशनर्स समाज 1955 से पेंशनर्स के हित के लिए संघर्षरत है, इससे लगभग 500 पेंशनर्स संगठन संबद्धित है तथा लगभग दस लाख सदस्य है, उन्होंने मांग की , कि शीघ्रातिशीघ्र 8 वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन किया जाए,एक जनवरी 2004 के बाद के भर्ती केंद्रीय कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए,अतिरिक्त पेंशन 80 वर्ष की आयु के स्थान पर 65 वर्ष की आयु से प्रदान की जाए, कम्यूटेशन कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष पर बंद की जाए,नियत चिकित्सा भत्ता 1000 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह किया जाय तथा पेंशनर्स की आय को पूर्णतः आयकर मुक्त किया जाय आदि । मेयर डा. अजय कुमार सिंह ने कहा की वरिष्ठ नागरिक हमारी बौद्धिक सम्पदा है, हमको इनका समुचित उपयोग करना चाहिए द्य उन्होंने कहा कि वें रेलवे परिवार से है इसलिए आज रेलवे वरिष्ठ नागरिकों के मध्य अपने को भाग्यशाली समझ रहे है तथा उनके कार्यो को करके अपने को सौभाग्यशाली समझेगे। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि रेलवे वरिष्ठ नागरिक अपने आर्थिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्वों से मुक्त है, अतःउनको सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो मे व्यस्त रहकर मस्त एवं स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने उनके कार्यो में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने कहा कि रेलवे वरिष्ठ नागरिक हमारी विरासत है, हमको इनका ध्यान एवं सम्मान रखते हुए इनसे मार्ग दर्शन लेना चाहिए। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी मंडल अध्यक्ष आर के जैन ने आव्हान किया कि रेलवे पेंशननर्स अधिक से अधिक संख्या में रेलवे पेंशनर्स समाज एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य बन कर अपने को सशक्त बनाये। संस्थापक आर सी शर्मा ने संस्था के गठन 2013 से अब तक 11 वर्ष की गतिविधिओ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला द्य अध्यक्ष आर के धींगड़ा ने अतिथियों एवं प्रतिनिधिओ का स्वागत किया। महामंत्री एन एस चौहान ने वर्ष 2023- 2024 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।कोषाध्यक्ष जे पी शर्मा ने वित्त वर्ष 2023-2024 का वित्त विवरण प्रस्तुत किया। संचालन जे एन शर्मा एवं मूल चंद रागड़ा ने किया।

सम्मेलन में संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन , 80 वर्ष से अधिक उम्र के प्लैटिनम एज सीनियर सिटीजंस तथा संस्था के विशिष्ट कार्यकर्ताओं एवं धन सहयोग कर्ताओं का सम्मान किया गया। अमरनाथ त्यागी टीम द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए द्य वर्ष में निधन हुए सदस्यों को श्रद्धांजलि समर्पित की गई। चुनाव अधिकारी ने संस्था की वर्ष 2024- 2025 के लिए निर्वाचित प्रबंध कारिणी समिति पदाधिकारिओं की घोषणा की जिसमे संस्थापक-रमेश चंद शर्मा, अध्यक्ष-अरविंद शर्मा, महामंत्री-नरेंद्र चौहान, कोषाध्यक्ष-अजय शर्मा,उपाध्यक्ष-जगदीश प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, स्वतंत्र कुमार भारद्वाज, मूलचंद रॉगड़ा, श्रीमती अनुपम गाबा, सहायक मंत्री- देवेंद्र कुमार, अजीत सिंह राणा, जय नारायन शर्मा, अमरनाथ त्यागी, मीना कटारिया, सह कोषाध्यक्ष- विजय तलवार , ऑडिटर- इक़बाल अज़ीम को घोषित किया गया तथा चयनित कार्यकारिणी समिति सदस्यो मे सरक्षक- राज कुमार धीगड़ा, हरीश कुमार, भगवती प्रशाद श्रीवास्तव, महेद्र कुमार, श्रीमती प्रेम कुमारी, सदस्य-विजेंद्र कुमार शर्मा, हरीश चंद्र राम, विनोद कुमार त्यागी, श्रीकृष्ण आर्य, मनजीत सिंह काला, इन्द्रजीत कुमार, बलजीत कुमार जायसवाल एवं वेद प्रकाश को घोषित किया गया।

शादी में गए युवक का असलहे के बल पर अपहरण, मची अफरा-तफरी

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। गंगानगर के थरवई के गारापुर गांव में शुक्रवार रात बरात में गए 35 वर्षीय लालमणि पटेल को कार सवार युवकों ने अगवा कर लिया। कुछ लोगों ने पीछा किया तो अपहरणकर्ताओं ने तमंचे से फायरिंग की। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन तो वहां से दो खोखे बरामद हुए। लालमणि के अगवा होने से पूरा परिवार परेशान है। कहा जा रहा है कि होली के दिन साउंड बजाने को लेकर लालमणि का अपने कुछ पड़ोसियों ने विवाद हुआ था। शुक्रवार रात वह भी बरात में गए थे, जिसके आधार पर उनकी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। किसान के घरवालों ने कुछ लोगों पर नामजद आरोप भी लगाया है। कहा जा रहा है कि बरात के दौरान भी झगड़ा हुआ था, जिसके बाद असलहे के बल पर लालमणि का अपहरण कर लिया गया। उसका मोबाइल बंद होने से स्वजन परेशान हैं। पुलिस और एसओजी की टीम अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी अगवा हुए

युवक की सकुशल बरामदगी के लिए जुटी हुई है।

होटल के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। गंगानगर के सरायइनायत थाना क्षेत्र के अंदावा स्थित होटल के कमरे में शनिवार को एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक अमेठी का रहने वाला था। उसकी पहचान आयुष्मान शुक्ला (22) निवासी बनी पाठक का पूरा अमेठी के रूप में की गई। बताया जाता है कि वह सोशल मीडिया मैनेजमेंट का कार्य करता था। इसी सिलसिले में प्रयागराज आया था। अंदावां में उसने एक होटल बुक किया था। सुबह चेक आउट के समय काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर होटल के स्टाफ ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर जब अंदर प्रवेश किया तो उसकी लाश फंदे से लटक रही थी। उसने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया है इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए

भेजा गया है।

मतदान प्रतिशत में लगातार गिरावट चिंता का विषय: दिनेश शर्मा

● - यह एक मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है इसके अनेक कारण है

स्वतंत्र प्रभात

कार्यक्रम में समर्थकों के साथ हिन्दू वादी नेता दिनेश शर्मा।

मथुरा। हिन्दू वादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा है कि तीन बार से लगातार मत प्रतिशत में गिरावट मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यह सब इसके बावजूद है कि लोग पढ लिख रहे हैं और जागरूक हो रहे हैं। अपने अधिकारों की लड़ाई लड रहे हैं, जबकि लोकतंत्र में मताधिकार से बडा कोई अधिकार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रथम कारण एक ही प्रत्याशी को कई बार रिपीट करना। दूसरा स्थानीय कार्यकर्ताओं को तवज्जो न देना और तीसरा प्रचंड गर्मी में चुनाव होना है। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष हिंदू पक्ष कार दिनेश शर्मा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए प्रत्याशी चयन में कार्यकर्ताओं का सम्मान न करना। प्रचंड गर्मी के मौसम में मतदान कार्यक्रम तय करना। उन्होंने कहा कि जहां भी अभी मतदान होना है, वहां मतदाता अधिक से अधिक संख्या में निकलें और मतदान करें, जिससे लोकतंत्र को मजबूती मिले। आप प्रत्याशी से नाराज हो सकते हैं, नेताओं से नाराजगी हो सकते है लेकिन स्वतंत्रत मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका मतदान इस राष्ट्र के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए आगे के चरणों में भारी मतदान करना होगा। अपने परिवार का 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

प्रयास हुए बढाने के, तीन बार से लगातार घटता गया मत प्रतिशत

● - 2014 से 2024 तक लगातार आई मत प्रतिशत में गिरावट

वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत हुआ था मतदान, 2024 में 49.49 रह गया

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। शिक्षा बढी है। लोग जागरूक हुए हैं और डिजिटल भी। चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों को जनता तक अपना संदेश पहुंचाने के अतिरिक्त माध्यम मिले हैं। हाथों में मोबाइल, कंप्यूटर आ गये हैं। चुनाव आयोग ने पिंक बूथ से लेकर सेल्फी पाइंट तक बनाये, जागरूकता रैली निकाली गईं। कलाकारों से लेकर उद्योगपतियों तक ने वोट डालने की अपील की। 2014 से 2024 तक तीन लोकसभा चुनावों के लिए मतदान हुआ है। कान्हा की नगरी में हर साल मत प्रतिशत गिरता चला गया। जबकि इस बीच चुनाव आयोग ने भी लगातार मत प्रतिशत बढाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत वोट पढे थे। 2019 में 61 प्रतिशत मतदान हुआ और 3.10 प्रतिशत कम वोट पडे। 2024 में यह मत प्रतिश में बडी गिरावट आई और यह 50 प्रतिशत से भी नीचे आ गया। यह गिरावट 11.51 प्रतिशत की रही है और मत प्रतिशत में आई यह भारी गिरावट सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आंकड़े बाज भी आंकड़ों में उलझ गये हैं। मत प्रतिशत इतना कम रहेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। मथुरा लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान और इसके बाद सभी प्रत्याशियों ने अपनी जीत के दावे किये हैं। मतदान के बाद सबसे ज्यादा चर्चा कम मतदान को लेकर है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 49.49 फीसदी मतदान हुआ। मतदान कम होने के पीछे गर्मी और कई गांवों में मतदान बहिष्कार या देरी से शुरू होने की वजह बताई जा रही है। प्रशासन ने मतदान के लिए जनपद भर में 2128 बूथ बनाए थे। 1929549 मतदाताओं में से 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि मथुरा से 18 वां सांसद कौन होगा। वर्ष 1786187 जिले में कुल मतदाता थे। जिसमें 962911 पुरुष मतदाता तथा 823276 महिला मतदाता थीं।

मतदान केन्द्रो की सभी आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

● - वीडयो ग्राफरों के साथ कैमरे आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें:-एम0पी0 सिंह

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई, आज स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों व माईक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी वितरण के सम्बन्ध में बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि कार्मिकों का ड्यूटी आदेश तत्काल प्राप्त कर सम्बंधित कार्मिक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और मतदान केन्द्रो की सभी आवश्यक सुविधाएं समय से सुनिश्चित करायें। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों पर लगी पानी की टंकी की सफाई मतदान से पहले करायें तथा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर पेयजल, विद्युत, रैम्प, शौचालय और मतदान वाले कमरों की सफाई आदि व्यवस्थाओं को स्वयं देखे और अगर किसी मतदान केन्द्र पर कोई कमी मिले उसे तत्काल ठीक करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों की वीडियों ग्राफरी कराई जायेगी इसलिए वीडयो ग्राफरों के साथ कैमरे आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर लें और ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो निर्वाचन कार्य में लगये है और वीडियो ग्राफ़रों का 12 या 12 ए फॉर्म प्राप्त कर सही-सही भरवाकर जमा करायें। क्रिटिकल बूथों व 3 या 3 से अधिक बूथ वाले मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया जाये। उन्होने कहा जनपद में मतदान शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष कराने में अपनी तरफ से किसी प्रकार की लापरवाही न करें अन्यथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को मिलेगा पीने की फ्री ठंडा पानी

मथुरा। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा मथुरा जंक्शन और आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए फ्री शीतल जल सेवा की शुरुआत की गई है। स्काउट एवं गाइड के द्वारा ट्रेन आने पर ट्राली के माध्यम से यात्रियों को निरूशुल्क जल सेवा प्रदान की जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं जिला आयुक्त स्काउट आगरा मंडल व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनंद के निर्देशन में जल सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निशुल्क जल सेवा शिविर का शुभारम्भ आगरा छावनी स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनंद द्वारा एवं मथुरा में स्टेशन निदेशक एस के श्रीवास्तव द्वारा यात्रियों को जल पिला कर किया गया जिसके तहत आगरा मंडल के स्काउट एवं गाइड्स 01 माह तक जल सेवा शिविर में यात्रियों को जल पिलायेंगे। भीषण गर्मी में रेल यात्रा करने के दौरान यात्रियों को सबसे ज्यादा जरूरत ठंडे पानी की होती है जिसमे कि सामान्य एवं अन्य कोच में यात्रियों की इस जरूरत को ध्यान देते हुए उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड, आगरा मंडल द्वारा आगरा छावनी एवं मथुरा जं स्टेशनों पर निशुल्क जल सेवा शुरू की है।

इस अवसर पर जिला आयुक्त गाइड सुश्री तनूजा प्रसाद सहायक जिला आयुक्त, गाइड कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव सहायक जिला आयुक्त, स्काउट अरविन्द कुमार, जिला सचिव प्रवीन कुमार जिला संगठन आयुक्त, स्काउट हेमेन्द्र कुमार मौर्य अंकित कुमार (डीटीसी) स्काउट कन्हैया झा एवं स्काउट एवं गाइड के बच्चे मौजूद रहे।

संक्षिप्त ख़बरें

सफी नदी पुल से नीचे गिरा व्यक्ति, गंभीर रूप से घायल

चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी इग्नैश लकड़ा (62) रामपुर सफी नदी पुल से नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई है। घायल इग्नेश लकड़ा ने बताया कि? वह अपने टीवीएस मोपेड से चैनपुर की ओर से अपने गांव रामपुर जा रहा था। बीच में पड़ने वाले रामपुर सफी नदी पुल के पास आगे से आ रहे वाहन की लाईट से आंख चौंधिया गया और वह पुल से नीचे गिर गया।घटना के बाद स्थानीय युवकों ने उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक चैनपुर के लुथरन बगीचा में सम्पन

चैनपुर- आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक शनिवार को चैनपुर के लुथरन बगीचा में सम्पन हुई। बैठक मे मार्गदर्शन के लिए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप व जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता उपस्थित रहें। जानकारी देते हुए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप ने कहा कि नवंबर माह से पोषाहार व मानदेय नहीं मिला है। तीन साल के बच्चों को भीषण गर्मी में आँगनबाड़ी केंद्र में रखना मुश्किल हो रहा है। गर्मी छुट्टी की कोई व्यवस्था नहीं है, ऊपर से लगातार सेविका-सहायिकाओं पर काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। लेकिन मानदेय दैनिक मजदूरी का आधा भी नहीं मिलता है, ऊपर से बीएलओ का भी काम सेविकाओं को दे दिया गया है। अगर मानदेय सम्मानजनक नहीं बढ़ाया गया, तो बीएलओ का काम नहीं करेंगे। बैठक में उपरोक्त परिस्थितयों के आलोक में आंदोलन की रूप-रेखा तय करने व संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा की गई। मैके पर प्रखंड अध्यक्ष सुशान्ती देवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष किरण मिंज, प्रखंड सचिव सोनी प्रवीण के साथ -साथ चैनपुर प्रखंड की सभी सेविका सहायिका उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता को लेकर प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

बरही- आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बरही के प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा मोटरसाईकिल रैली निकाली गई और मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक किया गया। रैली बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार व सीओ रामनारायण खलखो के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल परिसर से निकाला गया जो बरही चौक, कोनरा, पंचमधव, करियातपुर, धनवार, केवाल, रालो, लठिया, दौरवा, कुंडवा, चार माइल, देवचंदा मोड होते हुए वापस प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में समापन किया गया। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता प्रतिज्ञा, मतदाता मार्गदर्शिका, बैनर, पोस्टर, तख्ती, स्लोगन आदि के माध्यम से 20 मई 2024 बरही में लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकसभा को मजबूती प्रदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों कर्मी मौजूद रहे।

चेचकप्पी में मतदान नहीं करने के निर्णय के बाद प्रशासन हरकत में आई. बीडीओ के द्वारा लोगों को समझने का प्रयास नाकाम

बरकट्ठा- बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चेचकप्पी में ग्रामीणों के द्वारा चुनाव में मतदान नहीं करने के निर्णय लेने के बाद प्रशासन हरकत में आई है। बरकट्ठा बीडीओ सह सीओ रोशमा डुंगडुंग शनिवार को गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। बीडीओ ने लोगों के साथ कई सड़कों का जायजा लिया। कहा कि आप लोगों की जो मांग है वह जायज है। आप लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कीजिए यह जो आप लोग कि सड़क बनाने की मांग है उसे मैं आगे तक पहुंचने का काम करूंगी। लेकिन बीडीओ की बात ग्रामीण जनता कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जिला से उपायुक्त आकर हम लोग को आश्वासन नहीं देतीं हैं तब तक चुनाव में शामिल नहीं होंगे। ग्रामीणों ने आज भी कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं और हम लोग लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। साथ ही कहा की पंचायत में किसी दल को प्रचार प्रसार नहीं करने देंगे। यदी कोई दल का नेता इस पंचायत में प्रचार प्रसार करने के लिए आते हैं तो हम लोग विरोध करेंगे।

चोरदाहा चेकपोस्ट से 18 अवैध पशु लदे वाहन जब्त, दो पशु मृत पाए गए एक आरोपी तस्करी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण हजारीबाग झारखंड- चौपारण थाना क्षेत्र के समेकित चेकपोस्ट चोरदाहा से पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर (बिहार) की ओर से एक छ्ष्ट्ररू वाहन पंजियन संख्या- क्क15त्रज्ञ-6009 में गौवंशीय पशुओं को कुरता पूर्वक लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने एक छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दौरान एक नारंगी रंग का छ्ष्ट्ररूवाहन तिरपाल ढंका हुआ आता हुआ दिखाई दिया, जिसके नजदीक आने पर सूचनानुसार पंजियन संख्या- क्क15त्रज्ञ-6009 देखकर वाहन चालक को वाहन रोकने का ईशारा किया तो वाहन चालक वाहन को तेजी से चलाते हुए चोरदाहा चेकपोस्ट से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़ने हेतु पिछा करने पर वाहन का चालक अपना वाहन को साइड में खड़ा करके वाहन से कूदकर भागने ही वाला था कि साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा अपना नाम गुल्फाम उम्र करीब 50 वर्ष पिता-सादक अली ग्राम-सुल्तानपुर हापुड़ थाना देहात जिला-हापुड़ (उत्तर प्रदेश) बताया गया है। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि उसके वाहन के आगे-आगे एक छोटी वाहन स्कॉट करते हुए जा रही थी और पकड़ाये व्यक्ति के अनुसार गौवंशीय पशुओं के तस्करी में एक सींडिकेट शामिल है। काण्ड में जप्त वाहन से कुल 18 गौवंशीय पशु बैल/सांढ़ को बरामद किया गया है, जिसमें से 02 पशु मृत पाये गये हैं। बरामदगी के संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड सं0-133/24 दिनांक-27.04.2024 धारा-414/429/34 भा0द0वि0. 11 (1) (घ) पशु कुरता निवारण अधि0 एवं 12 (द्ब) (द्बद्ब) (द्बद्बद्ब) गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि0 दर्ज कर अनुसंधानभार पु0अ0नि0 बिन्देश्वर महतो को सौंपा गया है।छापामारी दल में पु0अ0नि0 दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, चौपारण। पु0अ0नि0 रतन टुड्डू, चौपारण थाना। पु0अ0नि0 निलेश कुमार रंजन, चौपारण थाना।चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

चैनपुर प्रखंड में हाथियों के आतंक से त्रस्त ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात

चैनपुर- चैनपुर प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र हाथियों के आतंक से त्रस्त है। जंगलों से सटे इलाकों के लोग व किसान परेशान हैं। आए दिन हाथी ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर किसानों की फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। जहां गुरुवार की रात लगभग आठ बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने सदान बुकमा गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने किसान बिजय बाड़ा के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी के अचानक हमले से किसान विजय बाड़ा अपने पूरे परिवार के साथ किसी प्रकार घर से भाग कर अपनी जान बचाई और गांव के अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। हाथी के हमले से घर में रखे घरेलू सामान दबकर बर्बाद हो गया। वही हाथी ने घर में रखे चावल व अनाज को खाकर व छींटकर बर्बाद कर दिया। किसान विजय बाड़ा ने बताया कि पिछले एक माह में जंगली हाथियों ने मेरे घर को चार बार ध्वस्त कर दिया है। अब तक जंगली हाथी ने घर को कई जगह से ध्वस्त कर लगभग चार क्विंटल धान को चट कर गया है। विजय बाड़ा ने बताया वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है मगर जंगली हाथी के हमले से उसका घर पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। उक्त घर अब रहने की स्थिति में नहीं है उसने बताया कि जंगली हाथी के द्वारा अनाज को भी चट कर जाने से परिवार के समक्ष खाने-पीने की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। किसान ने बताया कि वन विभाग को जानकारी देने के बाद वनरक्षक मुआवना करने के लिए आए थे।

किसान ने विभाग से मुआवजे की मांग की है उसने कहा कि विभाग के द्वारा समय से मुआवजा मिलने से ही घर को मरम्मत करा कर परिवार के साथ रह सकते हैं। बताते चलें कि पिछले कुछ महीनो से लगातार जंगली हाथी सदान बुकमा गांव में घुसकर उत्पाद मचाते हुए कई गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर चुके हैं। किसान वीरेंद्र नगेसिया, बिफ़ैया नागेसिया जैसे कई किसानों ने बताया कि पिछले कुछ महीनो के अंदर जंगली हाथियों द्वारा कई बार उनके घरों को नुकसान पहुंचाते हुए ध्वस्त किया जा चुका है फसलों को भी नुकसान पहुंचा है गरीब किसानों का कहना है कि इसी प्रकार अगर लगातार जंगली हाथी के हमले होते रहे और जंगली हाथियों को दूर नहीं खदेड़ा किया तो उन्हें अपना घर खेती बाड़ी सभी को छोड़कर पलायन करना पड़ेगा। ग्रामीणों के समक्ष जंगली हाथी एक मुख्य समस्या बन कर रह गई है चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जो हाथी प्रभावित हैं वहां के ग्रामीणों को आए दिन रात जग्गा कर अपने घर परिवार व खेत मे लगे फसलों की रक्षा करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर कब हमें जंगली हाथियों के हमले से निजात मिलेगा। साल दर साल जंगली हाथियों का प्रकोप क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। जंगली हाथियों को दूर करने में वन विभाग भी नाकाम साबित हो रही है।

रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा, कहा कांग्रेस का झंडा ढोने नहीं आये थे

स्वतंत्र प्रभात

रांची- रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रहे पूर्व भाजपा नेता रामटहल चौधरी पिछले महीने 28 मार्च को कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन वहां एक महीने भी नहीं टिक पाए। उन्होंने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस छोड़ने की घोषणा कर दी है। रांची के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मैं झोला-झंडा ढोने के लिए कांग्रेस में शामिल नहीं हुआ था। रांची के प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन कर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि उन्हें रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाने का भरोसा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने दिलाया था। उनके नेता ओबीसी और जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी की बात करते हैं लेकिन कई दिनों तक रांची लोकसभा सीट का टिकट होल्ड पर रखने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री की बेटी को दे दिया गया। रामटहल चौधरी ने कहा कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाने का वादा कर ही कांग्रेस में लाया गया था। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस में शामिल होने के लिए किसी से सम्पर्क नहीं किया था बल्कि उनके नेताओं ने सम्पर्क किया था। कांग्रेस के फैसले से नाराज रामटहल चौधरी ने कहा कि वह कांग्रेस का झंडा ढोने नहीं आये थे। उन्होंने कहा कि उनकी आगे की रणनीति क्या होगी इसका फैसला अपने समर्थकों से बातचीत कर जल्द लेंगे। उन्होंने कहा कि वह जिसका समर्थन करेंगे वह भी मौन ही होगा। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद एक सवाल के जवाब में कहा कि पांच साल से भाजपा के किसी नेता से न बात की और न ही वह भाजपा में आगे जायेंगे। उन्होंने कहा कि वह निर्दलीय अपनी ताकत दिखा कर भाजपा में शामिल हुए थे और जनसंघ, भाजपा को अपना सबकुछ दिया, लिया कुछ नहीं। रामटहल चौधरी ने कहा कि आगे की रणनीति का फैसला वह अपने समर्थकों से बातचीत के बाद करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व एसपी ने किया बरही के विभिन्न बूथों का निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

● केवाल बिरहोर टोला पहुंचकर मतदाताओं को किया जागरूक, लोगों से की मतदान करने की अपील

स्वतंत्र प्रभात

बरही- जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बरही एवं पदमा प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरही, पदमा, केवाल, श्रीनगर में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की जांच करते हुए संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने समेत विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया।

बरियट्ठा बिरहोर टोला पहुंचकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने केवाल बिरहोर टोला पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात किया। साथ ही मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नैंसी सहाय एवं एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों से मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करने की अपील की। कहा कि पहले मतदान फिर जलपाल का संदेश लोगों को दिया जा रहा है। वहीं स्वीप के

माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना स्तर पर निर्देश दिया गया है कि फरार वारंटी समेत अवैध कारोबारियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बरही जोहन टुडू, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, पदमा थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, जेपीएस सांवना मांझी सहित सभी मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

चौपारण में चलती पार्सल गाड़ी में लगी आग, लाखों की सामग्री जलकर हुआ राखद्य

चौपारण/हजारीबाग- चौपारण प्रखण्ड के चतरा रोड के रानीक मोड़ के समीप एक चलती पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ट्रक के अंदर से धुंवा ही धुंवा नजर आने लगा। आग लगते देख वाहन के चालक ने गाड़ी को साइड खड़ा कर दिया। देखते ही देखते वहां काफी संख्या में लोग जुटने लगे और इसकी सूचना प्रशासन और दमकल वाहन को दी। वहीं कई लोगो अपने मोबाइल निकालकर विडियो भी बनाते दिखे। घटना की सूचना पर आधे घण्टे के अंदर ही दमकल वाहन पहुंचकर आग पर का काबू पाया। लेकिन फिर भी ट्रक में लोड लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर चौपारण प्रशासन भी पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर 02 जीसी 7695 गया बिहार से पार्सल लोड कर चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच चौपारण के रानीक मोड़ के समीप पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई। वाहन में आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया पर अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी के वजह से वाहन में आग लगी हो। पार्सल गाड़ी में कपड़े से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई तरह के सामान लोड था। वाहन में आग लगने से 10 लाख से अधिक का सामग्री जलकर राख होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

महागामा के पंचायत नयानगर में अबुआ आवास चयन में गड़बड़ी, फर्जीवाड़ा का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

महागामा, गोड्डा- महागामा प्रखंड के नयानगर पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर वार्ड सदस्यो ने विरोध जताया है। वार्ड सदस्यो ने कहा कि पंचायत में चयन हुए अबुआ आवास में जांच अधिकारी एवं पंचायत के मुखिया द्वारा भारी गड़बड़ी किया गया। गरीब होने के बाद भी आवास का लाभ नहीं मिला। पंचायत के वार्ड सदस्यो का आरोप है कि अबुआ आवास के चयन में भारी गड़बड़ी हुई है। चयन समिति द्वारा सही लोगों का जांच नहीं किया गया है। गांव में ऐसे लोगों को लाभ दिया जा रहा है, जिसके घर में चारपहिया वाहन, टीवी, फ्रिज आदि सभी जरूरत का सामान घर में मौजूद हैं।,उप मुखिया के चयन समिति में रहने के बावजूद भी गरीब लोगों को लाभ नहीं मिला है।उच्च अधिकारी इसका फिर से जांच कर योग्य लोगों को आवास का लाभ दे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। पंचायत के पंचायत समिति इब्राहिम,अजमेरा खातून, वार्ड सदस्य, शब्बीर मंसूरी,समा देवी , सूरज कुमार,शायरा,हफीदा ,सुलेन देवी, कविता देवी, पिंकी देवी ने स्वीकार किया कि अबुआ आवास के चयन में भारी गड़बड़ी हुई है। चयन समिति द्वारा सही लोगों का जांच नहीं किया गया है। चयन समिति द्वारा गरीब लोगों को अनदेखा कर उच्च वर्ग के लोगों पक्के मकान वालो को अबुवा आवस का लाभ दिया गया है। पंचायत समिति और वार्ड सदस्यों ने उपायुक्त गोड्डा, उप विकास आयुक्त गोड्डा, प्रखंड विकास पदाधिकारी महागामा, को एक संयुक्त हस्तक्षरयुक्त आवेदन देकर अबुआ आवास में जांच कराने की मांग किया है। वार्ड सदस्यो ने कहा कि अगर उपायुक्त द्वारा जांच कर जरूरतमंद लोगों को आवास नहीं दिलाया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चंदवारा प्रखंड के दो दर्जन गांवों का किया तुफानी दौरा

● गांव- गांव पहुंचकर लोगों को 01 मई 2024 को अपने नामांकन का दिया न्यौता

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया। यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। क्षेत्र की माता-बहनों ने गुलाब फूल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।

क्षेत्र के आधा दर्जन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन, मनीष जायसवाल और मनोज यादव ने भाजपा परिवार में किया स्वागत

एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। जिसमें ग्राम उरवां में रवि यादव, मुंशी यादव और ग्राम भोंडो में प्रदीप कुमार, किसुन साव, राजेश कुमार, कामेश गुप्ता, विनोद कुमार का नाम शामिल है। सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फूल माला और भाजपा पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

स्वच्छ शासन के साथ विकसित भारत बनाने के लिए तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार- मनीष जायसवाल

चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के तुफानी दौरे के क्रम में लोगों को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की कांग्रेस ने 62 सालों तक देश में राज किया लेकिन गरीबों के उत्थान के लिए कोई कारगर योजना नहीं बनाई जबकि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में जो विकास हुआ और देश वासियों के लिए जितनी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हुई वह ऐतिहासिक है। भारत का डंका ना सिर्फ़ संपूर्ण विश्व में गूंजा बल्कि देश के करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। सरकार की एक-एक जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों और निचले तबके के लोगों के घरों तक सीधे पहुंचा और उनके जीवन में बदलाव लाने का कार्य किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ शासन के साथ विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाएं। उन्होंने यह भी कहा की इसके लिए आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में कमल छुप छाप पर ही अपना बटन दबाएं और मुझे अपना सांसद चुनें।

देश को मोदी और हजारीबाग को मनीष की है जरूरत, कमल छाप पर दें वोट- मनोज कुमार यादव

हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के समर्थन में उनके साथ चल रहे बड़ी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि देश को नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा को मनीष जायसवाल जैसे नेता की जरूरत है। इसके लिए आप सभी मतदाता कमल फूल छाप पर प्रचंड बहुमत देकर इन्हें विजयी बनाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करते हुए संवारने का कार्य करें। मनोज कुमार यादव ने यह भी कहा कि मनीष जायसवाल ने अपने पिछले 10 साल के विधायक कार्यकाल में जन सेवा और विकास की जो लंबी लकीर खींची है उसे आगे भी अक्षुण्ण रखेंगे।

मौके पर ये गणमान्य रहे मौजूद

मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के चुनावी दौरे में विशेषरूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरही विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सह-संयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला महामंत्री सुनिल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रभूषण साव, मनोज साव, महामंत्री नंदकिशोर सोनी, युवा नेता राजेश यादव, बालगोविंद स्वर्णकार, समाजसेवी प्रेमचंद राम, पंसस बैजू सिंह, राजेन्द्र साव, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र यादव, बिनय यादव, बजन यादव, महेंद्र पंडित, भुनेश्वर पंडित, उमेश सोनी, अनिल सोनी, रामा यादव,कुलदीप यादव, कैलास यादव, रामप्रसाद यादव, लालदेव साव, टिंकू साव, राजेन्द्र यादव, अनील यादव, मुखिया पुष्पा देवी, बीरेंद्र यादव, संजय मोदी, इंटोनी सिंह, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

कांग्रेस ने झारखंड में जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, 40 नेता करेंगे प्रचार, सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी का भी नाम शामिल

● दीपिका पांडेय और फुरकान अंसारी भी स्टार प्रचारक

स्वतंत्र प्रभात

रांची- झारखंड में कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। 40 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया गया है। इस लिस्ट में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई नाम शामिल हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुकुल वासनिक ने 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथे चरण के मद्देनजर झारखंड राज्य के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने इसकी जानकारी दी है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ने बताया कि एआईसीसी द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नाम शामिल हैं। इनके साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, अध्यक्ष तारिक अनवर, पूर्वी प्रदेश डॉ. अजय कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राणा के. पी. सिंह, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, वित्त मंत्री डॉ.रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा विधायक दीपिका पांडे सिंह, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवींद्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीता श्री उरांव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविंद्र कर्मा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगाड़ी और दयामनी बारला भी झारखंड में कांग्रेस के स्टार प्रचारक होंगे। बता दें कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के तहत 07 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

एक दिवसीय टीचर्स ओरियंटेशन सेमिनार का आयोजन संत पीटर टोंगो के सभागार में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

चैनपुर - बर्वे क्षेत्र के सभी जयपुर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय टीचर्स ओरियंटेशन सेमिनार का आयोजन संत पीटर के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें विद्यालयों के 84 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिए मुख्य वक्ता फादर रोजरियों मौसाहरी एस. जे. थे। स्वागत भाषण में फादर तेज कुमार बाखला एस जे के ने सबों को संत पीटर प्रांगण में आने के लिए खुशी जाहिर करते हुए सबों का स्वागत किया और अपने संदेश में इस एक दिवसीय टीचर्स ओरियंटेशन का भरपूर लाभ उठाएं और अपने तथा बच्चों के लिए नया सीख कर जाइये विद्यालय के सचिव फादर फिल्मोन एक्का एस जे ने अपने संदेश में कहा कि आप अपने-अपने विद्यालय तक में सीमित मत रहिए आप बर्वे क्षेत्र शिक्षा का दीपक जलाते आगे बढ़िया मुख्य वक्ता रोजरियों मौसाहरी ने कहा उनके व्यक्तित्व का भी विकास करना होता है।

एक शिक्षक का काम बच्चों को खुद से बड़ा हुआ आगे बढ़ने वाला होता है और हमको यह भी जानना होता है कि हर विद्यार्थी का गुण अलग-अलग होता है जिसको हर शिक्षक को समझना जरूरी होता है इस सेमिनार में मुख्य रूप से संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो के प्रवक्ता फादर तेज कुमार बखला संत पॉल बालक मध्य विद्यालय के डायरेक्टर फादर जेवियर करकेट्टा जनता उच्च विद्यालय के प्रवक्ता फादर वयतुस किंडो आरसी मध्य विद्यालय नावाडीह के प्रवक्ता फादर जेरोम स्टीफन खलखो संत मारिया उच्च विद्यालय बरवाडीह के प्रवक्ता फादर अजीत करकेट्टा फादर वाल्टर जे मिंज सहित 14 जेसवित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने उलगुलान न्याय महारैली का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गई। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे और झारखंड झुकेगा नहीं जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। उलगुलान शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था।

हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है।

देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है। जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है।

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।÷ हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही।

उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें। उलगुलान रैली में शिबू सोरेन, बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। रैली में शामिल नहीं हुए राहुल गांधी। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। इस वजह से वे रैली में शामिल नहीं हुए।

सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका। न नहीं सभी दलों द्वारा सर्व सम्मत नेता ही चुना गया।

दरअसल विपक्षी दलों का यह गठबंधन, उन दलों का भी गठबंधन कहां जा सकता है, जो दल भाजपा के साथ नहीं जा सके। अवसर नहीं मिला। इस विपक्षी दलों के आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन को खड़ा करने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा योगदान रहा। ये सब उन्ही की मेहनत से खड़ा हुआ। किंतु मौके की तलाश में बैठे नीतीश कुमार अवसर मिलते ही इस गठबंधन से किनारा करके बिहार में भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। भाजपा के साथ मिलकर अपनी सरकार बना ली। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने किया। भाजपा से बात पक्की होने तक वे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं के साथ थे। बात पक्की होते ही उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया। 28 दलों वाले इस एलायंस में प्रायः वह ही दल हैं जिनकी अपने प्रदेश में सरकार है। प्रदेश में सरकार होने के कारण वह भाजपा से गठबधंन नही कर पा रही।

चुनाव का एक चरण बीत गया। दूसरा 26 को है। इसके बाद पांच चरण शेष हैं। लगता है कि ये भी जल्द ही हो जाएंगे, विपक्ष के 28 दलों के एलाइंस इंडिया का मिनिमम कार्यक्रम तय हुआ। ये बैठकर कोई ऐसा एजेंडा भी नही बना पाए कि बहुमत में आने पर किस कार्यक्रम पर वे सरकार चलाएंगे। दूसरा उनका संयुक्त प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या कुछ प्रदेशों की तरह तीन या छह-छह माह में अब प्रधानमंत्री भी बदले जाएंगे। जो भी हो विपक्षी गठबंधन इंडिया का जैसे अच्छा नाम मिली था, वैसा कुछ आगे नही हुआ। उसने निराश ही किया। देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 दलों के गठबंधन से उम्मीद काफी ज्यादा थीं, किंतु वह एक पर भी खरा नही उतर सका। ये सारे दल अलग-अलग विचार और सिद्धांतों के मानने वाले हैं। ऐसे में एकजुट होने के लिए इनका कॉमन एजेंडा भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर इनकी एकजुटता छलावा है। धोखा है। अब तो इनका का उददेश्य केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करना रह गया। आलोचनाएं भी सकारात्मक नही। नकारात्मक।

घोषणा पत्र की वास्तविकता में कितना अंतर

आज़ादी के बाद से देश में जितने चुनाव हुए हैं हर पार्टी अपना अपना घोषणापत्र जनता के सामने लाती है। घोषणा पत्र में जो वायदे किए जाते हैं उनमें कितना काम होता है यह किसी से छिपा नहीं है। जिसको लगता है कि हमारी सरकार ही आने वाली है। या जिसको लगता है कि हमारी सरकार बन सकती है वह थोड़ा सोच समझ कर घोषणाएं करता है। लेकिन जिसका कोई स्थान ही नहीं होता वह घोषणाओं की बौछार कर देता है। चुनावी घोषणापत्र में आज़ादी के बाद से अब तक जितने वायदे किए गए हैं उनमें यदि आधे भी पूरे हो जाते तो शायद आज देश के हालात काफी अच्छे होते। ऐसा नहीं है कि देश में काम नहीं हुआ है, काम तो हुआ है लेकिन इतनी रफ़्तार से नहीं जितनी रफ्तार से घोषणाएं की जाती हैं।

देश में हाईवे के क्षेत्र में काफी काम हुआ है लेकिन टोल टैक्स ने जनता के ऊपर इतना भार डाल दिया है कि अब उसको कहीं जाने के लिए दस बार सोचना पड़ता है। जब इन हाईवे का निर्माण शुरू हुआ था तब यह कहा गया था कि जब इन मार्गों की कीमत निकल आएगी तब यह टोल प्लाजा स्वत- बंद हो जाएंगे लेकिन अब इनको परमानेंट कर दिया गया है। क्यों कि इन टोल प्लाजा से इतनी आय हो रही है सरकार किसी कीमत पर इन्हें बंद नहीं कर सकती। और न ही टोल प्लाजा बंद करने की बात कोई भी दल अपने घोषणापत्र में करता है। और टोल टैक्स भी इतना है कि व्यक्ति जाने से पहले सोचने को मजबूर हो जाता है। देश में नेशनल हाईवे की देखा-देखी स्टेट हाईवे ने भी टोल टैक्स लगाना शुरू कर दिया है।? आज से 35-40 वर्ष पहले चुंगी लगती थी। जगह जगह पैसे बसूली के लिए बैरियर होते थे।

मुलायम सिंह यादव जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने सरकार बनते ही चुंगी समाप्त कर दीं थीं। आज उन्हीं चुंगी की जगह टोल प्लाजा ने ले ली है। हर जिले में लगभग एक टोल प्लाजा होता है। दैनिक के ग्रामीण क्षेत्रों की हालत काफी खराब है। वहां अपनी जान जोखिम में डालकर चलना पड़ता है। हमको केवल शहरों की और नेशनल हाईवे की चकाचौंध दिखाई देती है लेकिन गांव के अंदर की सड़क पर हमने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। हम भारतीय रेल का उच्चीकरण तो करते चले जा रहे हैं। वंदे भारत जैसी रेलों का हमने प्रचलन शुरू कर दिया है लेकिन पुरानी रेलगाड़ियों का क्या होगा जिस 80 सीट वाली वोगी है 150 लोग घुसे होते हैं। आज़ादी के बाद से अब तक देश की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है लेकिन रेल व्यवस्था में हाई क्लास रेलवे को छोड़ दें तो हमें अभी वहां बहुत अधिक सुधार करने की आवश्यकता है। माना कि हम अधिक सरकारी नौकरियां नहीं दे सकते लेकिन हमें रोजगार देने के लिए तो सोचना ही पड़ेगा। देश में बेरोजगारी मुहु बाए खड़ी है। जब कि इन सभी बातों का जिक्र राजनैतिक दलों के घोषणा पत्र में बड़े ही जोर शोर से होता है। क्यों नहीं इन घोषणा पत्र के वायदों का हिसाब किताब लिया जाता है। अपने घोषणापत्र की एक प्रति देश की सर्वोच्च अदालत में जमा की जाए जिससे कि जब सरकार बने तो तो उनसे उसका हिसाब मांगा जा सके जो कि चुनाव के समय वो घोषणा करते हैं। आज देश की अस्सी करोड़ जनता को हम फ्री राशन दे रहे हैं। हमको प्रयत्न यह करने चाहिए कि लोगों के पास रोजगार हो और हमें इतना फ्री राशन बांटने की आवश्यकता ही नहीं पड़े। हर व्यक्ति को हम अमीर नहीं कर सकते लेकिन हर व्यक्ति को रोजगार प्रदान करना हमारी सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। देश में इस समय आम चुनाव चल रहे हैं और हर तरफ गिरते वोट प्रतिशत की बात की जा रही है लेकिन यह वोट प्रतिशत क्यों गिर रहा है इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता खासकर राजनैतिक दल। मीडिया इस पर चर्चा कर रही है और करनी भी चाहिए। क्यों कि चुनाव हमारे देश के लोकतंत्र का उत्सव है। यदि मतदाताओं में निरंकुशता फैलती है जो यह राजनैतिक दलों की जिम्मेदारी है कि जनता को वह विश्वास नहीं दिला पा रहे हैं। जनता जानती है कि वायदे हो रहे हैं। चुनाव खत्म होते ही स्थित जस की तस हो जाएगी। सरकार फिर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और हम वहीं पर खड़े रहेंगे जहां आज हैं। राजनैतिक दलों की यह जिम्मेदारी है कि वह वही बातें घोषणा पत्र में लेकर आएं जिनको पांच वर्षों में पूरा कर सकें। अब वह समय पीछे छूट चुका है जो लोग हर बात पर विश्वास कर लेते थे क्योंकि अधिकांश राजनेताओं से लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। इसलिए पहले जनता में विश्वास पैदा करना होगा। तभी हम मतदान के लिए लोगों कों उत्साहित कर सकते हैं। पचास-साठ फीसदी वोट किसी हालत में देश की जनता की राय को नहीं समझ सकता। यदि वोट प्रतिशत बढ़ाना है तो हमें झूठे वायदों से बचना होगा। माना कि हमारे देश ने बहुत तरक्की की है लेकिन विश्व पटल पर अभी हम कई क्षेत्रों में बहुत पिछड़े हुए हैं। और हमें वहां काम करना होगा। जनप्रतिनिधियों को जनता के दुःखों को समझना होगा। तभी हम जनता में विश्वास पैदा कर सकते हैं।

संपादकीय

12वें लोकसभा चुनाव- एक वोट से गिरी सरकार

बारहवी लोकसभा चुनावों की पृष्ठभूमि अस्थिर एवंम नाकाम गठबंधन सरकारों की रही। 1996 लोकसभा के चुनावों में एक बार फिर से किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब कांग्रेस को छोड़ कोई दूसरा दल चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरा हो। लोकसभा चुनाव में पहली बार बीजेपी ने कांग्रेस से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने 161 जबकि कांग्रेस को 140 सीटों पर जीत मिली थी। इन चुनावों में क्षेत्रीय दलों का दबदबा अपने-अपने राज्यों में खूब दिखा। 543 लोकसभा सीटों वाले सदन में 129 सीटों पर क्षेत्रीय दलों का कब्जा हो गया था। 15 मई 1996 को तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भाजपा को सबसे बड़ा दल होने के नाते सरकार बनाने का न्योता दिया। दल के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के 10वें और कार्यकाल के हिसाब से 13वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उनहें बहुमत साबित करने के लिए 2 हफ्ते का समय दिया गया। इसके बाद उन्होंने बहुमत जुटाने की भरपूर कोशिश की लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाए। आखिरकार 13 दिन बाद 28 मई को भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेई ने सबसे कम समय तक प्रधानमंत्री बने रहने के रिकार्ड के साथ पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को सरकार बनाने का न्यौता मिला। कांग्रेस और जनता दल ने मिलकर सरकार बनाई और तत्कालीन कर्नाटक मुख्यमंत्री एच.डी देवगौड़ा को प्रधानमंत्री बनाया गया। उस समय यह नारा-रेस कोर्स से दौड़ा-घोड़ा देवगौड़ा-देवगौड़ा खूब उछला। 30 मई 1996 को देवगौड़ा ने कर्नाटक सी.एम पद से इस्तीफा दिया और 1 जून 1996 को राष्ट्र के 11वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इस सरकार को संयुक्त मोर्चा की सरकार कहा जाता है। संयुक्त मोर्चा जनता दल, समाजवादी पार्टी, डीएमके एवंम अन्य करीब 13 पार्टियों का गठबंधन था। देवगौड़ा को प्रधानमंत्री बनाने में लालू यादव की अहम भूमिका रही। उस समय लालू यादव ने खुद को किंगमेकर कहना शुरु किया था। लालू ने तब कहा कि मैं किंग तो नहीं बना लेकिन किंगमेकर बन गया हूं। वो तब बिहार के मुख्यमंत्री थे और केन्द्र में हो रही गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। उन्होंने अपने कई साथियों को मंत्रिमंडल में शामिल भी कराया। यह सरकार एक साल भी पूरा नही कर पाई। कांग्रेस के समर्थन वापिस लेने देवगौड़ा कारण 21 अप्रैल 1997 के दिन देवगौड़ा को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। असल में जब देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने तब कांग्रेस अध्यक्ष पी.वी.नरसिम्हराव थे। उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी बने। वो आसानी से लोगों की बातों में आ जाते थे। उस दौरान किसी ने उनके कान भर दिए कि देवगौड़ा उनकों किसी झूठे मामले में फसाना चाहते हैं और वो उनके खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। उन्होंने तुरंत तत्कालीन सरकार के बजट सैशन के दौरान ही घोषणा कर दी कि यदि सयुंक्त मोर्चा कांग्रेस समर्थन बनाए रखना चाहती है तो प्रधानमंत्री बदले अन्यथा वे संयुक्त मोर्चा से कांग्रेस का समर्थन वापिस ले लेंगे। इसके साथ ही देवगौड़ा सरकार से उन्होंने समर्थन वापिस ले लिया। लालू भी देवगौड़ा से नाराज चल रहे थे क्यों कि सीबीआई की चारा घोटाले चांज में लालू का नाम उजागर हो गया था। सीबीआई पूरे जोर-शोर से लालू के खिलाफ साक्ष्य जुटाने में लगी थी। लालू ने देवगौड़ा से जांच रूकवाने का अनुरोध किया पर देवगौड़ा ने कोर्ट का मामला कह पल्ला झाड लिया। जिससे लालू खिन्न थे।

इसके बाद आई.के.गुजराल ने 21 अप्रैल 1997 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन यह सरकार भी ज्यादा दिन तक चल नहीं सकी। जैसा कि अब तक कांग्रेस की परंपरा बन चुकी थी गठबंधन सरकार समर्थन देकर बनवानी और फिर समर्थन वापिस ले लेना। यही किया उन्होंने गुजराल सरकार के साथ। कांग्रेस ने सरकार बनने के 6 महीने बाद ही समर्थन वापिस ले लिया और गुजराल को इस्तीफा देना पड़ा। अब कोई दल सरकार बनाने की स्थिति में नही था। इस लिए नए चुनाव पूर्ण होने तक गुजराल को राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री बने रहने को कहा। इस तरह वे कुल करीब 11 महीनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहे। भारतीय इतिहास के बाहरवें लोकसभा चुनाव साल 1998 में 16 से 28 फरवरी के बीच तीन चरणों में हुए। यह चुनाव कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी की



अध्यक्षता में लड़ा गया। इन चुनावों में भी किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इन चुनावों में कांग्रेस ने 477 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे जिनमें से 141 जीते। भाजपा ने 388 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे और उसे 182 सीटों पर जीत मिली हालांकि इन चुनावों में भाजपा को 1996 के लोकसभा चुनाव से ज्यादा सीटें मिली लेकिन बहुमत अभी भी वो कोसों दूर थी।

कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले सीटे भले ही बहुत कम मिलीं मगर उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत, भाजपा को प्राप्त वोटों के प्रतिशत से ज्यादा रहा। भाजपा को कुल 8,65,62,209 वोट मिले और पिछले चुनाव के मुकाबले उसे प्राप्त वोटों में 1.84 फीसद की गिरावट आई। जबकि कांग्रेस को प्राप्त वोटों में पिछले चुनाव के मुकाबले 2.48 फीसद का इजाफा हुआ। उसे कुल 10,31,20,330 वोट प्राप्त हुए। यानी भाजपा के मुकाबले कांग्रेस को 4.65 फीसद वोट अधिक मिले, लेकिन प्राप्त सीटों के लिहाज से वह भाजपा से काफी पीछे रह गई।

इन चुनावों राष्ट्रीय दलों में से समता पार्टी ने 12 सीटें और भाकपा 9 सीटें जीतीं। जबकि माकपा के खाते में 32 सीटें आई। इन चुनावों में माकपा ने 71 प्रत्याशी उतारे थे। जनता दल को 6 और बसपा के खाते में 5 सीटें आई। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं। भारतीय जनता पार्टी ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 19 मार्च 1998 को ली। इस बार अटल बिहारी वाजपेयी बहुमत साबित करने से सिर्फ एक वोट से रह गए और उनकी सरकार 13 महीने में ही गिर गई। एआईएडीएमके प्रमुख जयललिता ने सरकार से अपना समर्थन वापिस ले लिया और देश फिर से एक बार मध्यावधि चुनाव की तरफ बढ़ गया।

दैनिक राशिफल 28/04/2024

1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

संक्षिप्त ख़बरें

डंफर के टक्कर से आठ विद्युत पोल हुए क्षतिग्रस्त, आठ गाँव की बिजलीआपूर्ति हुई बाधित

गोलाबाजार गोरखपुर ।गोला क्षेत्र के नवली गेट के पास डंफर की टक्कर से 11 विद्युत पोल गिर गयें। जिसके वजह से गोला विद्युत उप गोला के आठ गाँव में विद्युत सप्लाई बाधित हो गयी। वहीं विद्युत विभाग के द्वारा सुबह होते ही खम्भो को गाड़ने की कार्य शुरू कर दिया गया।प्रास जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात तकरीबन 12 बजे बालू लदे हुए डंफर ने नवली गेट के पास एक विद्युत पोल को टक्कर मार दिया। जिस वजह से तार के खिंचाव से अन्य 11 खम्भे व एक ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। तारों के गिरने से निकली चिंगारी की वजह से खेतों में बचे हुए फसल अवशेष आग की चपेट में आ गयें और तकरीबन तीन बिघा खेत में भूंसा बनाने के लिए बचा गेंहू का डंठल जल कर राख हो गया। वहीं विद्युत पोल गिरने से नवली, सहड़ौली, मन्नीपुर, टिकरी, विजुलियाड़ाड, कौड़िया, तिरागाँव, बारानगर मे विद्युत सप्लाई बंद हो गयी। विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार सुबह से ही खम्भो को गाड़ने के कार्य शुरू कर दिया गया। देर रात डम्फर के टक्कर की सूचना मिलते ही विद्युत सप्लाई बंद कर दी गयी। विद्युत पोल गाड़ने का कार्य चल रहा है, शाम तक पुरा होने की संभावना है। कल तक विद्युत सप्लाई भी चालू हो जाएगी। जेई विजयशंकर।

तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ट्रांसफार्मर से टकराई

बांदा। गांव में जब कुछ टकराने की जोरदार आवाज आई तो लोगों ने देखा कि चौराहे पर एक कर ट्रांसफार्मर के पास में आकर ट्रांसफार्मर के स्टेज से जोरदार टकराई जिससे मौके पर मौजूद राहगीर बाल बाल बच गए। मामला गिरवा थाना अंतर्गत ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग का है जहां पर शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे बांदा तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई और ट्रांसफार्मर के चबूतरे से टकरा गई जब लोगों ने देखा तो कर में बैठे चालक नशे की हालत में लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने यह भी बताया कि की एक टेंपो में यात्री जो सवार थी उनको थोड़ा बहुत छेटे आई वही इस संबंध में जब गिरवा थाने के दरोगा आशीष यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हम इस मामले की जानकारी नहीं है मालूम करके बताता हूं। वही सबसे सोचने वाली बात यह है की ये कार ऐसा तो नही है चालक द्वारा किसी अन्य गांव मे भी कोई अपराध करके भागा हो जिसके चलते ये कार वाला भागने की फिराक मे हो जिसके चलते उसने पुलिस को भी सूचना नही देनी चाही । जबकी कार मे चालक समेत तीन लोग सवार थे ।

बिना पंजियन के कयी दर्जन कोचिंग हैं संचालित जिम्मेदार हैं मौन

परीक्षा पास कराने का लिया जाता है जिम्मा

दर्जनो लोगो ने शिकायती पत्र देकर कोचिंग बंद कराने के लिये फरियाद लगायी



बांदा । मुख्यालय से लेकर गांवो मे तक अवैध तरिके से कोचिंग केंद्र संचालित हुये हैं लेकिन जिम्मेदार अभी भी मौन है उनके द्वारा कोई भी उचित कार्यवाही नही की जा रही है जिसको लेकर कस्बे के लोगो ने अधिकारियो को शिकायती पत्र देकर बताया की अतर्रा नगर में मानकविहीन आधा सैकड़ा से ज्यादा बिना पंजीकृत कोचिंग संचालित हो रही है, जिनमें कोचिंग संचालकों के द्वारा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने का जिम्मा लेकर कई हजारों रुपए ऐठने का सिलसिला जारी है स कस्बे के नरैनी रोड, लखन कॉलोनी, भद्रकाली रोड, शास्त्री नगर, सोनारी गली, गणेश मंदिर के पास, बदौसा रोड राइस मिल के पास, लाई मंडी के पीछे, सिविल लाइन, बजरंग नगर, शारदा माता गली, बाउर बाजार, बिसंडा रोड, सहित अन्य जगहों पर करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा बिना मानक के कोचिंग संचालकों के द्वारा कोचिंग संचालित की जा रही है, जिनमें ज्यादातर कोचिंग बिना मानकों के अवैध रूप से संचालित हो रही हैं स कस्बे के बाशिंदे अरविंद कुमार, राजू सिंह, बबलू समेत अन्य ने बिना मानक के संचालित कोचिंग संचालकों के खिलाफ उच्चाधिकारियो से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

तीन जिला प्रबंधकों और चार अपर जिला सहकारी अधिकारियों को नोटिस जारी

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। गेहूं क्रय की अपेक्षित प्रगति न होने पर चार अपर जिला सहकारी अधिकारियों को चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही तीन क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी जारी की गई है। नोटिस में सुधार न किए जाने पर वेतन वृद्धि रोकने और निलंबन की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

प्रशासन हर हाल में सरकारी केंद्रों पर शत प्रतिशत गेहूं खरीद कराने का प्रयास कर रहा है। वहीं केंद्रों पर रोजाना 500 क्विंटल खरीद करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इसके बाद भी कुछ एजेंसियों की ओर से खरीद नहीं की जा रही है। इससे लक्ष्य पूरा होने में समस्या खड़ी हो रही है। समीक्षा के दौरान तीन क्रय एजेंसियों यूपीएसएस, पीसीएफ और पीसीयू केंद्रों पर तीन दिनों में लक्ष्य से काफी कम खरीद होना पाया गया।

इस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने यूपीएसएस के जिला प्रबंधक श्यामा प्रसाद द्विवेदी, पीसीएफ के वीरेंद्र कुमार और पीसीयू के राम केश सरोज को प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा कम खरीद पर बीसलपुर के अपर जिला सहकारी अधिकारी रामदयाल पांडे, पूरनपुर के वीरेंद्र कुमार, पीलीभीत तहसील के सुनील कुमार और अमरिया के कप्तान सिंह को भी चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। एआर डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चेतावनी में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि खरीद में सुधार न होने पर निलंबन की कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी.

फर्जी कूटरचित दस्तावेज के सहारे नौकरी दिलाने वाले जालसाज व 25000 रूपए इनामी बदमाश को एम्स पुलिस ने किया गिरफ्तार

●आरोपी ने पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने, मॉडल शाप का ठेका, नर्सिंग में एडमिशन, एमबीबीएस में दाखिला कराने के नाम पर लाखों की ठगी की

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। आर्थिक अपराध करने वाले बदमाश बेरोजगार लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का धंधा बरसों से चला आ रहा है गोरखपुर के सैनिक विहार नंदानगर के रहने वाले भास्वर शर्मा उर्फ बिट्टू पुत्र वीरेंद्र प्रताप शर्मा ने पुलिस महानिदेशक के कोटे से दरोगा भर्ती के नाम पर अवधेश जायसवाल पुत्र रामायन जायसवाल निवासी बसंतपुर से 10 लाख रुपए की वसूली की। नंदलाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र वर्मा जिला कुशीनगर से उनके लड़कों का एमबीबीएस में एडमिशन एवं पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपए लिया, अजय वर्मा पुत्र कन्हैया वर्मा जनपद देवरिया से लड़की का नर्सिंग में एडमिशन कराने के नाम पर फर्जी एडमिशन कार्ड देकर अभियुक्त भास्वर शर्मा ने 4 लाख 90 हजार और अजय वर्मा से ही शराब के मॉडल शाप दुकान का ठेका दिलाने के नाम पर जिला आबकारी अधिकारी के नाम से फर्जी दुकान का लाइसेंस देते हुए चार लाख 90 हजार रुपए वसूल लिया । इन तमाम मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी आरोपी के पर पुलिस ने ?25000 का इनाम भी घोषित किया था उप निरीक्षक अनीश कुमार शर्मा ने एसओजी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गुड़गांव हरियाणा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया । आरोपी को आज पुलिस गोरखपुर लेकर आई एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेस वार्ता करके जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फर्जी कूटरचित दस्तावेज के सहारे लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी की गई है इसके इस काम में इसके पिता का भी सहयोग करते है फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और जिसे न्यायालय भेजा जा रहा है जहाँ से उसे जेल भेज दिया जाएगा। गिरफ्तार करने गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी झरना टोला अनीश कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल राम इकबाल ,हेड कांस्टेबल करुणापति तिवारी एस ओ जी कांस्टेबल विकास कुमार यादव थाना एम्स शामिल रहे।

कन्यादान से बड़ा कोई दान नही - पप्पू पांडेय

●-बुढ़िया माई मैरेज हाल में 11 कन्याओं की हुई धूमधाम से शादी

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। जनपद के पडरौना नगर दानियों की नगर कही जाती हैं, नगर के गणमान्य नागरिकों और प्रतिष्ठित व्यवसाइक प्रतिष्ठानों के संभ्रांत व्यापारियों, मशहूर डॉक्टरों द्वारा नित नए दिन दिन दुखियों की मदद हो या शहर में विविध धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे में कन्यादान महादान में ये गणमान्य लोग कैसे चुकने वाले हैं। जी हां कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पडरौना नगर के वरिष्ठ समाजसेवी दीप नारायण अग्रवाल , सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य आयोजक पूर्वांचल किसान यूनियन के अध्यक्ष पप्पू पांडेय की सोच रही हैं कन्यादान महादान होता हैं इसी को अंगीकार करते हुए बीते चार वर्षो से सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता हैं। आयोजित कार्यक्रम को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी दीप नारायण अग्रवाल व्यवस्थापक पप्पू पांडेय ने बताया कि हमारी सोच है कि किसी भी गरीब, असहाय, निर्धन परिवार के बेटियों की शादी धनाभाव के चलते फिकी व अधूरी न रह जाए, इन बेटियों के पिता की जर-जमीन गिरवी न रखना पड़े और किसी समूह, बैंक या सूदखोर/ जमींदार से कर्ज लेकर शादी न करनी पड़े।

इसी कड़ी में अपनी सोच को साकार रखते हुए आज शुक्रवार को पडरौना जटहां रोड स्थित बुढ़िया माई मैरेज हाल से 11 कन्याओं की हिंदू रीत नित अनुसार गाजे बाजे की शानदार व्यवस्था के साथ 11 जोड़ियों की शादी संपन्न कराई गई। जिसमें आगंतुक बारातियों के स्वागत में ठंडा, नाश्ता, शुद्ध पानी, शुद्ध भोजन की बेहतरीन व्यवस्था रही, तो शादी समारोह में आए गायकों द्वारा विवाह में पारंपरिक गायन प्रस्तुत किया गया जो सुनकर बेहद सुंदर और आकर्षित सहसा मन आह्लादित हो उठा था। 11 जोड़ो की शादी में वर वधु को आशीर्वाद देने में शामिल दीप नारायण अग्रवाल, पप्पू पांडेय, राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल शिव जी जायसवाल आदि दर्जनों गणमान्य लोगों द्वारा जोड़ो की सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया। वर वधु की विदाई में बेड, सोफा, रजाई गद्दा, बर्तन, ट्राली बैग, बॉक्स मोबाइल आदि विदाई में दिए जानें वाले सामान दिए गए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बुढ़िया माई सेवा समिति के अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक शिवजी जायसवाल, पुर्वांचल किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व ग्राम प्रधान जंगल विशुनपुरा, रामविजय यादव ग्राम प्रधान, जामवंत यादव, कुमकुम तिवारी,रोशन चौधरी, जावेद आलम,चंदन पांडेय, महेंद्र यादव,अजय कुशवाहा, एम . यू . ख़ान, अम्भी चौहान, परवेज़ आलम, अख्तर अली आदि मौजूद रहे। मनोज कुमार गौड़, पूर्व ग्राम प्रधान बिंदवलिया विशुनपुरा प्रदेश महामंत्री पुर्वांचल किसान यूनियन का सराहनी योगदान रहा।

बरसात से पहले नगर आयुक्त के निर्देश पर नाले और नालियों की चल रही है साफ सफाई

●नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने प्रात काल डोमिनगढ़ नाले का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर। आगामी बरसात को देखते हुये महानगर में कही जल भराव न हो, इसलिए गोरखपुर शहर के समस्त बड़े, मझोले एवम छोटे नालों की सफाई विशेष अभियान के तहत रोस्टर बनाकर कराया जा रहा है तथा नगर निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर समुचित सफाई हेतु सफाई निरीक्षकों को निर्देशित भी किया जा रहा है। आज प्रातः 07 बजे नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा डोमिनगढ़ नाला पर चल रहे नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी अखिलेष श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि नाले का तल्लीझाड़ सफाई कराया जाये। साथ ही नाले में जो कलवर्ट बने है उसका भी विशेष सफाई कराया जाये। नाला सफाई से निकले सिल्ट/कूड़े को तत्काल मौके से हटवाया जाय। नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जेड0एस0ओ0, सफाई निरीक्षक एवं कार्यवाहक सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि सभी नालो के प्रथम चक्र का सफाई 15 मई तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाये, कोई भी नाला सफाई कार्य से वंचित न रहे। नगर आयुक्त द्वारा महानगर के सम्मानित जनता से अपील किया गया है कि जिनके द्वारा नाला/नालियो पर अतिक्रमण किया गया है वह अतिक्रमण स्वयं हटा ले जिससे नाले का सफाई कार्य संतोषजनक हो सके, तथा नाला सफाई कार्य में सफाई कर्मचारियो का सहयोग करे, जिससे बरसात में कही भी जल जमाव न हो। यदि नाला सफाई कार्य में कही कोई शिकायत हो या किसी नाले का सफाई कार्य न हो पाया हो तो इसकी शिकायत नगर निगम स्थित कन्ट्रोल रूम न0 1533 एवं 8810709390 मे दर्ज कराये, ताकि समय से उसका निस्तारण कराया जा सके।

जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति की हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में वर्षा काल 2024 वृक्षारोपण हेतु वृक्षारोपण से संबंधित विभागों के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष चयनित स्थलों के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई । उक्त बैठक में वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हित किये जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खाली पड़ी भूमि, मेडिकल कालेज, कृषि महा विद्यालय, नई सड़को की पटरियों, ताल आदि को वरीयता के क्रम में रखी जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में पूर्वजों की स्मृति में , बालिका वन,नंदन वन, ग्राम वन, लवकुश वन,सीता वन आदि नाम से लगवाए जाएं। उन्होंने पौधे के वेराइटी के सम्बंध में कहा कि फलदार, छायादार,व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लाभदायक हो उसे ही लगवाया जाएगा, उन्होंने पीपल, बरगद,बेल, पाकड़,अमरूद आदि को वरीयता के क्रम में लगवाए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम बड़े प्लाट ही चिन्हित किये जायें ताकि उसकी घेराबंदी व पानी आदि की व्यवस्था की जा सके ,इस संबंध समस्त उप जिलाधिकारी को व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे कम ही लगे परंतु उसकी देखभाल आवश्यक है, इसके लिए जिस विभाग द्वारा पौधे रोपित किये जाने हैं उस विभाग द्वारा निगरानी भी करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि फर्जी आंकड़ा या स्थल नही चलेगा, इस कार्य मे सभी अधिकारी गण रुचि लेकर कार्य करेंगे।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में वृक्षारोपण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज को दिए। तमकुहीराज स्थित रजवटिया में वृक्षारोपण हेतु स्थलीय निरीक्षण तथा अन्य व्यवस्थाओं हेतु उप जिलाधिकारी तमकुहीराज को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने पौधे की उपलब्धता के सम्बंध में प्रभागीय वनाधिकारी से जानकारी लेने पश्चात आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सभी विभागों को आगमी वृक्षारोपण कार्यक्रम को गम्भीरता से लेने तथा सभी तैयारियाँ समय से पहले पूर्ण किये जाने के सख्त निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र,उप जिलाधिकारी कसया, पडरौना, तमकुहीराज, कप्तानगंज, हाटा, सहित समस्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण व समस्त विभागों के अधिकारी सहित ईओ आदि उपस्थित रहे।

पिकप व बाइक टक्कर में घायल दोनों बाइक सवार की हुई मौत,गांव में छाया मातम

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाजार-गोरखपुर । गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत गोला उरुवा सड़क मार्ग पर सड़सडा मोड़ के पास पिकप व बाईक के जोरदार टक्कर होने से दो बाईक सवार बुरी तरह घायल हो गये थे। आसपास के व राहगीरों ने घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया जहां चिकित्सको ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिसमे एक की जिला अस्पताल व दूसरे का मेडिकल कालेज जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। प्रास जानकारी के अनुसार बनरही निवासी 35 वर्षीय राजेश यादव पुत्र स्व रामसमुझ यादव व 26 वर्षीय अनीस दूबे पुत्र बैजनाथ दूबे घर से दोपहर के बाद किसी काम से बाइक द्वारा गोपालपुर आये थे।काम हो जाने के बाद अपराह्न लगभग 3ः बजे पर घर वापस लौट रहे थे। बाईक राजेश यादव चला रहा था अभी ये लोग सड़सड़ा गेट से 100 मीटर पहले पुलिया पर पंहुचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही पिकप से बाईक का आमने सामने जोरदार टक्कर हो गया ।टक्कर से बाईक का कुछ भाग पीकअप के अंदर घुस गया। दोनो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गयें।घटना के समय आस पास मौजूद लोगों ने पीकअप को रोक लिया। साथ ही स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। दोनो घायलों को तत्काल सीएचसी गोला पहुंचाया जहां चिकित्सको ने घायलों की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार दे जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में ही अनीस की मौत हो गई और राजेश की भी जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज जाते समय मौत हो गई ।

मृतक अनीस अपने पांच भाई बहनो में तीसरे नंबर का है ।ये मुम्बई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। कुछ माह पूर्व गांव आया था । व राजेश यादव कस्बा स्थित एक दुकान पर रह कर दुकानदार का वाहन चलाता था मृतक राजेशचार भाईयों में सबसे छोटा था।घटना में अनीश व राजेश की मृत्यु से गांव मातम छाया हुआ है। इस प्रकरण पर कोतवाल गोला मधुपनाथ मिश्रा का कहना है कि मुकदमा दर्ज होगया है पिकअप भी पुलिस की गिरफ्त में है।गोला पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है।

बुद्धा पार्क में मतदान पार्टियों की रवानगी से संबंधित डीप ब्रीफिंग का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान हेतु चिन्हित मतदान स्थलों से मतदान पार्टियों की रवानगी के सम्बन्ध में मुख्य कार्मिक अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा आज मतदान पार्टी रवानगी स्थल बुद्धा पार्क व स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण एवं डीप बिफिंग किया गया।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विधानसभागार पार्टियों के रवानगी से संबंधित बनाए गए मैप का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभावार वाहनों का पार्किंग, रूट चार्ट के अनुसार वाहनों की निकासी, मतदान कार्मिकों की सुविधा हेतु काउंटर, विधानसभावार लगाए जाने वाले काउंटर/टेबल, सहित सभी व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने ईओ पडरौना को निर्देशित किया कि पंचायतीराज विभाग से सहयोग पूरे पार्क की साफ सफाई समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे, इसी प्रकार मतदान कर्मियों के वाहनों के पार्किंग के संबंध में प्रभारी अधिकारी यातायात को भी निर्देशित किया गया, तथा खाद्य पदार्थों से संबंधित एक स्टाल लगवाए जाने हेतु फूड इंस्पेक्टर के सहयोग से ईओ पडरौना को निर्देशित किया गया, ताकि कार्मिकों को खाने पीने की वस्तुओ हेतु कहीं अन्यत्र ना जाना पड़े। इसी क्रम में जिला स्टेडियम का भी निरीक्षण कर रूट चार्ट सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित को दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार, समस्त ए0आर0 ओ0/उप जिला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, पीडी, डीडीओ, डीसी मनरेगा, एडी एजी, बीएसए, ए0आर0टी0ओ0, सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

लंदन के कृष्ण का बैग तलाश कर कैंट पुलिस ने किया सुपुर्द

●विदेशी नागरिक ने गोरखपुर पुलिस को दिया धन्यवाद

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर । लंदन के रहने वाले कृष्ण गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे कि उनका ऑटो में बैग छूट गया जिसमें लैपटॉप और उनके रिसर्च के पेपर कैमरा लेंस आदि सामान थे । वह लंदन और भारत पर रिसर्च कर रहे है। बैग में उनके कीमती डॉक्यूमेंट थे। कीमती सामान बैग में छूट जाने से वह काफी परेशान थे इसकी सूचना उन्होंने कैंट थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा को दी। कैंट थाना प्रभारी रणधीर मिश्रा ने बैग की तलाश के लिए दो टीमें लगाई गई काफी प्रयास के बाद कुछ ही घंटों में कांस्टेबल संजीत यादव को खोया हुआ बैग मिल गया। बैग मिलने की सूचना पर विदेशी नागरिक के चेहरे पर खुशी देखने को मिला क्योंकि उस बैग में उसके जीवन का महत्वपूर्ण कागजात व कीमती सामान थे इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि विदेशी नागरिक कृष्ण जो लंदन के रहने वाले हैं उनका ऑटो रिक्शा में बैग छूट गया था जिसे कैंट पुलिस ने बरामद कर लिया है इसमें कांस्टेबल संजीत यादव का विशेष योगदान रहा है इसके लिए उन्हें उच्च अधिकारियों से कहकर पुरस्कृत भी कराया जाएगा।

बाइक सवार तीन लोग गिरकर घायल हो गए

- राहगीरो ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मे भर्ती कराया

बांदा। कस्बे के अतर्रा रोड के पास गाय आ जाने से बाइक सवार तीन लोग गिरकर घायल हो गए राहगीरो ने सामु स्वा केन्द्र मे भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिए । कमासिन थाना क्षेत्र के लोहारा गांव निवासी हर्ष पुत्र अनूप उम्र 22 वर्ष बहन काजल 23 वर्ष कोमल 17 वर्ष तीनों लोग बाइक से शिव गांव जा रहे थे तभी बबेरू कस्बे के अतर्रा रोड के पास गाय आ जाने के कारण गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरो ने इलाज हेतु सामु स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया यहां प्राथमिक उपचार के बाद काजल को जिला अस्पताल रेफर कर दिए।

पीड़ित के परिजनों से मिली इंडिया गठबंधन प्रत्याशी दी आर्थिक सहायता

सहजनवां/गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के बैजलपुर निवासी ओमप्रकाश गौड की गुरूवार को बेटी की शादी थी।सिलेंडर के पाइप से गैस रिसाव से आग लग गयी।पूरा पाण्डाल उसमें रखा सभी सामान व विदाई का सामन जलकर राख हो गया। वही शुक्रवार को गुलटही रामनेवास, व राम धीरज के रिहायसी झोपड़ी में आग लगने से सारा सामान जल कर खाक हो गया था। सूचना मिलते ही सपा प्रत्याशी काजल निषाद पीड़ितो के घर पहुंचकर आर्थिक सहायता दी।साथ ही अधिकारीयों से बात सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।इस दौरान पूर्व विधायक यशपाल रावत,राम नाथ गिरीश यादव अनारकली मौर्य ताज मुहम्मद चंचला निषाद पुजा निषाद दुर्गेश मास्टर राहुल त्रिपाठी रमेश यादव हरेंद्र यादव परशुराम यादव मेहराज खान मोहम्मद अली क्षेत्र पंचायत सदस्य राधेश्याम यादव गोपी कृष्ण राव विशाल गौतम छोटू मौर्य समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में मिसाइल अटैक

● रूस से तेल लेकर आ रहा था; हूतियों ने ली हमले की जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात

भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है।

अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम 5 बजकर 49 मिनट पर हुई। जहाज ब्रिटेन का है, जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था। अटैक के बावजूद जहाज अपने रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसने रूस के प्रिमोर्स्क से यात्रा शुरू की थी और ये गुजरात के वाडीनार पहुंचने वाला था।

जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए। इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा।

लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ है। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था। ईरान ने कहा था कि वे बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थे।

ईरान ने पाकिस्तान के 2 नागरिकों और भारत की एक महिला क्रू मेंबर को छोड़ दिया। जबकि बाकी 16 भारतीय अभी भी ईरान की कैद में हैं।

हूतियों ने शुक्रवार को सिर्फ भारत आ रहे जहाज ही नहीं, बल्कि अमेरिका के रूक्त-9 रीपर ड्रोन को भी अपना निशाना बनाया। हूतियों ने यमन के सादा प्रोविंस में ड्रोन को मिसाइल अटैक से मार गिराया है।

हूतियों के हमले से भारत को नुकसान

ग्लोबल ट्रेड का करीब 12% और 30% कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

भारत का 80% व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90% ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों

के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

इजराइल-हमास जंग के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में हूती विद्रोही लगातार लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। इसकी वजह से कई जहाज अपना रास्ता भी बदल रहे हैं। हूतियों के हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर अब तक 4 बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है।

अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ट्रेड पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत से यूरोप के लिए डीजल की सप्लाई पिछले 2 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसमें करीब 90% की गिरावट दर्ज की गई है। एशिया से यूरोपियन यूनियन (EU) और ब्रिटेन जाने वाले कार्गो के शिपिंग चार्ज बढ़ गए हैं।

नवंबर से कई जहाजों पर हमला कर चुके हैं हूती

फलस्तीन को अपना समर्थन दिखाते हुए, हूती विद्रोहियों ने पिछले साल नवंबर से लाल सागर, बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी में कई ड्रोन और मिसाइल हमलों को अंजाम दिया है।

यूएसएस ड्वाइट डी आइजनहावर विमानवाहक पोत वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन की सहायता करने के बाद शुक्रवार को स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर से रवाना हुआ। शुक्रवार को हूती विद्रोहियों ने यमन के सादा प्रांत में एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया था।

आवश्यकता है
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्कता है!
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
www. swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है!
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें -
95111 51254, 7526041253
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www. swatantraprabhat.com

संक्षिप्त ख़बरें

थ्रेसर में हाथ जाने से वृद्ध घायल

दुर्घटना/हादसा

शिकोहाबाद। गेहूं की फसल की थ्रेसिंग करते समय अचानक वृद्ध का हाथ थ्रेसर मशीन में चला गया। जिससे उसका एक हाथ बुरी तरह से कट गया। हादसे के बाद चीख पुकार सुन मशीन बंद कराई, लेकिन तब तक वृद्ध का हाथ बुरी तरह से कुचल गया। घायल वृद्ध को परिजन उपचार के लिए अस्पताल लाए। शनिवार दोपहर एक बजे के करीब थाना खैरगढ़ के गांव बनवीरपुर कुढ़ी निवासी रतिराम 70 अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई के बाद शनिवार को थ्रेसिंग करा रहे थे। जब वह गेहूं की थ्रेशिंग करा रहे थे, तभी अचानक उनका एक हाथ मशीन में चला गया। घटना के बाद वृद्ध के पौत्र नितिन उनको लेकर अस्पताल आया। यहां से घायल वृद्ध को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शनिवार दोपहर की घटना है।

नरहो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी- अश्वनी जैन

सिरसागंज- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी एवं जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान से सम्बंधित स्लोगन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने मतदान से सम्बंधित जन जागरूक संदेश क्रमशः नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी, अपना अमूल्य वोट देकर, बने देश के भविष्य मेकर, वोट हमारा है अनमोल, कभी न लेंगे इसका मोल, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता,लोकतंत्र का महा महोत्सव, सोच समझकर करें मतदान, आधी रोटी खाएंगे, वोट डालने जाएंगे, मतदान है आपका अधिकार, क्योंकि यह है लोकतंत्र की शान, पहले मतदान, फिर जलपान, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें चलकर मतदान, छोड़ो पहले सारे काम, पहले चलों करे मतदान, देश की तरक्की का ध्यान करें, घर से निकलकर मतदान करें, देश के विकास में दे योगदान, हर हाल में करें अपना मतदान, छोड़कर सारे काम,07 मई को करें मतदान आदि के स्लोगन प्रदर्शित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीपक कुमार, जतिन यादव आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

मतदान महापर्व के दूसरे चरण में करीमगंज संसदीय सीट पर मतदान का दौर समाप्त

● मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न।

स्वतंत्र प्रभात

असम करीमगंज, 26 अप्रैल (शुक्रवार) को पूरे देश के साथ असम के करीमगंज संसदीय क्षेत्र में भी मतदान समाप्त हो गया। चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर लोगों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया. सुबह सूरज उगते ही महिला-पुरुष मतदान उत्सव के लिए निकले। वैसे तो वोटिंग का दौर सुबह 7 बजे से शुरू हुआ, लेकिन लोग वोट डालने के लिए करीब 6-30 बजे से ही मतदान केंद्र पर आ गए. वोट देने के लिए लाइन में खड़े रहे और लगभग हर जगह मतदाताओं ने बिना डरे वोट डाला. खासकर राताबाड़ी, पाथारकांडी और दक्षिण करीमगंज निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतदान केंद्रों पर 70 से 80 फीसदी तक वोट डाले जाने की जानकारी है. फकुआ एरालिगुल, बिनोदिनी, जुरबाड़ी, डेफलाला, लक्षीपुर, दोहलिया, अनिपुर, रामकृष्णनगर, दुल्लभछड़ा, इन क्षेत्रों के मतदाताओं ने अपना उत्साह व्यक्त किया। कई अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों में वोट डालने निकले मतदाताओं ने कहा कि मतदान का दौर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इन इलाकों में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. हालांकि, गर्मी का प्रकोप बढ़ने से मतदाताओं ने बेचैनी व्यक्त की। कई अन्य लोगों ने कहा कि गर्मी के मौसम के बावजूद तूफानी बारिश नहीं हुई, इसलिए बड़ी संख्या में मतदाता बिना किसी झिझक के मतदान में भाग ले सके. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के विकास कार्यों को देखकर कई मतदाताओं ने भाजपा उम्मीदवार कृपानाथ मालाह को भी वोट दिया. उन्होंने इस बार विकास के लिए भाजपा को वोट दिया। हालाँकि, कुछ जागरूक मतदाताओं का मानना ??है कि नए और पुराने नेतृत्व के बीच खींचतान के कारण भाजपा के वोट संख्या में कुछ कमी आई है। हालाँकि, उनकी राय थी कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक मतदाता कांग्रेस के पक्ष में गए और ऐआईडीएफ़ के पक्ष में कम वोट पड़े।

हादसे में पिता-पुत्री घायल

फिरोजाबाद। आगरा क्षेत्र के थाना बाह के गांव चौरंगा हार निवासी दिलीप (50) अपनी पुत्री बेशाली (20) को जेएस कॉलेज में परीक्षा दिलाने बाइक से आ रहे थे। जब उनकी बाइक छटनपुरा के समीप पुहंची, तभी अनियंत्रित ट्रेक्टर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे पिता-पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद चालक ट्रेक्टर को लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता-पुत्री को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दोनों को रेफर कर दिया। चौरंगा हार निवासी दिलीप की बेटी बेशाली जेएस से अपनी ग्रेजुएशन कर रही है। उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को बेशाली अपने पिता के साथ बाइक से पेपर देने आ रही थी। जब उनकी बाइक छटनपुरा के समीप दोपहर सवा एक बजे पहुंची तभी तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर ने उन्हें रौंद दिया, जिससे दोनों पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को लेकर भाग गया। वहं घटना के बाद लोगों की भीड़ एकित्रत हो गई। सूचना पर थाना नसीरपुर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने घायल पिता-पुत्री को अस्पताल भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई और परिजन फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हो गये।

बेलगाम ई-रिक्शाओ पर चुनाव बाद बडा एक्शन

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में लोकसभा के चुनाव के बाद बेलगाम दौड रहे ई-रिक्शाओं के खिलाफ परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस बड्ा एक्शन लेने जा रही है। दरअसल कोर्ट ने एक वकील की दायर याचिका पर दो दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी परिवहन विभाग को ई-रिक्शा चालकों पर लगाम कसने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने परिवहन विभाग को बाकायदा अगली तारीख पर एक्शन टेकन रिपोर्ट तक लाने को कह दिया है। इससे परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस बडे एक्शन लेने की तैयारी कर रही है। बता दें कि इस वक्त बिना रजिस्ट्रेशन और फिटनेस के लाखों ई-रिक्शा सडकों पर बेलगाम दौड रहे है। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली की अथॉरिटी में ई-रिक्शाओ का रजिस्ट्रेशन कुछ हजारों में है। जबकि बिना रजिस्ट्रेशन और, लाइसेंस के ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की जेब गर्म कर लाखों की संख्या में ई-रिक्शा सडकों पर बेतरतीब बिना कायदे - कानून के दौड रहे हैं। बिना फिटनेस, और रजिस्ट्रेशन के जर्जर हालत में 5-5 सवारियों को ढो रहे हैं। इन रिक्शाओं की बावत गाइड लाइन के अभाव में ये किधर भी कहीं के रूट को पकड लेते हैं। फिटनेस की बावत ई-रिक्शा चालक ने बताया कि सालाना फिटनेस में 40 से 50 हजार का खर्च आता है। इतने में दूसरा रिक्शा ले सकते हैं। इसी खर्चे के मद्देनजर इस वक्त लाखों रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन और फिटनेस के सड्कों पर चल रहे हैं। ट्रैफिक दबाव के बीच बेलगाम ई-रिक्शाओं के आने से ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। इसका सबसे ज्यादा फायदा पर्यावरण अनुकूल होने के साथ लाखों बेरोजगार लोगों के परिवार इसी ई-रिक्शे से पल रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि बिना कायदे कानून की वजह से मनमाना किराया वसूलना आम बात हो गई है। डेढ से दो किलोमीटर सफर के 100 रूपये तक वसूले जा रहे है। परिवहन विभाग के सूत्रों के मुताबिक नए ई-रिक्शाओं के रजिस्ट्रेशन की बावत बाकायदा ई-रिक्शा डीलरों को हिदायत है कि वह बिना रजिस्ट्रेशन के ई रिक्शाओं को सेल नहीं करेंगे। इसके लिए बाकायदा दिल्ली की ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी को ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन कोड अलर्ट किए गए हैं। क्षेत्रीय अथॉरिटी कोड के मुताबिक खैबर पास सिविल लाइन जोन का रजिस्ट्रेशन कोड 01 है। आईपी डिपो जोन -02 है। सराय काले खां जोन - 06,मयूर विहार- जोन 07 ,वजीर पुर जोनल कोड-08,द्वारका जोनल कोड-09, राजा गार्डन जोन-010, रोहिणी जोन-011, वसंत विहार जोन-012,सूरजमल विहार अथॉरटी जोन-13 हैरिवह अथॉरटी जोन का कोड नंबर रजिस्ट्रेशन का पहला नंबर होता है। इससे ई-रिक्शे की क्षेत्र के मुताबिक पहचान की जा सकती है। दूसरा रूट परमिट अलॉट होने के बाद इ-रिक्शा सिर्फ अपने अधिकार क्षेत्र के रूट पर ही चल सकेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने इ-रिक्शाओ के परिचालन पर भी परिवहन विभाग को निर्देश दिए थे। अब दो दिन पहले ही इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी बेलगाम-बेतरतीब ट्रैफिक के बीच ई-रिक्शा के परिचालन कंट्रोल पर परिवहन विभाग को निर्देश दिए थे। इस हिसाब से चुनाव के बाद बडे पैमाने पर ई-रिक्शाओ पर लगाम लगाने की बावत बडा एक्शन लिए जाने की संभावना है।

2 किलो गांजा सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को 2 किलोग्राम गाँजा सहित गिरफ्तार किया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मौहम्मद शाहनवाज पुत्र मौहम्मद सलीम को 02 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ कोहिनूर रोड तिराहे से 50 कदम सैलई पुलिया की तरफ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे सें नाजायज गांजा की बरामदगी के आधार पर थाना रामगढ़ पर एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

निजी संपत्ति पर किसका अधिकार, सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई पर अब तक क्या हुआ?

● निजी संपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट जिस मामले में सुनवाई कर रही है, वो केस संख्या- 1012/2002 से जुड़ा हुआ है. इसमें प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन और अन्य वादी हैं. महाराष्ट्र सरकार प्रतिवादी.

स्वतंत्र प्रभात

क्या आपके घर, जमीन या किसी निजी संपत्ति (प्राइवेट प्रॉपटी) को सरकार अपने हिसाब से उपयोग कर सकती है? देश की सर्वोच्च अदालत 22 साल बाद फिर से इस सवाल का जवाब ढूंढ रही है.

सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक बेंच इस पूरे मामले की सुनवाई कर रही है. कोर्ट इस मामले में 2 सवालों का जवाब तलाश रही है, जिसे इस मुद्दे का आसानी से हल निकाला जा सके.

निजी संपत्ति का यह केस कोर्ट कैसे पहुंचा?

महाराष्ट्र में 1986 में राज्य की सरकार ने एक कानून के तहत जमीन और घर को प्राप्त करने के लिए महाराष्ट्र हाउसिंग एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी (MHADA) के नियमों में एक बदलाव किया. महाराष्ट्र में हाउसिंग एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी एक विभाग है, जो प्रॉपटी से जुड़े कामकाज को देखती है.

इसके मुताबिक मकान में रहने वाले 70 प्रतिशत लोग अगर अनुरोध करते हैं तो सरकार उस मकान या जमीन को अधिग्रहित कर सकती है. मुंबई में यह उस वक्त एक बड़ा मसला बन गया था.

सरकार का कहना था कि हम इन मकानों को नीति के तहत जरूरतमंद लोगों को देंगे. इस कानून के खिलाफ कई लोगों ने कोर्ट में याचिका दाखिल की. यह मामला 1992 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तब से मामला उच्च न्यायालय में ही है.

2 सवालों का जवाब ढूंढ रही है सुप्रीम कोर्ट

निजी संपत्ति के इस केस में सुप्रीम कोर्ट 2 सवालों का जवाब ढूंढ रही है. इनमें पहला सवाल है, क्या कंपनी अथवा निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जा सकता है?

दूसरा सवाल इन मामलों में समुदाय को परिभाषित करना है. सुप्रीम कोर्ट के इन 2 सवालों की जद में संविधान के अनुच्छेद 39(B) और 31(C) है. कोर्ट सुनवाई में यह देखेगा कि संविधान के इस अनुच्छेद कितना औचित्य है?

अनुच्छेद 39 (B) में कहा गया है कि राज्य अपनी नीति से यह सुनिश्चित करेगा कि 'समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार वितरित किया जाए जो आम लोगों की भलाई के लिए सर्वोत्तम हो'.

अनुच्छेद 31 (C) 1971 में संसोधन कर लाया गया है. इसे लाने का मकसद यह था कि अनुच्छेद 39 (बी) और 39 (सी) का अदालत में अनुच्छेद 14 (समानता) और 19 (स्वतंत्रता) से किया जा सके.

9 जजों की संवैधानिक बेंच के पास है केस

इस मामले की सुनवाई 9 जजों की संवैधानिक बेंच कर रही है, जिसमें सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सुधांशु धूलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं.

यह मामला 2001 में 7 जजों की बेंच के सामने गया था, जिसके बाद 2002 में इसे वापस 9 जजों के पास भेजा गया, लेकिन उस वक्त समय और परिस्थिति की वजह से इस मामले में बेंच गठित नहीं हो पाई थी.

2024 में सीजेआई चंद्रचूड़ के कहने पर 9 जजों की बेंच बनाई गई, जो विस्तार से यह देखेगी कि इस मामले का कैसे हल निकाला जा सकता है?

सुप्रीम सुनवाई में अब तक क्या-क्या हुआ है?

इस मामले में अब तक 3 दिन की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो चुकी है. केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पक्ष रहे हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में अब तक जो सबसे अहम टिप्पणी की है, वो इस प्रकार है- यह कहना गलत होगा कि सरकार किसी निजी संपत्ति का अधिग्रहण नहीं कर सकती है. अगर हम ऐसा कहते हैं तो यह अतिवाद होगा.

आगे पढ़िए सुनवाई में और क्या-क्या हुआ है?

अटॉर्नी जनरल- जब संविधान बना, तब बहुत सारे बाहरी और आंतरिक फैक्टर्स थे. इसलिए अब मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक तत्व को 2 विपरीत ध्रुव नहीं मान सकते हैं.

चीफ जस्टिस- क्या कोई कार या सेमीकंडक्टर या मोबाइल का उत्पादन करने वाला निगम समुदाय के भौतिक संसाधनों का गठन करेगा?

अटॉर्नी जनरल- यूटोपियन या समाजवादी विचारधाराओं से उधार लिए गए सार्वजनिक भलाई के संसाधनों का प्रारंभिक ध्यान कारखानों या भूमि जैसी मूर्त संपत्तियों तक ही सीमित रहा होगा.

खासकर 18 वीं और 19 वीं शताब्दी में. संसाधन का सही अर्थ हमेशा राज्य की जनहित जिम्मेदारी पर केंद्रित होगा.

कोर्ट- समुदाय की व्याख्या आप कैसे करते हैं, किसे समुदाय आप मानते हैं?

अटॉर्नी जनरल- समुदाय एक राष्ट्र हो सकता है या राष्ट्र का एक हिस्सा. यह एक भौगोलिक क्षेत्र जहां लोगों का जीवन जीने का एक व्यवस्थित तरीका है, एक समुदाय है.

जस्टिस नागरत्ना- संविधान की प्रस्तावना में 3 न्याय (सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक) को शामिल किया है. इसलिए संविधान द्वारा तय किए गए इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास अनुच्छेद 39 है.

कोर्ट- क्या कंपनी अथवा निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जा सकता है?

अटॉर्नी जनरल- अनुच्छेद 39 बी हमेशा से सभी राजनीतिक और आर्थिक? सिद्धांतों से स्वतंत्र रहा है. संसाधनों और जरूरतों के बारे में समाज की व्याख्या समय के साथ परिपक्व होती रहती है, ऐसे में अनुच्छेद 39बी को आर्थिक चश्मे से देखना गलत होगा.

जस्टिस बिंदल- 31 (C) पहले ही रद्द हो चुका है. क्या प्रावधान रद्द होने के बाद संसद संशोधन, हटाने, जोड़ने आदि करने के लिए भी बाध्य हैं?

एड. अंध्यारुजिना- इसको लेकर चीफ जस्टिस ने भी एक बार कहा था कि रद्द किए गए कानून किताबों में इटैलिक शब्दों में लिखे होंगे, जो यह संकेत देंगे कि इसे रद्द कर दिया गया है. यह सिर्फ जानने और पढ़ने के लिए रखा गया है. इस केस में अभी और सुनवाई होनी है, इसके बाद सुप्रीम कोर्ट इस पर फाइनल फैसला देगा.